लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 205, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 15 जून 2025




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :11



ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित...16

**नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारी**

# राजस्थान के महेश टॉपर, मप्र के उत्कर्ष को दूसरी रैंक

## लड़कियों में दिल्ली की अविका अव्वल, 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख उत्तीर्ण, यूपी के 1.70 लाख अभ्यर्थी हुए सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

राजस्थान के महेश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया।

अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किए हैं। नीट-स्नातक में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या के संदर्भ में देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। एनटीए हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करती है। एमबीएसएस पाठ्यक्रम के लिए कुल 1,08,000 सीटें उपलब्ध हैं जिनमें सरकारी अस्पतालों में लगभग 56,000 और निजी कॉलेजों में लगभग 52,000 सीटें हैं।



महेश कुमार



उत्कर्ष अवधिया

### प्रदेश में पांचवें स्थान पर बरेली के यशस्वी

**बरेली।** नीट में बरेली के यशस्वी कुमार ने पांचवां स्थान हासिल किया है। यशस्वी ने 650 अंक हासिल किए हैं और उनकी आल इंडिया रैंक 75 है। सीबीगंज निवासी यशस्वी दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और उनके पिता डॉ. राजेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनकी सफलता पर उनके परिजनों और स्कूल वालों ने बधाई दी।



यशस्वी कुमार

# राम की पैड़ी की तर्ज पर मथुरा वृंदावन में बनेगी श्रीकृष्ण पैड़ी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- 100 करोड़ रुपये की लागत से पैड़ी का होगा निर्माण

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर के सामने अयोध्या की राम की पैड़ी की तर्ज पर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कृष्ण की पैड़ी का निर्माण कराया जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग को इसके लिए धनराशि तय कर उसी के अनुसार प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या में राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है, जो धार्मिक महत्व के लिए जानी जाती है।

सिंह ने बताया कि परिक्रमा क्षेत्र में डेढ़ किमी लम्बे यमुना घाटों का पुनरुद्धार किया जाएगा, जिससे वृन्दावन में यमुना के घाटों का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।

# आतंकी साजिश : एनआईए ने मप्र-राजस्थान में छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ एनआईए का एक्शन, छापेमारी में कुछ डिजिटल उपकरण जब्त

एनआईए ने मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) की आतंकी साजिश की जांच के लिए शनिवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत भोपाल में तीन और राजस्थान के झालावाड़ में दो स्थान पर छापे मारे। यह छापेमारी एनआईए द्वारा दर्ज किए गए एक मामले के तहत की गई है।

बता दें कि एनआईए ने भारत में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी समूह और संगठनों को खत्म करने के अपने प्रयासों के तहत मामला दर्ज किया था, जो संवेदनशील मुस्लिम युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने की एचयूटी की साजिश से संबंधित है। एनआईए ने कहा कि युवाओं को भारत की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और शरिया कानून द्वारा शासित एक इस्लामिक सरकार स्थापित करने के मकसद से हिंसा फैलाने के प्रेरित किया जा रहा था।

# मोबाइल लेकर भागा बंदर, पीछा किया तो युवक की गिरकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पीछा करने पर बंदर ने दी थी घुड़की बदांयू के गांव धरैहरा का मामला

**अमृत विचार :** शहर से लेकर गांवों तक बंदरों का आतंक है। बंदरों की वजह से एक और युवक की मौत हो गई। बंदर युवक का मोबाइल छीनकर भागने लगा तो युवक ने पीछा किया। इस बीच बंदर ने घुड़की दी। युवक डर के कारण पीछे हुआ और छत से गिरकर उसकी मौत हो गई।

मामला उघैती थाना क्षेत्र के गांव धरैहरा का है। गांव निवासी छोटे लाल (30) पुत्र विजय सिंह गर्मी ज्यादा होने की वजह से शुक्रवार रात घर की छत पर सोए थे। चारपाई पर पास में उनका मोबाइल फोन रखा था। परिजनों के अनुसार, सुबह तकरीबन साढ़े 5 बजे बंदरों का झुंड आया और उनका मोबाइल फोन उठाकर ले गया। खटपट की आवाज से छोटे लाल की नींद खुल गई। वह अपना मोबाइल फोन लेने के लिए छत पर बंदर के पीछे भागे। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उन्हें घेर लिया और घुड़की दी। छोटे लाल डरकर खुद को बचाने को पीछे हुए और छत से नीचे जा गिरे। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर पहुंचे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह छोटे लाल ने दम तोड़ दिया।

# कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर मिलेगा 1 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- यह सुविधा सिर्फ यूपी के लोगों को, योगी सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने दी मंजूरी

**अमृत विचार:** श्री कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वालों को योगी सरकार एक लाख रुपये आर्थिक सहायता देगी। राज्यपाल की मंजूरी के बाद धर्मार्थ कार्य विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार यात्रा पूर्ण करने के 90 दिन के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यह सुविधा केवल यूपी के मूल निवासियों के लिए है। विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में शामिल होने वालों के अलावा जो अपने व्यक्तिगत श्रोतों से और प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से भी यात्रा पूरा करेंगे वे सभी एक लाख रुपये अनुदान के पात्र होंगे। शर्त यह होगी कि यात्रा पूरा करके लौटने के बाद 90 दिन के भीतर वेबसाइट www.updharmarthkarya.in पर हर हाल में आवेदन करना होगा। आवेदन में अपनी फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट व वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र समेत अन्य अभिलेख अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होंगे। आवेदन पत्र का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय लखनऊ करेगा। सब सही पाए जाने पर अनुदान राशि सीधे बैंक खाते भेज दी जाएगी। जीवन काल में एकबार ही अनुदान मिलेगा। किसी की मृत्यु होने की दशा में पत्नी-पति या आश्रित के आवेदन की जांच-पड़ताल के बाद अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाएगी।

### यात्रा भवन के लिए 73.58 लाख दिए

गाजियाबाद के इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन के संचालन और उपकरणों को क्रियाशील करने के लिए कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम को 73 लाख 58 हजार 205 रुपये का बजट दिया गया है। आधी धनराशि पहले ही दी गई थी, शेष 36 लाख 79 हजार 102 रुपये की धनराशि शासन ने मंजूर की है।



## आज का मौसम

बादल छाए रहने या हल्की बारिश के आसार

40.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा रात 8 बजे से।
- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विंडरमेयर में दो दिवसीय नाटक समारोह शाम 7 बजे।
- गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर संगत की ओर से कीर्तन गुरुद्वारा इज्जतनगर में सुबह 10 बजे।
- आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में दोपहर 1 बजे।
- मारवाड़ीगंज स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में नौका विहार उत्सव शाम 5 बजे।
- ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मंडलीय सम्मेलन नेहरू युवा केंद्र सुबह 11 बजे।
- यूपीपीसीएल फ्रेंड्स क्लब के चतुर्थ वार्षिक उत्सव पर कार्यक्रम रोटरी भवन में शाम 4 बजे।
- पैगाम ए इंसानियत की ओर से 18 तालीमी कॉन्फ्रेंस आईएमए में सुबह 9:30 बजे।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट बरकरार फाल्ट-ट्रिपिंग की समस्याओं का अंबार

### शहर के कई इलाकों में फेस नहीं आने से लेकर लो वोल्टेज की बनी रही समस्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बिजली संकट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। शनिवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे। इसके अलावा कहीं फेस नहीं आने तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या रही। लोगों ने हेल्पडेस्क पर शिकायत की लेकिन समय पर समाधान नहीं हो सका।

सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के विकास भवन रोड पर शनिवार रात 8 से 9 बजे तक फेस नहीं आने की समस्या रही। वहीं सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन पर जंपर उड़ जाने से बिजली का संकट रहा। शाम को कुतुबखाना सबस्टेशन के इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। वहीं आलमगीरीगंज में लोकल फाल्ट हो गया। सीबीगंज सबस्टेशन के स्वालेनगर, खलीलपुर, स्लीपर रोड आदि जगह पर भी लोकल फाल्ट हुए। हरुनगला सबस्टेशन के बन्नूवाल नगर में वोल्टेज कम आने से उपभोक्ता गर्मी में परेशान हुए। वार्ड नंबर 75 के पार्षद सादिक अंसारी ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे एजाजनगर गौटिया में बिजली के पोल में आग लग गई। तार जल जाने से करीब 20 घरों की आपूर्ति पांच घंटे तक बाधित रही। शाम 6 बजे कुतुबखाना सबस्टेशन के चौक बाजार में बंच केबल में आग लगने से आपूर्ति बाधित हो गई। शाम पांच से 6 बजे तक 100 फुटा रोड पर तार टूट जाने से आपूर्ति बाधित रही। किला और कोहाड़ापीर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी फेस नहीं आने की समस्या रही। सुभाषनगर सबस्टेशन के करगैना में सावित्री इंटर कॉलेज के पास पोल बॉक्स में आग लग जाने से शाम 4 से 6 बजे तक बिजली गुल रही। दोपहर 3 बजे ग्रीन पार्क में ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से बिजली गुल हो गई। उपभोक्ताओं ने उसकी शिकायत की लेकिन तीन घंटे तक कर्मचारी उसे ठीक करने के लिए नहीं पहुंचे। हरुनगला के निर्माणनगर में शुक्रवार रात 9 बजे से शनिवार की दोपहर तक संकट बना रहा। वहीं शनिवार सुबह 11 बजे कमल टाकिज फीडर ब्रेकडाउन में होने से बिजली गुल हो गई।



फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

### मार्निंग रेड में पकड़े 77 बिजली चोर, रिपोर्ट

**बरेली,अमृत विचार :** बिजली चोरी रोकने के लिए शनिवार सुबह मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में मार्निंग रेड की गई। जिसमें 77 जगह टीम ने बिजली चोरी पकड़ी। चोरी करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्रामीण क्षेत्र के प्रथम, द्वितीय, आंवला और बहेड़ी डिवीजन में अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में हाई लाइन लॉस एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड और कांबिंग की गई। इस दौरान 659 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए गए, जिसमें 43 का विद्युत भार बढ़ाया गया और 38 उपभोक्ताओं के मीटर बदले गए। इसके अलावा 56 मकानों में बिजली चोरी पकड़ी गई। बकाया बिजली बिल होने पर 237 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। इस दौरान 7 .20 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई। इसके अलावा विद्युत नगरीय वितरण मंडल शहर में भी चेकिंग के दौरान 115 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए। जिसमें 21 लोगों पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### टीम पर बिजली चोरी के मामले छोड़ने का आरोप

शहरी क्षेत्र की विजिलेंस टीम पर शनिवार सुबह मार्निंग रेड में बिजली चोरी पकड़ने के बाद पैसे लेकर छोड़ने का आरोप लगा है। बताया गया कि टीम ने अशरफ खां छावनी और सुभाषनगर में करगैना के पास चेकिंग की। जिसमें वाटर प्लांट समेत कई जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। सीओ विजिलेंस के पास शिकायत पहुंची कि टीम ने कई उपभोक्ताओं से लेनदेन करने के बाद मामले को रफादफा कर दिया। शिकायत में कहा गया कि कंप्यूटर आपरेटर टीम के साथ हर रोज चेकिंग करने के लिए जाता है। उसके बाद वह चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के नाम एक डायरी में नोट करके उन्हें थाने बुलाकर लेनदेन करके मामलों को रफादफा कर देता है। सीओ विजिलेंस मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कराई जा रही है। जांच में आरोप सही पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। कंप्यूटर आपरेटर की पहले भी कई बार शिकायत मिल चुकी है।

# सप्ताह भर बारिश के अनुमान के बीच भीषण गर्मी का कहर





गमछे और दुपट्टे से खुद को भीषण गर्मी से बचाते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.9 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**अमृत विचार:** जिले में सप्ताह भर के बारिश के कहर के बीच गर्मी का कहर जारी है। शनिवार को दिन में तेज धूप खिलने से पारा चढ़ गया। दिन के साथ रात में भी गर्मी से लोग परेशान हो गए। मौसम विभाग ने सप्ताह भर बादल छाए रहने और हल्की बारिश का अनुमान जताया है।

अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम 40.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 28.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा में नमी सुबह 56 प्रतिशत और शाम को 62 प्रतिशत दर्ज की गई।आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज होगा। वहीं, सोमवार से बुधवार तक अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज होगा।

# हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे पशु, श्वानों की संख्या अधिक

**बरेली, अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी और लगातार चढ़ते पारे का असर पशुओं पर भी दिखने लगा है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के रेफरल पॉली क्लिनिक में एक सप्ताह के भीतर दर्जन भर से अधिक पशु हीट स्ट्रोक की समस्या के चलते लाए गए। इनमें सबसे अधिक मामले पालतू कुत्तों ( श्वानों) के देखने को मिले हैं।

पशु चिकित्सकों के अनुसार लू लगने से पशुओं में तेज बुखार, शरीर में कंपन, सुस्ती और भोजन छोड़ने जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। समय रहते इलाज न मिलने पर यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है। अधिकतर मामले दोपहर के समय खुले में घूमने वाले पशुओं के सामने आ रहे हैं, खासकर कुत्ते जो गर्मी में बाहर घूमते रहते हैं या छायाविहीन स्थानों पर बंधे रहते हैं। रेफरल पॉली क्लिनिक के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि गर्मी के मौसम में जानवरों को छायादार और हवादार स्थानों में रखने की जरूरत है। उनके लिए साफ और ठंडा पानी उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए। पालतू जानवरों को सुबह या देर शाम ही घुमाने के लिए ले जाएं। पशुओं को धूप में बाहर निकलने से बचें।




# एलाइमेंट सर्वे के लिए 24 को आएगी टीम

- शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे में जुड़ेगा बरेली, कार्ययोजना हो चुकी है तैयार

**बरेली, अमृत विचार:** शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे के एलाइमेंट सर्वे के लिए 24 जून को अधिकारियों की टीम बरेली आएगी। यह एक्सप्रेस-वे लखनऊ, सीतापुर, बरेली और मेरठ होकर शामली तक जाएगा।

एनएचएआई के पीडी सौरभ चौरसिया ने बताया कि शामली-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे बरेली से होकर गुजरना प्रस्तावित है। कंसल्टेंट के साथ कई दौर की बैठक में इसकी कार्ययोजना तय की जा चुकी है। तीन एलाइनमेंट पर शुरुआती सहमति बनने के बाद अलग-अलग डीपीआर तैयार कराई जा रही हैं। इन पर कितने पुल, ओवरब्रिज और फ्लाईओवर की जरूरत होगी, कंसल्टेंट फर्म इसका सर्वे कर रही है। इनमें से एक डीपीआर को अंतिम रूप दिया जाना है। इससे पहले 24 जून को अधिकारी और इंजीनियरों की टीम बरेली आकर एलाइमेंट का सर्वे करेगी। फिर एनएचएआई अलग-अलग जिलों में प्रशासन के माध्यम से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करेगा। पीडी के मुताबिक एक्सप्रेसवे का निर्माण दो हिस्सों में होना है। पहला हिस्सा शामली से पुवायां की दूरी करीब 350 किमी होगी। दूसरे भाग में पुवायां से गोरखपुर के बीच दूरी करीब 300 किमी होगी। दोनों भाग के लिए अलग-अलग कंसल्टेंट काम कर रहे हैं। अभी शामली से पुवायां के बीच एलाइनमेंट पर काम चल रहा है। जून में बरेली में भी एलाइमेंट सर्वे पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद डीपीआर शासन को भेजी जाएगी।

# 130 वाहन चालकों के अब लाइसेंस होंगे निरस्त

- 2 जून को आरटीओ ने 130 वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर भेजे थे नोटिस
- 42 वाहन मालिकों ने भेजा चालकों का ब्योरा इनके लाइसेंस किए जा रहे निरस्त

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने वाहनों के पंजीकरण निरस्त करने के बाद अब लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक पिछले दिनों 130 वाहनों के पंजीकरण निरस्त किए गए थे। इन वाहनों के 20 या उससे अधिक चालान हैं। इन सभी वाहनों के मालिकों को वाहन चलाने वालों का पता लगाने के लिए नोटिस जारी किए थे, जिसमें 42 लोगों ने वाहन चलाने वालों का ब्योरा दे दिया है। इनका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शेष बचे वाहन मालिक अगर 20 जून तक वाहन चलाने वाले की जानकारी नहीं देंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहनों का यातायात पुलिस ने 2 जून को आरटीओ कार्यालय ब्योरा भेजा था। जिसमें 130 दो पहिया वाहन ऐसे थे जिनके 20 या उससे अधिक चालान थे। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और निर्धारित शमन शुल्क नहीं भरने पर यह मोटरयान अधिनियम के तहत आरटीओ ने इनके पंजीकरण तीन माह के लिए निलंबित कर दिए गए थे। इसके साथ ही कौन वाहन चला रहा था, उनका लाइसेंस नंबर क्या है, इसकी जानकारी के लिए वाहन मालिकों को नोटिस भेजे गए।

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार ने बताया कि जैसे-जैसे वाहन चलाने वालों की रिपोर्ट मिली रही उनके लाइसेंस निरस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा परिवहन विभाग के रडार पर अभी कई हजार वाहन हैं, जिनके 50 से अधिक चालान हैं। इन वाहनों के पंजीकरण और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू होगी।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सैर सपाटा भागदौड़ भरी जिंदगी में ब्रेक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 205, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** | 37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 :11


बरेली, रविवार, 15 जून 2025



ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप...16


# देश को मिले 419 जांबाज अफसर



आईएमए में शनिवार को भव्य पासिंग आउट परेड में जेंटलमैन कैडेट्स।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- आईएमए देहरादून में भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न, नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए

**अमृत विचारः** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश की सेना के अंग बन गए। साथ ही नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी।

सुबह 6:38 बजे मार्कर्स कॉल के साथ परेड का शुभारंभ हुआ। इसके बाद कंपनी सार्जेंट मेजरों ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह संभाली। 6:42 बजे एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस बार की पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसंबर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

## मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सली मारे गए

बालाघाट (मप्र), एजेंसी

- मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़, ग्रेनेड लॉन्चर समेत अन्य हथियार बरामद

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गएघटनास्थल से ग्रेनेड लांचर, एक एसएलआर, दो .315 बोर राइफल, अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है। उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं।

## उप्र में इसरो का पहला सफल परीक्षण, रॉकेट ने 1.1 किमी भरी उड़ान

- वैज्ञानिकों ने छात्रों के साथ मिलकर किया परीक्षण

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुहीराज तहसील में शनिवार को एपी बांध के जंगलीपट्टी गांव के समीप इसरो ने रॉकेट लॉन्चिंग परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इसरो के वैज्ञानिकों की उपस्थिति में थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से रॉकेट लांचिंग का परीक्षण किया गया जो राज्य में पहली बार रॉकेट के जरिए उपग्रह लॉन्च करने का मामला है। रॉकेट ने शाम को पांच बजकर 14 मिनट 33 सेकंड पर उड़ान भरी और जमीन से 1.1 किमी की दूरी तय की। लांचिंग का भी पूर्वाभ्यास किया गया। इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने कहा, रॉकेट को 5 :14 बजे और 33 सेकंड पर लॉन्च किया गया, जो 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। इसके बाद एक छोटा उपग्रह बाहर आया और जैसे ही यह पांच मीटर नीचे गिरा, इसका पैराशूट सक्रिय हो गया और उपग्रह 400 मीटर की दूरी पर जमीन पर उतर गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 15 किलोग्राम का रॉकेट भी सुरक्षित रूप से नीचे उतर गया। यह परीक्षण अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एक बड़े आयोजन की प्रस्तावना थी, जिसमें युवाओं द्वारा बनाए गए लगभग 900 उपग्रहों का परीक्षण किया जाएगा।

# विमान हादसे की जांच को उच्चस्तरीय समिति गठित, 19 शव के डीएनए मैच

## मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच की

- बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की गहन जांच के दिए आदेश

अहमदाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी

अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना की जांच के लिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं अब तक 19 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हो गया है। अब तक 220 मृतकों के रिश्तेदारों ने अपने नमूने देने के लिए पुलिस से संपर्क किया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि डीजीसीए ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की विस्तारित निगरानी के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। नायडू ने कहा कि देश में विमानन सुरक्षा के बहुत सख्त मानक और मजबूत प्रोटोकॉल हैं तथा सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता वाली केंद्रीय समिति भविष्य में अहमदाबाद दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश भी सुझाएगी। इसकी पहली बैठक सोमवार को होगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगी। गुजरात के मंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को बताया कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल के प्राधिकारियों ने 12 जून को हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना के मृतकों में से 19 लोगों के शवों की डीएनए जांच के जरिए पहचान कर ली है। चूंकि कई शव इतनी बुरी तरह जल गए हैं या क्षत-विक्षत हो चुके हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल है, इसलिए अधिकारी त्रासदी में मारे गए शवों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच कर रहे हैं। गुजरात के राहत आयुक्त ने कहा परिवारों से समन्वय के लिए 230 टीम बनाई गई हैं और इस त्रासदी में मारे गए 11 विदेशी नागरिकों के परिजन से संपर्क किया है।



अहमदाबाद में विमान के मलवे की जांच करती टीम। ● एजेंसी

### एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का नहीं करेंगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या 171 का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या एआई 171 का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।

## ईरान ने तेल अवीव पर बरसाई मिसाइलें, इजराइल ने तेहरान को जला देने की दी चेतावनी

दुबई, एजेंसी

- परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की, तीन की मौत, 60 से ज्यादा घायल

इजराइल के रक्षा मंत्री ने शनिवार को चेतावनी दी कि यदि ईरान मिसाइल दागना जारी रखता है तो तेहरान को जला दिया जाएगा। इससे एकदिन पहले, इजराइल ने ईरान में प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमला करने तथा शीर्ष जनरलों और वैज्ञानिकों को मारने के लिए लड़ाकू विमानों और देश में पहले से गोपनीय तरीके से लाए गए ड्रोनों का भी इस्तेमाल किया। इसके बाद ईरान ने शनिवार सुबह इजराइल पर जवाबी हमले करते हुए मिसाइल और ड्रोन दागे।

इजराइल और ईरान ने संकेत दिया है कि दुनिया भर के नेताओं द्वारा पूर्ण युद्ध से बचने का आह्वान किए जाने के बावजूद वे और हमले करेंगे। यह क्षेत्र पहले से ही तनाव में है क्योंकि इजराइल 20 महीने की लड़ाई के बाद गाजा में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हमास को खत्म करने के लिए नए सिरे से प्रयास कर रहा है। इजराइल के बारे में व्यापक रूप से माना जाता है कि उसके पास परमाणु हथियार कार्यक्रम है। उसने कहा कि पिछले दो दिन में ईरान पर उसके सैकड़ों हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े नौ वरिष्ठ वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मारे गए। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि 80 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछारें कीं, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ईरान के वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि अब अमेरिका से आगामी परमाणु वार्ता निरर्थक है।



इजराइल के तेल अवीव में धमाके से लगी आग।

### भारतीय दूतावास ने तेल अवीव में हेल्पलाइन की शुरू

**यरूशलम।** ईरान के साथ इजराइल का संघर्ष बढ़ने के बाद तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को चौबीस घंटे काम करने वाला आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू किया और भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी। किसी भी आपात स्थिति में, दूतावास की 24 घंटे वाली हेल्पलाइन पर संपर्क करने का परामर्श भी दिया है।

## 60,244 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र आज

- गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को अंजाम तक पहुंचाएंगे। रविवार को दोपहर 12 बजे आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लिए आरक्षी नागरिक पुलिस में भर्ती 60,244 अभ्यर्थियों का आना शुरू हो गया है।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते योगी।

सुरक्षा से लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती है। मुख्यमंत्री ने पुलिस-शासन के शीर्ष अधिकारियों ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा करके व्यवस्थाएं परखी। गर्मी से बचाव के लिए पंडाल, पेयजल, कूलर, पंखे, स्वास्थ्य कर्मी-दवाएं समेत जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाए गए हैं।

### लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन

कार्यक्रम को देखते हुए लखनऊ समेत दस जिलों में डायवर्जन प्लान लागू रहेगा। कानपुर नगर, रायबरेली, सुलतानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, महोबा, उन्नाव, अमेठी, बस्ती व जालौन में यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर कोई भी भारी वाहन लखनऊ नहीं आ सकेगा।

## एक्सिओम मिशन अब 19 को होगा प्रक्षेपित

**नई दिल्ली।** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। इसरो ने यह जानकारी दी। मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।

## दक्षिण अफ्रीका बना डब्ल्यूटीसी का चैंपियन




**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका ने लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम। साथ ही आईसीसी खिताब जीतने का 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने अपना पिछला आईसीसी खिताब 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए सिर्फ 69 रन की जरूरत थी। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है।

## अमेरिका : पूर्व हाउस स्पीकर और उनके पति की गोली मारकर हत्या

ब्लेन, एजेंसी

- पुलिस की वर्दी पहन पर घर में घुसा संदिग्ध, सीनेटर जान हाफमैन की हालत नाजुक

अमेरिका के मिनेसोटा में पुलिस की वर्दी पहनकर घर में घुसे एक संदिग्ध ने प्रांतीय सदन की पूर्व स्पीकर मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि एक दूसरे जनप्रतिनिधि जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया गया। यह हत्या राजनीति से प्रेरित हो सकती है।

यह जानकारी मिनेसोटा गवर्नर टिम वाल्ज ने दी। इन लक्षित हत्याओं के बाद अधिकारी संदिग्ध की तलाश में जुट गए हैं। वाल्ज ने कहा, मिनेसोटा और पूरे देश में हम सभी को, सभी प्रकार की राजनीतिक हिंसा के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।



मेलिसा हॉर्टमैन व उनके पति।

# बिजली संकट : 32 हजार मेगावाट पहुंची मांग

## ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके बिजली संकट की चपेट में, जनता बेहाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में प्रदेश में बिजली की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। बिजली कटौती से लोग बेहाल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों समेत शहरी इलाके भी बिजली संकट की चपेट में हैं। बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पर पहुंचने के आसार बन गए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 31,214 मेगावाट दर्ज की गई। शाम के वक्त प्रदेश में औसतन 30 हजार मेगावाट मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 7148 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही थी, जबकि मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मांग व उपलब्धता के बीच अंतर होने के कारण करीब पांच सौ मेगावाट आपात बिजली कटौती की जाती रही।

### इकाइयां ठप होने से 4361 मेगावाट उत्पादन घटा

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों उत्पादन निगम की आठ इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण ठप हो गई हैं। इनमें अनपरा लैंको की 600 मेगावाट, अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट, टांडा की 110 मेगावाट, घाटमपुर व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक और ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों के ठप होने से कुल 4361 मेगावाट उत्पादन घट गया है। इससे आपात बिजली कटौती की जा रही हैं। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात बढ़ाकर स्थिति काबू करने का प्रयास जारी है। दूसरी ओर, स्थानीय खराबियों के कारण राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप होने व घंटो गायब रहने का सिलसिला जारी है। गर्मी में बिजली न होने से लोग बेहाल हो रहे हैं।



## धोखाधड़ी में सुपरटेक व प्रवर्तक पर मुकदमा दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने पांच स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान, 28.5 लाख बरामद

सीबीआई ने आईडीबीआई बैंक से 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में नोएडा स्थित निर्माण कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके प्रवर्तक आर के अरोड़ा सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एफआईआर में अरोड़ा के साथ-साथ नोएडा स्थित कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन का भी नाम है। शनिवार को सीबीआई ने मामले के सिलसिले में आरोपियों से जुड़े पांच स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया, जिसमें नोएडा और गाजियाबाद में आधिकारिक और आवासीय परिसर शामिल हैं। सीबीआई ने कहा कि छापेमारी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों ने 28.5 लाख रुपये की नकदी जब्त की। यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के बाद शुरू किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से स्वीकृत ऋण राशि का दुरुपयोग करने की साजिश रची थी।

# पूरी जवानी जिन बच्चों पर खर्च कर दी, बुढ़ापे में उन्हीं ने ठुकराया

## वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग बच्चों को याद कर हो जाते हैं भावुक, बेटों ने पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ने के बाद कर लिया किनारा

**फादर्स डे**

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार :** जिस पिता ने बच्चों की परवरिश में अपनी पूरी जवानी की कमाई यह सोच कर खर्च कर दी कि बच्चे बुढ़ापे की लाठी का सहारा बनेंगे, मगर उन्हीं बच्चों ने बुढ़ापे में उनकी जिम्मेदारी उठाने की बजाय उनसे मुंह मोड़ लिया। इन बच्चों ने अपने पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देने के बाद




कभी उनका हाल नहीं जाना, मगर वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग आज भी पथराई आंखों से बच्चों को हर रोज याद करते हैं, उनके आंसू बच्चों के ठुकराने की दास्तान को बयां करते हैं... !

काशीधाम वृद्धाश्रम में रह रहे गोपाल कृष्ण भल्ला की उम्र 75 के करीब हो चली है, दस साल पहले वह आश्रम में आए थे। उनका इकलौता बेटा उन्हें दस साल पहले ही छोड़कर विदेश में बस गया। कुछ समय बाद पत्नी का देहांत हो गया। उन्होंने जीवन भर की कमाई बेटे की परवरिश व पढ़ाई में लगा दी। जब उनके के पास ज्यादा कुछ नहीं बचा तो काशीधाम वृद्धाश्रम में आ गए। एक अन्य बुजुर्ग राकेश अग्रवाल भी पत्नी के देहांत के बाद 7-8 सालों से वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। आश्रम संचालक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि राकेश अग्रवाल के दो बेटियां हैं। दोनों बेटियां कभी-कभार फोन करती हैं, सिर्फ यह पूछने के लिए उनके पिताजी जीवित हैं या नहीं, लेकिन उनका ख्याल रखने का विचार किसी के मन में नहीं आया।

### वादा करके गया बेटा आज तक नहीं लौटा

लाल फाटक स्थित वृद्धजन आवास गृह में रह रहे जिला शाहजहांपुर निवासी श्याम प्रसाद ( बदला हुआ नाम) कोविड से पहले आश्रम में रहने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे हैं। तीन साल पहले एक बेटा मिलने आया। वृद्धावस्था पेंशन के 17 हजार रुपये निकालकर उन्हें दोबारा वृद्धाश्रम में छोड़ गया। पिता से वापस आने का वादा किया लेकिन आज तक नहीं आया। वहीं दूसरे बेटे ने भी उनकी सुध नहीं ली। श्याम प्रसाद आज भी बेटे के लौटने का इंतजार कर रहे हैं। प्रेमप्रकाश तीन सालों से आश्रम में रह रहे हैं। तीन साल पहले पत्नी और बेटे ने ही उन्हें बस में बिठाकर वृद्धाश्रम भेज दिया। जिसके बाद कभी पलट कर नहीं देखा। जिस बेटे के लिए उन्होंने गली-गली फेरी लगाकर दिन रात काम किया, वे पिता को नहीं देखना चाहते। प्रबंधक कांता गंगवार ने बताया कि वर्तमान में आश्रम में 147 वृद्ध रह रहे हैं, जिन्हें अपने बच्चों का प्रेम व अपनापन नहीं मिला। लेकिन अब ये बुजुर्ग आश्रम के कर्मचारियों को ही बेटा-बेटी की तरह अपना परिवार मानने लगे हैं।

**एक नजर**

### रोडवेज के चार चालकों की संविदा समाप्त

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे रोडवेज के चार चालकों की संविदा समाप्त कर दी है। सभी चालकों को दो बार नोटिस भेजकर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई थी लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था। एआरएम के मुताबिक बरेली डिपो में तैनात चालक श्याम सिंह, अनिल कुमार, वकारुद्दीन और विनीत दो महीने से बिना किसी सूचना के गायब चल रहे हैं। इन चालकों को ड्यूटी पर आने के दो बार नोटिस भी भेजे गए, जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया। तीसरा और अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी जब जवाब नहीं मिला तो फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, मगर, किसी भी चालक ने संपर्क नहीं किया तो अनुशासनहीनता मानते हुए चारों चालकों की संविदा समाप्त कर इसकी सूचना मुख्यालय भेज दी गई है।

### बीडीए, नगर निगम और जिला पंचायत के कार्यों की समिति करेगी समीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की समिति रविवार को जिले में विकास कार्यों की समीक्षा करेगी। इसको लेकर विभागीय अफसर शनिवार को पूरे दिन तैयारियों में जुटे रहे। समिति की ओर से विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत, नगर निगम में अनियमितता पर अंकुश लगाने और जांच के संबंध समीक्षा करेगी। समिति सुबह 11:20 बजे सर्किट हाउस में पहुंचेगी। इसके बाद विकास भवन में समिति बरेली और शाहजहांपुर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। बैठक में डीएम, एसएसपी के अलावा अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

### 17 से 25 तक लगेंगे शिविर मिलेंगे सहायक उपकरण

**बरेली, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की राष्ट्रीय वयोश्री और एडिप योजना के तहत लाभार्थियों को शिविर लगाकर निशुल्क सहायक उपकरण वितरण करने की तारीखों में बदलाव किया गया है। गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद शिविर के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे। समाज कल्याण विभाग की ओर से शनिवार को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया। योजना से पात्रों को लाभान्वित करने के लिए 17 से 25 दिसंबर 2024 तक परीक्षण शिविर लगाए गए थे। इसमें 2739 वरिष्ठजनों 73 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। 17 जून को जीआईसी ऑडिटोरियम में शिविर लगेगा। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बीएल वर्मा होंगे। 18 को बहेड़ी, 20 को तहसील मीरगंज में राज श्री मेडिकल कॉलेज, 21 को आंवला तहसील में, 23 को फरीदपुर और 25 जून को नवाबगंज तहसील में शिविर लगाकर सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

# इसे कौन कहेगा वृद्धाश्रम, झुग्गी झोपड़ी से भी बदतर हैं हालात

## निरीक्षण में कमियां मिलने पर बोलीं राज्य महिला आयोग की सदस्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने शनिवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित लाल फाटक स्थित शिव धाम कॉलोनी में वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अव्यवस्थाएं मिलीं। इसको लेकर वह नाराज हो गईं और कहा कि इसे वृद्धाश्रम कौन कहेगा। इसकी स्थिति तो झुग्गी झोपड़ी से भी बदतर है। निरीक्षण की पूरी रिपोर्ट तैयार कर आयोग की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भेजी जाएगी।

राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कई अनियमितताएं हैं। सरकार इतना ध्यान दे रही है और पैसा खर्च कर रही है फिर भी बदइंतजामी हावी है। निरीक्षण में मौके पर वृद्धाश्रम में कोई भी जिम्मेदार नहीं मिला। सिर्फ चतुर्थ श्रेणी के दो कर्मचारी जरूर मिले। वृद्धाश्रम में इतने बुजुर्गों की मौजूदगी और किसी जिम्मेदार के नहीं होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बुजुर्गों का हाल जाना। विभाग की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कई बुजुर्गों ने खाने-पीने की सुविधाएं और समय से दवाइयां नहीं मिलने की शिकायत की। खाने की गुणवत्ता खराब मिली।

मौके पर झूठन पड़ी थी। कदम-कदम पर गंदगी थी। चादरें तक साफ नहीं पाई गईं। कई बुजुर्गों ने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद भी उनका इलाज नहीं किया गया।

अस्पताल जाने पर कहा गया कि दिन में आइए। रात में आयुष्मान कार्ड नहीं काम आएगा। प्रबंधक कांता गंगवार ने बताया कि वृद्धाश्रम को नए भवन में हाल ही में शिफ्ट किया गया है। कुछ कर्मचारी बाजार से रसोई का सामान लाने गए थे और अन्य कर्मी शिफ्टिंग करने में लगे थे। समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि वृद्धाश्रम को दूसरी जगह शिफ्ट करने की वजह से कुछ दिक्कतें उत्पन्न हुईं हैं। जल्द ही समस्याएं दूर करा दी जाएंगी।


वृद्धाश्रम का निरीक्षण करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय।

- **खाने की खराब गुणवत्ता से लेकर गंदी मिलीं चादरें**
- **आयोग और मुख्यमंत्री को भेजी जाएगी रिपोर्ट**

> वृद्धाश्रम को संचालित करने के लिए गैर सरकारी संस्था नामित है। इसके बाद भी इस तरह की अनियमितता समझ से परे हैं। क्या कहूं और। दो लोगों को छोड़कर पूरा स्टाफ गायब था। औचक निरीक्षण था इसलिए कमियां दिख गईं। आयोग की अध्यक्ष और सीएम को निरीक्षण की रिपोर्ट दूंगी। सोमवार को डीएम से भी बात की जाएगी। **-पुष्पा पांडेय,** राज्य महिला आयोग की सदस्य

# मरीजों के प्रति पिता के समर्पण ने दिखाई डॉक्टर बनने की राह

**कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** अगर कोई बेटी पिता के समर्पण और संघर्ष से सीख लेकर उनके नक्शे कदम पर चले तो उस पिता का जीवन सार्थक हो जाता है। शहर की विक्रमादित्य पुरी स्थित एसबीआई कॉलोनी निवासी डॉ. शिवांगी वैश्य ऐसी बेटियों में से एक हैं, जिन्होंने पिता की तरह डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करने की राह चुनी। दरअसल, शिवांगी के पिता डॉ. वागीश वैश्य ने बतौर जनरल फिजिशियन अपनी सेवाएं लंबे समय तक महाराणा प्रताप जिला संयुक्त चिकित्सालय में दीं। 2020 में जब कोरोना ने दस्तक दी तो शासन के आदेश पर तीन सौ बेड अस्पताल को कोविड अस्पताल बनाया गया। डॉ. वागीश को यहां का सीएमएस का प्रभार मिला। डॉ. वागीश संक्रमितों का इलाज करने में लगे रहे। इस बीच तीन बार वह खुद कोविड की चपेट में भी आए। छह माह तक वह घर से दूर रहे। शिवांगी पिता का मरीजों के प्रति समर्पण देखकर उनसे काफी प्रभावित हुईं।


बेटी शिवांगी के साथ डॉ. वागीश वैश्य।

वह रोजाना वीडियो कॉल कर पिता से बात करती थीं। इस संघर्ष से सीख लेकर उन्होंने भी डॉक्टर बनने की ठानी और पिता ने उनके इस निर्णय का समर्थन किया। शहर के निजी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के साथ ही पैथोलॉजी में विशेषज्ञ बनकर अब शिवांगी एक निजी मेडिकल कॉलेज में सेवाएं दे रही हैं। शिवांगी बताती हैं कि पिता कुछ साल पहले ही सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन मरीज उन्हें ढूंढते हुए आज भी घर तक पहुंच जाते हैं। उन्हें पिता से न केवल दुलार बल्कि सफलता का भी मंत्र भी उन्हीं से मिला।

# 25 हजार दिव्यांगों के खातों में पहुंचेगी धनराशि

- **पेंशन को लेकर दिव्यांगों का वार्षिक सत्यापन कार्य पूरा, जुलाई के पहले सप्ताह में किस्त खातों में आ जाएगी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में दिव्यांगों के वार्षिक सत्यापन का कार्य पूरा हो गया है। पात्रों की सूची शासन को भेज दी गई है। जुलाई के पहले सप्ताह में करीब 25 हजार दिव्यांग लाभार्थियों के खाते में तीन-तीन हजार रुपये जारी कर दिए जाएंगे।

जिले में 25 हजार से अधिक दिव्यांग पेंशन लेने वाले लाभार्थी थे। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से वार्षिक सत्यापन का कार्य मई में शुरू कराया गया था, ताकि पता चल सके कि किसी मृतक के खाते में तो पेंशन नहीं जा रही है। वार्षिक सत्यापन में 71 लोग मृत पाए गए हैं। इन सभी के खातों में पेंशन की धनराशि जारी करने पर विभाग की ओर से रोक लगाने के लिए प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। कुल पात्र दिव्यांग लाभार्थियों की संख्या 24 हजार 857 है। इन सभी पात्रों की सूची विभाग ने निदेशालय भेज दी है। योजना के तहत साल में चार किस्तों में लाभार्थियों को तीन-तीन माह की एक मुश्त पेंशन की धनराशि के तीन हजार रुपये भेजे जाते हैं। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई और जून की एक-एक हजार की रुपये की धनराशि की पहली किस्त जुलाई के पहले सप्ताह में लाभार्थियों के खाते में जारी हो जाएगी।

### नए लाभार्थियों से अपील जल्द करा लें एनपीसीआई

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि, इस वित्तीय वर्ष में 164 लोगों ने दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए आवेदन किए हैं। आवेदनों की जांच करते हुए पात्रता के मानकों पर सही मिलने पर योजना में शामिल कर लिए गए। नए आवेदनों की सूची भी शासन को भेज दी गई है। संभावना है कि आने वाली पहली किस्त में नए लाभार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा है कि इसके लिए एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) कराना बहुत जरूरी है। संबंधित बैंक में जाकर जल्द से जल्द करा लें, ताकि धनराशि खाते में आ सके।

# इग्नू में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सत्र जुलाई 2025 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में पासपोर्ट आकार की फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र और वैध पहचान प्रमाण पत्र शामिल हैं।

इग्नू ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता मानदंड भी तय कर दिए हैं। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए अभ्यर्थी को 10वीं, डिप्लोमा के लिए 12वीं, स्नातक के लिए 12वीं पास और स्नातकोत्तर के लिए स्नातक डिग्री अनिवार्य है।

वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को इग्नू की यूजर आईडी बनानी होगा। इसके लिए पहले इग्नू की वेबसाइट पर जाकर ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन करना होगा। बरेली कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रवेश संबंधित किसी भी जानकारी के लिए अध्ययन केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। केंद्र पर अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया में सहायता देने और उनके सवालों का उत्तर देने के लिए कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

वर्ष 1988 से खुसरो मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com,
M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics)
Sociology, Political Science, Urdu,
Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H)
B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care
X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastracture
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ...भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# थाना प्रभारी ने की अभद्रता, भड़के लेखपाल तहसील में धरने पर बैठे

## एसडीएम और सीओ के हस्तक्षेप पर धरनास्थल पर पहुंचकर थाना प्रभारी ने मांगी माफी

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाने में शनिवार को समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने लेखपालों से अभद्रता कर दी। इससे नाराज लेखपालों ने समाधान दिवस का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद बिथरी चैनपुर, भुता, फतेहगंज पूर्वी के लेखपाल भी विरोध में आ गए और सदर तहसील ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। लेखपालों ने एसडीएम मल्लिका नैन को ज्ञापन दिया। सीओ फरीदपुर संदीप सिंह के हस्तक्षेप पर प्रभारी निरीक्षक ने धरनास्थल पर पहुंचकर लेखपालों से माफी मांगी। इसके बाद एसडीएम और सीओ ने किसी तरह मामले को निपटाया। वहीं लेखपालों के समाधान दिवस से दूरी बनाने की वजह से राजस्व से जुड़ा कोई भी विवाद नहीं निपट सका।

समाधान दिवस के दौरान थाना फरीदपुर के सभी लेखपाल थाना फरीदपुर में मौजूद थे। लेखपाल संघ के उप शाखा फरीदपुर के तहसील अध्यक्ष का आरोप है कि लेखपाल हिम प्रताप ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रभारी निरीक्षक से शिकायत रजिस्टर मांगा तो वह अभद्र व्यवहार करने लगे और रजिस्टर देने से मना कर दिया। इस पर लेखपाल के साथियों ने प्रभारी निरीक्षक के अभद्र व्यवहार पर आपत्ति जताई। लेखपालों ने आरोप लगाया कि प्रभारी निरीक्षक की ओर से थाना समाधान दिवस में आनी वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिसके कारण जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक नहीं हो पाता है। आरोप है प्रभारी निरीक्षक की ओर से समाधान दिवस में बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं की जाती है। इससे नाराज होकर लेखपालों ने समाधान दिवस का बहिष्कार किया। लेखपालों ने चेतावनी दी जब तक प्रभारी निरीक्षक का स्थानांतरण नहीं होता, तब तक फरीदपुर के लेखपाल थाना समाधान दिवस का बहिष्कार करते रहेंगे। एसडीएम को ज्ञापन देने वालों में पंकज यादव, शरद कुमार, नारायण लाल, शैलेंद्र कुमार, नितिन कुमार, सहित दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।


तहसील में धरना दे रहे लेखपालों से वार्ता करते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

> लेखपाल और थाना प्रभारी के बीच मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी, जिससे लेखपाल नाराज हो गए। सीओ और मैंने दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को निपटा दिया।
> –**मल्लिका नैन**, एसडीएम फरीदपुर

### महिला ने भी लगाया प्रभारी निरीक्षक पर अभद्रता का आरोप

फरीदपुर के मोहल्ला लाइन पर मठिया निवासी मीरा का आरोप है कि वह समाधान थाना दिवस में दबंगों की ओर से झोपड़ी उखाड़ कर फेंकने के संबंध में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थी। आरोप है प्रभारी निरीक्षक ने महिला कांस्टेबल को बुलाकर उसे धक्के मार कर बाहर निकाल दिया। महिला ने प्रभारी निरीक्षक के व्यवहार की शिकायत सीओ से की।

## घर में सोता रहा परिवार, चोरों ने जेवर और नकदी उड़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के गांव फरीदापुर इनायत खां में परिवार घर में सोता रह गया और चोर लाखों रुपये के जेवर और 1.50 लाख रुपये चुराकर फरार हो गए। सुबह जागने पर चोरी का पता चला। पीड़ित ने थाना बिथरी चैनपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव फरीदापुर इनायत खां निवासी रामगोपाल ने बताया कि 3 जून को रात में वह परिवार सहित घर में सो रहा था। रात में किसी समय उनके छोटे भाई पृथ्वीराज की छत से उनके घर में चोर घुस आए और घर में रखे 1.50 लाख रुपये, सोने के झुमके, सोने के झाले समेत अन्य ज्वेलरी चोरी कर ले गए। 4 जून को जब वह सुबह उठे तो घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था।

सारथी आयुष्मान भारत मिशन
स्वच्छ भारत –स्वस्थ भारत–समृद्ध भारत
(प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद्, उत्तर प्रदेश द्वारा एम एस एम ई एक्ट – 2006 के अंतर्गत एक सोशल हेल्थ वेलफेयर स्टार्ट अप)
सारथी आयुष्मान भारत मिशन :– प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सारथी आयुष्मान भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम वासियों को नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु स्वयं के स्तर पर निजी रूप से सारथी ई – आरोग्य केन्द्र स्थापित एवं संचालित किया जाना प्रस्तावित है जिसके माध्यम से........
- ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों को 24x7 योग्य एवं अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा हमारे हेल्थ वर्कर के माध्यम से रोग निदान परामर्श पूरी तरह से नि:शुल्क प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
- रोगियों को अन्य सुविधाएं (जैसे – विभिन्न जांचें, एम आर आई, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड इत्यादि) सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है।
- आयुष्मान कार्ड धारक गंभीर रोगी को बेहतर उपचार हेतु रोगी की इच्छानुसार संबंधित अस्पताल तक पहुंचाने हेतु नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।
- सारथी आयुष्मान भारत मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली युवा महिला शक्ति को इस मिशन से जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है प्रत्येक वह युवा महिला शक्ति जो इण्टर उत्तीर्ण है और इस मिशन में एक हेल्थ वर्कर के रूप में कार्य करने की इच्छुक है हमें सीधे संपर्क कर सकती हैं।
- हेल्थ वर्कर के रूप में कार्य करने की इच्छुक युवा महिला शक्ति को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट – GDA का छह माह का नि:शुल्क ऑनलाइन /ऑफलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण अवधि में होने वाले सामान्य प्रशिक्षण व्यय हेतु रूपये 3500/– की नॉन रिफंडेबल धनराशि प्रशिक्षणार्थी को स्वयं वहन करनी होगी जिसके लिए काउंसिल प्रबंधन अथवा काउंसिल द्वारा अधिकृत पदाधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा।
- प्रशिक्षण के पश्चात् हेल्थ वर्कर को उसके ग्राम पंचायत में एक सारथी ई –आरोग्य केन्द्र काउंसिल द्वारा अपने निजी खर्चे पर तैयार करके दिया जाएगा तथा इस ई –आरोग्य केंद्र पर निर्बाध रूप से उर्जा व्यवस्था हेतु प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल उर्जा लगवाए जाने का प्रयास किया जाएगा।
- काउंसिल द्वारा हेल्थ वर्कर को प्रशिक्षण अवधि के लिए रूपये 5000/– एवं प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने के पश्चात् रूपये 10000/– की मासिक प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।
अधिक जानकारी के लिए हमें हमारे हेल्प लाइन नंबर 7037446708 पर कॉल/व्हाट्स एप मैसेज करें अथवा हमारे अधिकृत पदाधिकारी से संपर्क करें
चन्द्रशेखर गोतम (पीलीभीत) मो. 9675602062
तुषार शर्मा (बरेली) मो. 9808372652
संतोष कुमार शंखवार (शाहजहांपुर) मो. 8707867206
संदीप कुमार (बदायूं) मो. 8187961660
जे पी शर्मा
कार्यकारी प्रबंध निदेशक
सारथी आयुष्मान भारत मिशन
इस मिशन का अथवा प्राथमिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कल्याण परिषद् उत्तर प्रदेश का भारत सरकार/राज्य सरकार/स्वास्थ्य विभाग से कोई भी सम्बन्ध नहीं है।
एस के शर्मा
अध्यक्ष - PMPHWC
एस सी आचार्य
प्रमुख सचिव - PMPHWC

## एक नजर

### व्यापारी ने पंजाब की कंपनी के हड़पे 21.30 लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के व्यापारी ने पंजाब की एक कंपनी से 21.30 लाख रुपये की ठगी कर ली। पैसे न देने पर कंपनी के एरिया मैनेजर देवेंद्र चौधरी ने आरोपी व्यापारी के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंजाब के पटियाला जनपद के रजपुरा निवासी देवेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि वह पोस्टीकम फीड (पशुओं का संतुलित आहार) लिमिटेड कंपनी रजपुरा पटियाला में एरिया मैनेजर हैं। उनकी कंपनी से थाना बारादरी के तुलसीनगर निवासी आदिल अंसारी ने 21 जुलाई 2020 से 22 फरवरी 2023 तक आठ करोड़ रुपये का पोस्टीकम फीड खरीदा था। आदिल पर कंपनी के 21.30 लाख रुपये बकाया रह गए। काफी समय होने के बाद भी आदिल अंसारी ने भुगतान नहीं किया और मांगने पर टालमटोल करते रहे। कंपनी ने आदिल को नोटिस भी भेजे, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। 14 मई को पूछने पर आदिल ने कहा कि वह दो दिन में भुगतान कर देगा, लेकिन जब उन्होंने दो दिन बाद फोन किया, तब भी आदिल अंसारी ने कंपनी का भुगतान नहीं किया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी आदिल अंसारी के खिलाफ थाना बारादरी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### प्लॉट से ट्रैक्टर निकालने के विरोध पर दबंगों ने पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** प्लॉट से जबरन ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने के विरोध पर दबंगों ने प्लॉट मालिक को लाठी डंडों से पीट दिया। पीड़ित ने कैंट थाने में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। परगवां निवासी रीतराम ने बताया गांव के ही अनुराग और उसका भाई हरसू उसके प्लॉट से अक्सर ट्रैक्टर ट्रॉली निकलते हैं। जिससे उनके प्लॉट की बुनियाद टूट गई। कई बार मना करने पर भी नहीं माने। 11 जून को दोपहर 1 बजे दोनों प्लॉट से ट्रैक्टर ट्रॉली निकाल रहे थे। विरोध करने पर गाली देते हुए पीट दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध क्लिनिक पर बच्चों का इलाज कर रहे थे किशोर, सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कांकरटोला में झोलाछाप कर रहा था संचालन
- मौके पर संचालक नहीं दिखा सका दस्तावेज

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को कांकरटोला में अवैध क्लिनिक पर छापा मारा। यहां दो बच्चे भर्ती थे, जिनका इलाज किशोर कर रहे थे। बच्चों के हाथ में ड्रिप लगी थी। नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अंसारी ने यहां मौजूद फहीम नाम के युवक से क्लिनिक पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे तो वह नहीं दिखा सका। इसपर क्लिनिक को सील कर दिया गया।

क्लिनिक के मुख्य द्वार पर छोटा सा बोर्ड लगा था, जिस पर बीईएमएस डॉक्टर का एक नाम लिखा था, लेकिन मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। विभाग ने संचालक को नोटिस जारी कर दो दिन में पंजीकरण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम में वरिष्ठ लिपिक मदन लाल, मुकेश कुमार, राहुल शर्मा आदि शामिल रहे।


क्लिनिक को सील करते डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी।

### क्लिनिक संचालक को नोटिस जारी

डिप्टी सीएमओ डॉ. लाइक अहमद अंसारी ने बताया कि क्लिनिक पर किशोर मरीज का इलाज करते हैं, जिस पर छापामारी की गई तो क्लिनिक अवैध रूप से संचालित मिला। जिसे सील कर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## युवती के एटीएम से निकाले हजारों रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** युवती का एटीएम खोने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कैंट क्षेत्र सदर बाजार निवासी काजोल ने बताया कि उसका एटीएम खो गया था। जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। 8 जून को उसके एटीएम से अज्ञात व्यक्ति ने सेटेलाइट बस अड्डा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पांच बार में 50 हजार रुपये निकाल लिए।

# वीजा समाप्त होते ही पाकिस्तान जाएगी फरहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वीजा, राशन कार्ड व आधार कार्ड निरस्त कराने की तैयारी में पुलिस
- 13 जुलाई को समाप्त हो जाएगा फरहत का वीजा

**अमृत विचार :** फर्जीवाड़ा करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवाने वाली फरहत सुल्ताना को अब पाकिस्तान भेजा जाएगा। उसका दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई को समाप्त हो रहा है। वहीं पुलिस तय तिथि से पहले ही वीजा निरस्त कराने की तैयारी में है। राशन कार्ड और आधार कार्ड को भी निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले भर में बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं की तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बारादरी पुलिस को जानकारी हुई कि सूफीटोला में दीर्घकालिक वीजा पर फरहत सुल्ताना नाम की महिला रह रही है। उसने फर्जीवाड़ा करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया है। वह राशन भी ले रही है। इसके बाद थाने में तैनात एसआई सौरभ सिंह ने थाना बारादरी में फरहत सुल्ताना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने फरहत को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद उसे मुचलके पर छोड़ दिया गया था। अब पुलिस फरहत का आधार कार्ड और राशन कार्ड निरस्त कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को भी पुलिस पत्र भेजेगी। पुलिस ने फरहत का राशन कार्ड और आधार कार्ड भी जब्त कर लिया है। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय ने बताया कि फरहत का दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। उसके नवीनीकरण के लिए सिर्फ एक माह का ही समय बचा है। नवीनीकरण के लिए फरहत ने आवेदन किया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस उसका वीजा निरस्त कराने की तैयारी में जुटी है। बताया जाता है कि उसके जालसाजी रवैये के कारण उसका वीजा या तो निरस्त कर दिया जाएगा या फिर नवीनीकरण नहीं हो सकेगा। यदि इस तरह की स्थिति बनती है तो उसे जल्द ही पाकिस्तान के लिए जाना होगा।

## नशीला जूस पिलाकर ई-रिक्शा लूट लिया

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर में किला क्षेत्र के कटघर निवासी गुलफाम का बदमाशों ने जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूट लिया। गुलफाम की शिकायत पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुलफाम ने बताया कि उनका ई-रिक्शा मां नाजिया के नाम पर है। वह 5 जून को सूफी टोला के सामने रोड पर खड़े थे, तभी दो लोग आए और नरियावल चलने को कहा। वह उन्हें लेकर चल दिए। रास्ते में दोनों ने उसे गन्ने का जूस पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। आरोपी उसे बड़ा बाईपास पर फेंककर ई-रिक्शा, मोबाइल और 1000 रुपये लेकर भाग गए।

UPSIDA
UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
वृद्धि के साथ विकास की ओर
योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्यमंत्री, उ.प्र.
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
औद्योगिक विकास मंत्री, उ.प्र.
उत्तर प्रदेश का
पहला फुटवियर पार्क
रमईपुर, कानपुर नगर में
आवंटन दर रु. 4600/– प्रति वर्गमी.
प्लाट साइज 1000 वर्गमी. व अधिक
मुख्य विशेषताएँ
चौड़ा सड़क नेटवर्क | स्टॉर्म जल निकासी नेटवर्क | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | प्रवेश द्वार | बिजली आपूर्ति 24x7 | वेयरहाउस | ट्रक ले ओवर
LOCATION FEATURES
एनएच 86 – 5 किमी.
कानपुर नगर – 20 किमी.
कानपुर एयरपोर्ट – 22 किमी.
आवेदन कैसे करें
5% अग्रिम धनराशि एवं नॉन रिफण्डेबल प्रोसेसिंग फीस के भुगतान के साथ www.niveshmitra.up.nic.in पर आवेदन करें।
भूखंडों की सूची एवं विवरण, नियम एवं शर्तें यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट www.onlineupsida.com पर उपलब्ध हैं।
आवंटन 'जैसा है जहां है' के आधार पर किया जाएगा
आकर्षक भुगतान योजना
भूमि 90 वर्ष की लीज के आधार पर उपलब्ध।
आवंटन दर रु. 4600/– प्रति वर्ग मीटर
आवंटन के 60 दिनों के भीतर कुल लागत का भुगतान करने पर 2% की छूट उपलब्ध।
25% भुगतान के बाद कब्जा
अन्य विशेषतायें व योजना
जीआईएस प्लाट www.onlineupsida.com - One Map पर उपलब्ध।
लीज पंजीकरण और भवन योजना सेवाओं की स्वीकृति और अन्य एनओसी www.niveshmitra.up.nic.in पर स्वीकृत।
यूपी सरकार की आकर्षक प्रोत्साहन एवं सब्सिडी योजनाएं www.niveshmitra.up.nic.in पर उपलब्ध।
कार्य प्रगति पर है
एंकर यूनिट 10% छूट
उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण
यूपीसीडा कॉम्प्लेक्स, ए–1/4, लखनपुर, कानपुर–208024
हेल्पलाईन नं0 0120–4401000 8707503785, 8853318286, ईमेल: rmkanpur@upsida.co.in
यूपीसीडा मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

## पत्नी को बदसूरत बताकर दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये और कार न मिलने और पत्नी को बदसूरत बताकर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। महिला की मां ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी की नई बस्ती मोहन तालाब निवासी शहाना बी ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी फातिमा का निकाह रोहली टोला निवासी रिजवान के साथ 24 अक्टूबर 2021 को किया था। शादी के बाद से फातिमा का पति, जेठ एजाज अहमद, ननद इमराना, फरहीन और शबीना खुश नहीं थे। दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। समझाने पर आरोपी फातिमा को भूखा रखते और मारपीट करते। इससे वह अवसाद ग्रस्त हो गई। कार और दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर दो साल पहले रिजवान ने फातिमा को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। 16 मई को रिजवान अपने भाई एजाज अहमद के साथ पीड़िता के घर पर आए और कहा कि समझौता कर लो। इस पर रिजवान ने कहा कि फातिमा बदसूरत है। वह उसे किसी कीमत पर नहीं रखेगा, दूसरा निकाह करेगा। इसके बाद फातिमा की मां शहाना बी ने थाना बारादरी में तहरीर देकर रिजवान, एजाज अहमद, इमराना, फरहीन और शबीना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

Ruchi IVF
डा. रुचि श्रीवास्तव
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग, IVF विशेषज्ञ
रुचि अतुल अस्पताल
निकट टेलीफोन एक्सचेंज चौपला, बरेली।
मो. 9837211131
ट्यूब बंद है बच्चा कैसे होगा
चुपचाप ना सहें, निःसंतान होने की पीड़ा...
सीरियस बच्चों के विशेषज्ञ
डा. अतुल श्रीवास्तव
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
माँ या पिता किसी के भी आयुष्मान कार्ड से नवजात शिशु का निःशुल्क इलाज

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306


## तमंचे हाथ में लिए दो युवकों के फोटो वायरल

**कैंट, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के भौआपुर में दो के युवकों के हाथ में तमंचा लिए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं इन दिनों गांव में नमाज और मदरसा संचालन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बीच युवाओं के फोटो तमंचे के साथ वायरल होना एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। भौआपुर निवासी उज्जवल सिंह ने शनिवार देर रात दोनों युवाओं के तमंचे के साथ फोटो एक्स पर पोस्ट करके पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई के लिए शिकायत की है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कैंट को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
- मस्से होना
- सूजन होना
- जलन होना
- उठाने-बैठने में तकलीफ होना
- खूनी बवासीर होना

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# परिवार परामर्श केंद्र में दो पक्षों में जमकर मारपीट

## पति-पत्नी ने समझौते के बजाए किया अलग होने का फैसला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को पति और पत्नी पक्ष में अलगाव के बाद जमकर मारपीट हुई। पति और पत्नी की भी जमकर पिटाई हो गई। पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे दोनों पक्षों को समझाकर मौके से भेजा। मारपीट का वीडियो भी वायरल हो गया है।



पुलिस लाइन में परामर्श केंद्र के बाहर मारपीट करते लोग। ● अमृत विचार

नवाबगंज क्षेत्र के रहने वाले युवक का निकाह डेढ़ साल पहले क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली युवती से हुआ। युवक पक्ष का आरोप है कि युवती का चरित्र ठीक नहीं है। उसके पहले संबंध अन्य युवकों से रह चुके हैं। वहीं युवती पति के साथ किसी कीमत पर साथ नहीं रहना चाहती थी। परामर्श केंद्र में मामला पहुंचने पर दोनों पक्षों ने अलग होने पर सहमति जताते हुए फैसला कर लिया। लड़के के रिश्तेदार ने बताया तलाकनामा एक सप्ताह पहले ही हो चुका है, बचे हुए सामान देने के लिए दूसरी तारीख ली थी।

परामर्श केंद्र में युवक पक्ष अपने साथ दो वैन भरकर करीब 30 गांव वालों और रिश्तेदार लेकर पहुंचा तो युवती पक्ष से सिर्फ चार पांच लोग थे। गांव के प्रधान और पुलिस कर्मियों के सामने युवती का बचा हुआ सामान भी दे दिया गया। इसके बाद परामर्श केंद्र में ही युवती ने युवक को चप्पलें दिखाना शुरू कर दिया। पुलिस कर्मियों ने समझा बुझाकर जैसे-तैसे बाहर भेजा तो कहासुनी और बढ़ गयी और युवती ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। परामर्श केंद्र में मौजूद पुलिस कर्मियों ने मशक्कत के बाद जैसे-तैसे दोनों पक्षों को घर भेजा।

# सेटेलाइट बस अड्डे के सामने सड़क हादसे में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवार का इकलौता था प्रतीक माता पिता की हो चुकी है मौत

**अमृत विचार** : सेटेलाइट बस अड्डे के सामने शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। युवक का शव अंधेरे में काफी देर तक पड़ा रहा। जब लोगों को जानकारी लगी तो पुलिस को सूचना दी। मृतक शाहजहांपुर जिले के थाना तिलहर के धमनपुर गांव का रहने वाला था।

शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली के सेटेलाइट बस अड्डे पर अंधेरे में एक युवक गंभीर रूप से घायल पड़ा है। जानकारी लगने पर पुलिस चौकी पर तैनात चीता पुलिस कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की जेब से मिले आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों से उसकी पहचान प्रतीक निवासी गांव धमनपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। पोस्टमार्टम हाउस पर धमनपुर निवासी सोमपाल ने बताया कि प्रतीक उनका भतीजा था। वह उत्तराखंड के सितारगंज में प्राइवेट नौकरी करता था। सितारगंज से प्रतीक वापस अपने गांव जा रहा था। रात में बरेली में बस से उतरने के बाद हादसा हो गया। सोमपाल ने बताया कि प्रतीक के माता-पिता की 15 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है।

## डंपर पलटने से चालक और क्लीनर घायल

**आंवला, अमृत विचार** : अनियंत्रित होकर एक डंपर सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे चालक और क्लीनर घायल हो गए। पटवाई रामपुर के गांव ढोलशेर मतवाली निवासी साजिद डंपर चालक है। वह क्लीनर आसिम के साथ डंपर लेकर आंवला आ रहा था। इसी बीच आंवला रामनगर रोड के मऊचंदपुर गांव के समीप डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। राहगीरों ने चालक और क्लीनर को डंपर से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# योजनाओं का शत-प्रतिशत करें क्रियान्वयन, पात्र न रहें वंचित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिया जाए। इसमें कोई कोताही न हो। योजनाओं के क्रियान्वयन में लेटलतीफी न करें। सरकार की प्राथमिकता में है कि कोई भी पात्र वंचित नहीं रहेगा। ये बातें शनिवार को सर्किट हाउस में समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग मंत्री संजीव कुमार ने विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में कही।



- समाज कल्याण विभाग मंत्री ने सर्किट हाउस में विभागीय अफसरों के साथ की समीक्षा


उन्होंने कहा पात्रों को योजना से लाभान्वित करने में अगर कोई समस्या आ रही है तो उसे दूर किया जाए। पेंशन संबंधित समस्याओं के लिए पात्रों को न दौड़ाया जाए। उनकी दिक्कतों का उचित निस्तारण करते हुए लाभान्वित करें।

समाज कल्याण विभाग से मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। किस योजना से कितने लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है, इस बारे में भी जानकारी ली। कहा कि बुजुर्गों को पेंशन के लिए भटकना न पड़े। यह अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मंत्री ने इसके अलावा भी कई बिंदुओं को लेकर अफसरों को निर्देशित किया। समीक्षा बैठक के बाद मंत्री नैनीताल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आरके गोला के साथियों के घर कुर्की वारंट चस्पा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ठग आरके गोला की कंपनी आईसीएल के दो निदेशकों आनंद पाल गोला, अवधेश कुमार और संजीव कुमार के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय पीलीभीत ने धारा 82 के नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने आदेश दिया है कि यदि तीनों आरोपी 2 जुलाई तक कोर्ट में पेश नहीं होते हैं, तो उनके घरों की कुर्की की जा सकती है। पीलीभीत क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सुशील कुमार ने शुक्रवार को आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा किए और मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी।



आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा करती पीलीभीत क्राइम ब्रांच की टीम।

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीलीभीत ने 2 जुलाई तक कोर्ट में हाजिर होने के दिए आदेश

पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के मोहल्ला तुलाराम निवासी प्रवीन कुमार ने 2 अगस्त 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कंपनी का कार्यालय पीलीभीत में टनकपुर रोड स्थित नकटदाना चौराहा पर है। कंपनी के आरके गोला चेयरमैन और आनंद पाल गोला, अवधेश कुमार गोला संजीव कुमार, दिनेश कुमार और जेके गुप्ता निदेशक हैं। इन लोगों ने निवेशकों को बताया कि उनकी कंपनी में निवेश करने पर वह पांच वर्ष में दोगुनी धनराशि देंगे। आरोपियों के झांसे में 12 सितंबर 2013 उन्होंने 1.92 लाख रुपये जमा किए थे। आठ वर्ष पूरे होने के बाद कंपनी ने अब तक उन्हें उनकी धनराशि वापस नहीं की है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था, तब आनंदपाल और संजीव कुमार का भी नाम सामने आया। पुलिस ने आनंद पाल गोला निवासी विश्वनाथपुरम थाना इज्जतनगर, संजीव कुमार बीडीए कॉलोनी थाना सुभाषनगर और अवधेश कुमार गोला निवासी विश्वनाथपुरम के नाम भी सामने आए थे। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी, लेकिन आरोपी अब तक फरार हैं। अब 2 जून को कोर्ट ने आनंद, अवधेश और संजीव की गिरफ्तारी के लिए धारा 82 की कार्रवाई की है। तीनों आरोपियों के घर पर पीलीभीत क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सुशील कुमार ने नोटिस चस्पा किए हैं। यदि आरोपी 2 जुलाई 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीलीभीत के न्यायालय में उपस्थित न हुए तो कुर्की होगी।

## पीटकर किया था पुलिस के हवाले

वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी रूप किशोर गोला और उसका साथी जेके गुप्ता फरार हो गए थे। एक दोनों आरोपी अपने कार्यालय पर मिल गए। तब वहां पहुंचे निवेशकों ने दोनों को पकड़ लिया था और पीटकर प्रेमनगर पुलिस के हवाले कर दिया था। वहां से पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। जबकि उसके साथी आनंदपाल, अवधेश कुमार, संजीव कुमार आदि फरार हैं। रूप किशोर गोला और उसके जालसाज साथियों के खिलाफ बरेली, बदायूं और पीलीभीत में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से 12 से अधिक मामलों में चार्जशीट लग चुकी है।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)

PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH

Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


## प्लॉट का दो लाख का सौदा कर मांगे पांच लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार** : महिला ने दो सौ गज प्लॉट का सौदा दो लाख रुपये में करके 50 हजार रुपये एडवांस ले लिए। जब खरीददार ने बैनामा करने को कहा तो महिला और उसके परिवार के लोग मुकर गए और पांच लाख रुपये की मांग की। थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिथरी चैनपुर निवासी शाहिद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 6 अक्टूबर 2023 को भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव हरवंशपुर उर्फ लक्ष्मीपुर निवासी शबिरन पत्नी खलील से केसरपुर स्थित 200 वर्गगज प्लॉट का सौदा दो लाख रुपये में तय किया था। 50 हजार रुपये देकर उन्होंने प्लॉट का एग्रीमेंट करा लिया, तय हुआ कि 1.50 लाख रुपये बैनामा कराने के दौरान दिए जाएंगे। 5 सितंबर 2024 को बैनामा होने की तिथि तय हुई। जब वह बैनामा कराने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा तो शबिरन नहीं आई। इसकी वजह जब उन्होंने शबिरन उसके बेटे अकरम, आरिफ और पति खलील से पूछा तो उन्होंने पांच लाख रुपये और मांगे।

## उधार देने से मना किया तो घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**सीबीगंज, अमृत विचार** : सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव बिबियापुर चौधरी निवासी राजेश ने गांव के ही आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश ने बताया कि गांव में उनकी परचूनी की दुकान है। दुकान पर उनके अलावा उनकी पत्नी और बच्चे बैठते हैं। 11 जून को दोपहर में उनकी पत्नी दुकान पर बैठी थीं, तभी पड़ोस का जाबिर शाह उधार सामान लेने आया, तब पत्नी ने कहा कि पहले के उधार लिए पैसे दे जाओ, उसके बाद उधार ले जाओ। इसके बाद जाबिर शाह ने साबिर, नासिर, अजब शाह, साहिल और हैरान को बुला लिया। सभी आरोपी उसके घर में घुस गए और मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसकी शिकायत जब आरोपियों के परिजन सलीम शाह और नवाबशाह से की तो उन्होंने भी जान से मारने की धमकी दी।

# कलाकारों की उलझन दिखाता नाटक डोंट फियर

- **विंडरमेयर थियेटर में कलाकारों ने किया मंचन**

**बरेली, अमृत विचार :** नाटक डोंट फियर भरतमुनि इज हियर का मंचन शनिवार को विंडरमेयर थियेटर में किया गया। दया दृष्टि चैरिटबल ट्रस्ट की ओर से रंगमंच को बढ़ावा देने के लिए विंडरमेयर ग्रांट्स की नई पहल की शुरुआत डॉ. ब्रजेश्वर ने की है।

नाटक में संगीत व अदाकारी का गजब का तालमेल दर्शकों ने देखा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की ओर से यह नाटक तैयार किया गया। जिसके लेखक शायोन सरकार हैं। एनएसडी के कलाकार जितु राभा ने नाटक पढ़ने और समझने की उलझन से जूझते एक नौजवान का किरदार निभाया है। नाटक में दिखाया कि एक दिन अचानक भरतमुनि उसके सामने आ जाते हैं और फिर ये दोनों कलाकार मिलकर नाटक समझने-समझाने का दिलचस्प प्रयोग करते हैं। नाटक चुटीले व्यंग्य के साथ ही थिएटर के विकास व दलित चिंतन पर भी रोशनी डालता है। सहायक लेखक अदिति अरोड़ा व सार्थक नरूला रहे। सीनोग्राफी और लाइट डिजाइन सार्थक नरूला ने की। विजुअल डिजाइन सरस कुमार नामदेव, म्यूजिक और साउंड डिजाइन भास्कर ज्योति कंवर, डांस कोरियोग्राफी आस्था ओझा भाटिया, गीत लेखन अदिति अरोड़ा और सलीम हुसैन मुल्ला ने किया। रंग विनायक रंगमंडल की टीम से दानिश खान, अजय चौहान, अनुष्का, मोहसिन, भूपेंद्र आदि ने भी भूमिका निभाई।



नाटक का मंचन करते कलाकार।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्योंलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# नीट में होनहारों ने लहराया सफलता का परचम

## सिविल लाइंस स्थित एक कोचिंग में नीट में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) का रिजल्ट शनिवार को घोषित हुआ, जिसमें जिले के कई विद्यार्थियों को शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने सफलता का परचम लहराया। उनके घर में खुशी का माहौल है। सिविल लाइंस स्थित एक कोचिंग स्थान में मेधावियों को सम्मानित किया। उनकी मेहनत को सराहा गया। यहां के छात्र अक्षत तिवारी ने नीट यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 631 हासिल की है।

अक्षत तिवारी ने बताया कि उन्होंने कोचिंग के साथ स्वयं भी अध्ययन किया। पढ़ाई के दौरान इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाई। उनका लक्ष्य हृदय रोग विशेषज्ञ बनना है। उनके पिता अमित तिवारी इंटर कालेज में शिक्षक और मां प्रीति तिवारी अकाउंटेंट हैं। उन्होंने 2024 में बीबीएल से पढ़ाई के समय परीक्षा दी थी। उनके घर और कोचिंग में खुशी का माहौल है।

अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनकी 1379 वीं रैंक आई है। बताया कि वह कार्डियोलॉजिकल सर्जन बनना चाहते हैं। वह 2022 से नीट में बैठ रहे थे, लेकिन अच्छी रैंक न आने के चलते उन्हें सरकारी कॉलेज आवंटित नहीं हो रहा था। इस बार उन्होंने कड़ी मेहनत और कोचिंग के नियमित गाइडेंस के चलते यह रैंक हासिल की। बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री के विषय की तैयारी में बहन निकिता ने मदद की। पिता निर्दोष कुमार और माता श्वेता ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

छात्र नीलमणि गोयल ने बताया कि उनके पिता सचिन गुप्ता सरकारी स्कूल में गणित के शिक्षक हैं, लेकिन वह हमेशा से चाहते थे कि बायो से 12 वीं कर डॉक्टर बनकर राष्ट्र की सेवा करूं। इसलिए लगातार मेहनत की और एआईआर में 2343 रैंक हासिल कर अपने लक्ष्य की ओर एक कदम बढ़ाया।

### ओमेगा क्लासेस के छात्र छाए

नीट में ओमेगा क्लासेस राजेंद्र नगर के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन कर अच्छी रैंकिंग पाई है। कोचिंग सेंटर के एमडी मो क्लामुद्दीन ने बताया कि 55 से 60 छात्रों की रैंकिंग एमबीबीएस के लिए सरकारी कालेज में प्रवेश पाने के लिए मिली है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। यहां से जुविया मलिक ने 608 नंबर पाकर 910 स्थान प्राप्त किया। फैसल खान ने 554, मोहम्मद फैजान ने 545, मोहित गंगवार ने 538, कशिश नूर ने 536, मो आमिर ने 538, युवराज सिंह ने 527, हर्षित अग्रवाल ने 526, जिवरान ने 527, सतविका त्रिवेदी ने 522 अंक प्राप्त किए। वहीं विशाल बाबू, नरेंद्र मौर्य का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। इनके कामयाबी पर रविशंकर, अमजद, अलीमद्दीन, अनिल और शकीलुद्दीन आदि ने खुशी जाहिर की है।

### जुविया ने माता-पिता को दिया सफलता का श्रेय



जुविया मलिक के पिता तौफिक अहमद मलिक प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि मां फरजान गृहणी हैं। जुविया ने सफलता का श्रेय माता- पिता को दिया। वह डाक्टर बनकर सेवा करना चाहती हैं। जुविया जीआरएम से 2023 में इंटर पास करने के बाद ओमेगा क्लासेस में तैयारी की थी।

### ट्रक चालक के बेटे ने पाई सफलता

ओमेगा क्लासेस के लक्की फैसल खान के पिता आरिफ खान ट्रक चालक हैं। जबकि मां आईशा खातून गृहणी हैं। 2021 में 12 वीं की परीक्षा पास करने के बाद वह तैयारी कर रहे थे। नीट में सफलता पाकर उन्होंने परिवार का नाम रोशन किया है।

### मेडिट कोचिंग सेंटर के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

मेडिट कोचिंग सेंटर की छात्रा सौम्या सिंह को ऑल इंडिया 562 वीं रैंक प्राप्त हुई है। जबकि अभिनव शंखधार ने 3123 वीं, देवांश पांडेय ने 7028 वीं, मेघा कपूर ने 7203 वीं, क्षितिज गोविल ने 8471 वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर विशाल वार्ष्णेय ने बताया कि हमारे छात्रों ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि सही दिशा में मेहनत करने से लक्ष्य प्राप्त होता है।



अभिनव शंखधार।



क्षितिज गोविल।



देवाश पांडेय।



मेधा कपूर।



सौम्या सिंह।

# बरेली कॉलेज गेट पर भिड़े एबीवीपी कार्यकर्ता

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट के बाहर लगी दुकानों के पास एबीवीपी के पूर्व संगठन मंत्री और महानगर सह मंत्री के बीच झड़प हो गई। बात बढ़ने पर हाथापाई भी होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को अलग किया। मामले को सुलझाने के लिए एबीवीपी और सछास के पदाधिकारी भी पहुंच गए।

शनिवार दोपहर 2 बजे पूर्वी गेट के पास एबीवीपी के पूर्व संगठन मंत्री निखिल राजपूत और महानगर सह मंत्री प्रिंस यादव के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। मामला बढ़ते ही बहस मारपीट में बदल गई। निखिल राजपूत ने सछास पदाधिकारियों और प्रिंस ने एबीवीपी पदाधिकारियों को मामला सुलझाने के लिए कॉलेज बुला लिया।

दोनों छात्र संगठनों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस संबंध में चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मारपीट की जानकारी नहीं है। लिखित शिकायत आने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

# पिता का मिला मार्गदर्शन...नीट में छाए यशस्वी

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- **ऑल इंडिया में 75 वीं रैंक और प्रदेश में पाया पांचवां स्थान**
- **सीबीएसई 12 वीं में किया था मंडल टॉप**

**अमृत विचार :** पिता के आदर्शों, उनके परीक्षा में दिए गए कुशल नेतृत्व और मेहनत से यशस्वी कुमार ने नीट 2025 में ऑल इंडिया में 75 वीं रैंक और प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। यशस्वी ने सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है। वह एमबीबीएस करने के बाद न्यूरोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं।

मूल रूप से बिहार के रहने वाले यशस्वी के पिता भी पेशे से डॉक्टर हैं। वर्तमान में उनके पिता डॉ. राकेश कुमार राजश्री मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अब परिवार के साथ बरेली में रहते हैं। यशस्वी ने इसी वर्ष दिल्ली पब्लिक स्कूल से 12 वीं की परीक्षा में 500 में से 498 अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा और मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया था। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 जून को लखनऊ में आयोजित समारोह में सम्मानित किया था।

यशस्वी ने बताया कि उन्होंने डॉक्टर बनने का सपना अपने पिता को देखकर देखा। उनके पिता खुद एक कुशल चिकित्सक हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन और अनुशासन में रहकर उन्होंने बिना किसी कोचिंग के घर पर ही नीट की तैयारी की और 720 में से 650 अंक प्राप्त कर देशभर में 75 वीं रैंक हासिल की। सफलता का श्रेय यशस्वी ने माता-पिता के साथ स्कूल के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा और शिक्षकों को दिया।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध बनाया। बीते वर्ष उन्हें विज्ञान ओलंपियाड में सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ था। इसके अलावा उन्हें मद्रास स्थित प्रतिष्ठित आईआईटी कॉलेज से भी एडमिशन का ऑफर मिला। यशस्वी आगे एम्स जैसे शीर्ष मेडिकल संस्थानों में दाखिला लेकर हृदय रोग विशेषज्ञ बनने का सपना संजोए हुए हैं। उनकी इस कामयाबी से न केवल परिवार, स्कूल बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर है।

### कठिन सवालों को आखिर में हल करने की बनाई थी रणनीति

यशस्वी बताते हैं कि पिछले बार की तुलना में इस बार नीट में भौतिक विज्ञान के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को अधिक परेशान किया। हालांकि परीक्षा देते समय उन्होंने भौतिक विज्ञान के प्रश्नों की कठिनता को हल करते समय शांत दिमाग से बाद में हल किया। पहले उन्होंने स्कोरिंग विषयों के सवालों को हल किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारियों के समय तमाम मॉक टेस्ट देते समय भी वह कठिन प्रश्नों को अंत में करते थे। उनकी यह रणनीति नीट में काम आई।

### नियमित पढ़ाई और मॉक टेस्ट देने से अच्छे नंबरों की गारंटी

यशस्वी ने नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कुछ टिप्स दिए हैं। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और मॉक टेस्ट देने से उनके अच्छे नंबर आने की गारंटी रहती है। उन्होंने बताया कि स्कोरिंग विषयों का सिलेबस खत्म करने के बाद रिवीजन करने से अच्छे परिणाम आते हैं। उन्होंने बताया कि अगर तैयारी अच्छी हो तो दबाव आत्मविश्वास में बदलकर अच्छा परिणाम देता है।

# एलएलबी परीक्षा में नकल करते पकड़े पांच छात्र

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में शनिवार को एलएलबी षष्टम सेमेस्टर की परीक्षा में दौरान पांच विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि नकल पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी और चेकिंग के निर्देश दे दिए थे। फिर भी कुछ परीक्षार्थी नकल की सामग्री को छिपाकर परीक्षा कक्ष तक ले जाने में सफल हो गए। करीब 1100 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा के दौरान सचल दल ने पांच परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ लिया। इनके पास से पर्चियां और गेस पेपर के पेज बरामद किए गए। सभी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता वाली सड़कों के एस्टीमेट तैयार

**बरेली, अमृत विचार :** जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता के अनुरूप शासन ने पीडब्ल्यूडी से एस्टीमेंट मांगे हैं। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि प्रांतीय और निर्माण खंड के एक्सईएन को एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में मीरगंज-सिरौली मार्ग, मिर्जापुर से नरखेडा वाया वंशीपुर होते हुए आनंदपुर तक, मीरगंज-दिवना मार्ग, संजरपुर से सिधौली-जौनेर मार्ग का निर्माण होगा। आंवला विधानसभा क्षेत्र में गैनी से भोजपुर मढ़ी तक, ढकिया से नौगवां गौटिया तक, ढिलवारी संपर्क मार्ग से बहोड़ाखेड़ा मार्ग स्कूल तक, अलीगंज से अंतपुर तक, कुलरिया-फैजुल्लापुर से कैनी मढ़ी तक निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा बिथरी चैनपुर में ग्राम रामनगर से बमियाना रेलवे स्टेशन तक, हरूनगला से वनखंडीनाथ मंदिर होते हुए नैनपुर तक, भमोरा-शाहाबाद बिलारी मार्ग से भरताना मार्ग, भमोरा-आंवला मार्ग से मलगांव, अतरछेड़ी मार्ग तक, हनुमान तिराहा से नौरंगपुर तक निर्माण होगा। फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम रसूला से बमियाशंकरपुर तक, उदयपुर से भीकमपुर से बुधौली मार्ग, नगीरामपुर से बरूआ हुसैनपुर मार्ग, अठाना से बुधौली मार्ग का निर्माण होगा। इसके अलावा सेमीखेड़ा-वुधरन मार्ग के चार किलोमीटर हिस्से का तीन से साढ़े पांच मीटर चौड़ीकरण का 15 करोड़, वाहपुर- नदेली मार्ग के 16 किलोमीटर हिस्से को 3.75 से 7.00 मीटर चौड़ा करने का 44 करोड़ और रिझा से गिरधरपुर होते हुए राजूनगला तक 5.8 किलोमीटर का 13 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्री का नाम आद्या भल्ला से बदलकर ईशा अद्या भल्ला (Isha Adya Bhalla) रख लिया है। भविष्य में मेरी बेटी का नाम ईशा अद्या भल्ला सभी सरकारी अभिलेखों में पढ़ा लिखा जाऐगा। **विवेक भल्ला पुत्र स्व. जगन्नाथ भल्ला पता मो. कपूरथला सिविल लाइन लखीमपुर खीरी।**


सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम पांच भाई जोकि रमाकान्त, अरविन्द कुमार, अजय कुमार, मिथुन कुमार व विमल कुमार हैं जिसमें रमाकान्त का चाल-चलन व व्यवहार ठीक नहीं है जिस कारण हम सभी रमाकान्त से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में रमाकान्त के कृत्यों व लेन-देन से हमारा कोई वास्ता नहीं होगा। पिता की मृत्यु उपरान्त हम सभी भाईयों में सम्पत्ति का बंटवारा हो चुका है। **विमल कुमार पुत्र स्व. श्री राधे श्याम ऐरा मजरा भिठौली थाना खमरिया जिला खीरी।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अंकित व उसकी पत्नी सुमन प्रदर्शनी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राजेन्द्र प्रसाद रस्तोगी पुत्र राम चन्द्र निवासी खमरिया पंडित थाना खमरिया जिला खीरी।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान व दुकान के कागजात जोकि एक थैले में रखकर घर से कचहरी जा रहा है रास्ते में कहीं गिर गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। उक्त मकान का बैनामा दिनांक 31.3.90 को मेरे पिता स्व. श्री संजय मिश्रा के नाम पर है। **वैभव यक्ता पुत्र स्व. श्री संजय मिश्रा निवासी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कालोनी, जोगी नवादा रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# साहित्यः ज्ञानमार्गी दुख की औषधि


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं।

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं। कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी.आर.आंबेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डॉ. आंबेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता','इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के महान दार्शनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें- कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कःपंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

# जीवन के लिए अमृत है शिक्षा

मानव जीवन की आधारभूता, परम प्रकाश पुञ्जात्मिका, सकल लोक कल्याण कारिका, जीवन के सर्वांगीण विकास में प्रमुख सहायिका, अज्ञान-सन्देह-धर्माडम्बर-कुरीति निवारिका, रचनात्मक-क्रियात्मक-कौशलात्मक अभिवृत्तियों की उत्पादिका, सत्-असत् की परिचायिका, ज्ञान-अज्ञान की विभेदिका, यश-सम्मान-सत्य-स्वाभिमान की वर्धिका, छल-कपट-दंभ-द्वेष-असूया-ईर्ष्या-निद्रा-तन्द्रा-भय-क्रोध-आलस्य-दीर्घसूत्रता आदि दुर्गुणों की नाशिका, मानवीय गुण-आचारों की संरक्षिका, ज्ञान-विज्ञान की पोषिका शिक्षा (विद्या) मानव के समग्र कल्याण एवं सर्वविध प्रसन्नता की मूल स्त्रोत है।


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

संस्कृत वाङ्मय उपनिषद् आदि में विद्ययाऽमृतमश्नुते, विद्यया विन्दतेऽमृतम्, सा विद्या या विमुक्तये, विद्याधनं सर्वधनं प्रधानम् आदि परम प्रमाणिक ध्येय वाक्यों से शिक्षा का महत्व परिलक्षित होता है। गांधीवादी विचारक, भारत रत्न से पुरस्कृत लब्ध प्रतिष्ठित दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला के अनुसार शिक्षा वह महान शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से पूरे विश्व को परिवर्तित किया जा सकता है। मानवीय जीवन में नैतिकता, तार्किकता, कारूण्यता, संवेदनशीलता को विकसित करने में शिक्षा ही परम सहायिका होती है।

शिक्षा के समग्र गुणों को आत्मसात करने वाला मानव महामानव के रूप में परिवर्तित होकर सतत जनहित, राष्ट्रहित एवं प्राणीहित में लीन रहता है वह कभी स्वार्थ के लिए भ्रष्टाचारण नहीं करता है क्योंकि वह शिक्षा के प्रभाव से ही मानवीय मूल्यों को आत्मसात करते हुए उन विशिष्ट गुणों को अपने जीवन में आचरित करने का प्रयास करते रहता है उसके अन्तः करण में विद्यमान दुर्गुणों का धीरे-धीरे नाश होने लगता है। यहां शिक्षा के व्यापक अर्थ की अवधारणा पर स्नातक, परास्नातक तथा उच्च भौतिक उपाधियों के विषय में चर्चा करना वर्तमान कालीन शिक्षा पद्धति एक चर्चा का विषय है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात शिक्षा के व्यापक अर्थ के स्थान पर शिक्षा को आजीविका प्राप्ति निमित्त अधिक स्वीकार किया गया और शिक्षा की पूर्व गुरुकुलकालीन पद्धति आधुनिक शिक्षा पद्धति के सामने निस्तेज होते चली गई जिस कारण उच्च उपाधियां अर्जित करने के पश्चात भी तमाम दुर्गुणों, दुर्व्यसनों, दुराग्रहों की प्रवृत्ति मानव पर वर्तमान में देखी एवं अनुभव की जा सकती है चाहे सामाजिक रूप से हो, राजनैतिक रूप से हो, आर्थिक रूप से हो या जातीय रूप से हो। महान वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विलिखित नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा शिक्षा के वास्तविक उद्देश्यों/ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं यह भविष्य में देखना होगा कि कहां एवं कब तक उद्देश्यों/लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य केवल गणित, विज्ञान, पाणिनि व्याकरण के सूत्रों को रटकर आजीविका प्राप्ति करना नहीं है अपितु शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य तो माननीय मूल्यों का निर्माण करना है, मानव के अन्दर व्याप्त सभी दुर्गुणों को समूल खत्म करना है, साजिशों/ षड्यंत्रों से मुक्त करना है, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार, असत्य से दूर करना है, सुख एवं दुःख में समत्व की स्थिति में लाना है, दया, करुणा, सहानुभूति आदि गुणों से विभूषित करना है, सात्विक भोजन ग्रहण करके चित्तशुद्धि करना है, सत्य एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। शिक्षा के मूल-व्यापक-विशिष्ट गुणों को आज विद्यालयीय, महाविद्यालयीय, विश्वविद्यालयीय शिक्षा पद्धति में प्रमुख रूप से स्थान मिलना चाहिए ताकि इसी सर्वव्यापी शिक्षा पद्धति के माध्यम से एक गुणवान भावी पीढ़ी का निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान दिया जा सकता है समृद्ध एवं समर्थ भारत की कल्पना को सार्थक किया जा सकता है।

# क्या बिहार में नीतीश को हरा पाएगी कांग्रेस


यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी।

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में एनडीए की सरकार छीनने को कांग्रेस की जी तोड़ कोशिशों के बीच कुछ सवाल है जो काबिले गौर है। हालांकि नवंबर के अंत तक संभावित इस चुनाव के ठीक पहले कामरेड से कांग्रेसी हुए कन्हैया कुमार ने "रोजगार दो या सत्ता छोड़ो" के नारे के साथ बिहार के कोने-कोने तक पदयात्रा कर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की कोशिश की है। खुद राहुल गांधी बिहार में ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। आंबेडकर छात्रावास में छात्रों के बीच उनकी मौजूदगी की चर्चा खूब है। हाल ही 12 जून को बिहार के 25 जिलों में उसी बैनर "नौकरी दो या सत्ता छोड़ो" तले जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें देश भर के कांग्रेस के नामचीन नेताओं को बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का निर्देश था। इस दिन कांग्रेस के कार्यक्रम की मानीटरिंग के लिए बिहार के नए और युवा प्रभारी कृष्णा अलावरू पूरे दिन पटना में मौजूद थे। इस रोज दिन भर चले भाषणबाजी के बाद रोजगार कार्यालयों पर ताला बंदी का भी कार्यक्रम था। कांग्रेस का यह कार्यक्रम बिना किसी रोक-टोक के नीतीश सरकार ने संपन्न होने दिया। नीतीश कुमार के मानसिक संतुलन को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच उनका यह निर्णय उनके मानसिक संतुलन के दुरुस्त होने का सबूत भी है।

बिहार के एक सप्ताह के प्रवास के दौरान जो खास देखने को मिला वह यह कि वहां राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ी है। अब यह वोट में कितना तब्दील हो पाता है, इसपर अभी कुछ कह पाना जल्द बाजी होगी। कन्हैया कुमार की मेहनत का भी असर देखने को मिला है। बिहार की मीडिया कांग्रेस और आरजेडी में दुराव लाने की कोशिश में भी लगी है। खबरें और उसकी हेडिंगो के जरिए वह लगातार यह बताना चाह रही है कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। बिहार का मीडिया लिखता है कि कांग्रेस की सक्रियता से आरजेडी के कोर वोटरों में बिखराव तो कभी यह कि आरजेडी के मुकाबले दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर। आदि आदि! लेकिन आम जनमानस में मीडिया की ऐसी खबरों का असर नहीं, उपहास होता हुआ जरूर दिखा। बिहार के पिछले विधानसभा में कांग्रेस के करीब 40 विधायक थे। अभी 19 हैं। जबकि 70 सीटों पर उसके उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। कांग्रेस अपनी सीटें कम होने के कई कारण गिनाती है। अभी जो कुछ माह बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं, कांग्रेस उसमें अपना स्ट्राइक रेट जरूर बेहतर करना चाहेगी। यहां यह बता देना जरूरी है कि बिहार में इंडिया गठबंधन पूरी तरह एक जुट है। कांग्रेस के कार्यक्रम में बेशक आरजेडी साथ नहीं है लेकिन दोनों का साथ एकदम मजबूती से है। इस बार टिकटों के बंटवारे में कांग्रेस की ओर से खास यह होगा कि वह गिनती के लिए सीटें नहीं चाहेगी। उसका दावा सिर्फ उसी सीट पर होगा जिस पर वह जीती है और जिस पर वह जीत सकती है। जैसे कांग्रेस का कहना है कि पिछले चुनाव में उसे जो 70 सीटें मिली थी उसमें 40 सीटें ऐसी थी जिस पर कई सालों से विपक्ष जीता ही नहीं। पिछले चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने भी कांग्रेस का नुक़सान किया था। इस बार ओवैसी की पार्टी के भी बिहार में गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने की चर्चा है। सीपीआई पहले से ही गठबंधन का हिस्सा है। कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव में तस्वीर कुछ यूं बन रही है कि आरजेडी ही लीडिंग रोल में होगी। कांग्रेस पहले की तरह नंबर दो पर ही रहकर नीतीश सरकार को बेदखल करने की कोशिश करेगी। संभावना है कि कुल 243 सीटों में से आरजेडी करीब150 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 55-60 सीटों पर लड़ेगी और बाकी पर गठबंधन की शेष पार्टियां जोर आजमाएंगी। बताने की जरूरत नहीं कि बिहार की राजनीति सौ प्रतिशत जातीय अंकगणित पर आधारित है। यहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों की संख्या इतनी है कि वह जिसके पक्ष में चाहे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। इन जातियों का वोटर भले ही भाजपा के साथ न हो लेकिन नीतीश कुमार के साथ हैं। यह बड़ी वजह है कि बिहार की ऊंची जातियां कांग्रेस अथवा उसके गठबंधन के साथ आती जाती रहती हैं। माना जा रहा है कि इसी समीकरण के मद्देनजर कांग्रेस ने यहां मोहन प्रकाश को प्रभारी तो अखिलेश प्रसाद सिंह को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखा था। मौजूदा समय में ये दोनों अपने पदों पर नहीं हैं। निश्चित ही अपने अपने पदों से हटे इन दोनों नेताओं से भितरघात की संभावना तनिक भी नहीं है कांग्रेस के तमाम नेताओं, कुछ विधायकों से बात चीत से ऐसा लगा कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष रहे अखिलेश प्रसाद सिंह को हटाए जाने का दुख है। अखिलेश प्रसाद सिंह भूमिहार हैं और उनका भूमिहार वोटरों पर खासा प्रभाव है। कांग्रेस ने उन्हें हटाकर राजेश कुमार नामक एक दलित विधायक को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है ताकि दलित वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर हो। बिहार कांग्रेस नेताओं और विधायकों की चिंता यह है कि नए दलित प्रदेश अध्यक्ष दलितों का वोट कांग्रेस को शायद न दिला पाएं, भूमिहार वोटरों का कांग्रेस से खिसक जाने का खतरा जरूर है।

कांग्रेस की एक महिला विधायक जिसका की नाम देना यहां जरूरी नहीं है "उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा कि इस बार सबकुछ ठीकठाक चल रहा था, राहुल गांधी का लगातार दौरा हो रहा था, कन्हैया कुमार पदयात्रा कर लोगों में कांग्रेस का अलख जगा रहे थे, निश्चित ही इस मेहनत का फायदा कांग्रेस को मिलता लेकिन बिना किसी कारण के प्रदेश अध्यक्ष के बदल देने का संदेश ठीक नहीं गया। कांग्रेस कह तो रही है कि हमारी सरकार बनने के बाद हम इससे अच्छी सुविधाएं देंगे लेकिन जनता है कि वह सुनती ही नहीं। सीधे कहती है कि अभी तो ये सब मिल ही रहा है, कांग्रेस जब आएगी तब देखा जाएगा। एक कांग्रेस विधायक ने तो यहां तक कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को शामिल करने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# कैसे हो परमात्मा से जुड़ाव


गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
कर अधिकारी, बलरामपुर

मानव जीवन क्षणभंगुर है। कब क्या हो जाये, पता नहीं? इसलिये अपना दैनिक जीवन जीते हुए भी हम सबको उस ईश्वरीय शक्ति से सदैव जुड़े रहना चाहिये। चलते-फिरते भी हम उस परमसत्ता का स्मरण करते रहें और अपने हर कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उसके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें। प्रयास करें कि यह हमारी दैनिक आदत में शामिल हो क्योंकि परमात्मा से जुड़ाव के लिए भी अभ्यास आवश्यक है। हमें कभी नहीं सोचना चाहिए कि ईश्वर की भक्ति जीवन के अन्तिम समय की चीज है। मानव जीवन बड़ा अनिश्चित है, अतः कौन सा समय अन्तिम समय हो जाए, कहा नहीं जा सकता। ईश्वर के प्रति समर्पण हमारे आत्मविश्वास को प्रबल करता है। उसकी निरन्तर स्मृति हमारी लौकिक क्षमताओं में वृद्धि करती है और हम पाते हैं कि हमारे सभी लौकिक कार्य अच्छे से सम्पादित हो रहे हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि ईश्वर से जुड़े रहने से हमारा मन शांत रहता है और शांत रहने से हमारी एकाग्रता और कार्यक्षमता बढ़ती जाती है, जिससे हम अपना हर काम ध्यानपूर्वक और बिना विचलित हुए कर पाते हैं। ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही उसकी प्राप्ति का सहज मार्ग है। श्रीमद्भगवद्गीता के नवें अध्याय के चौंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश करते हुए कहते हैं- "मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।/मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः।।" अर्थात मुझमें मनवाला हो, मेरा भक्त बन, मुझमें पूजन करने वाला हो, मुझको प्रणाम कर। इस प्रकार आत्मा को मुझमें नियुक्त करके मेरे परायण होकर तू मुझको ही प्राप्त होगा।

अब प्रश्न उठता है कि भगवान में मन कैसे लगाया जाए? बाबा तुलसीदास जी ने कहा है- "जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं।।" संसार में उन्मुख जीव की भगवान में रुचि होना सहज नहीं है। इसके लिए भी अभ्यासपूर्वक उपाय करना होगा। संतों की संगति, भगवान की कथा, लीला एवं गुणों को सुनना, वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, रामायण आदि ग्रंथों का अध्ययन-अनुशीलन, प्रभु का नामस्मरण, भजन-कीर्तन, प्रभु के रूप का चिन्तन तथा उनमें अखण्ड विश्वास, भगवद्भक्तों की सेवा, सभी में ईश्वर का दर्शन, संतोष, निश्चलता एवं सरलता आदि उपायों के द्वारा अपने मन को निरन्तर प्रभु से जोड़े रखने का अभ्यास किया जा सकता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण के वचनों के अनुसार इस तरह के उपायों द्वारा अपनी आत्मा को प्रभु से जोड़कर हम परमात्मा का ही स्वरूप (आत्मस्वरूप) हो जायेंगे अर्थात परमात्मा में सब प्रकार समर्पण द्वारा ही अपने सत्य स्वरूप (परमात्म स्वरूप के साथ एकात्मता) को प्राप्त कर सकेंगे।

# सींखचों में चूजे



महानगरों में रहने वाले हर सुधी जन ने कभी न कभी यह दृश्य किसी न किसी रूप में अवश्य देखा होगा जब बेजुबान चूजों का एक विशाल दल बेबसी अवस्था में लोहे के जालीदार सीखचों के पीछे पिजरे में बंद अपने नियति से अनजान किसी अघोषित स्थान पर अंतिम बलिदान के लिए ले जाया जा रहा होगा। इन नितांत असहाय प्राणियों की दशा पर किसी को भी तरस आना स्वाभाविक होगा पर शहर की निर्मम व्यस्तता में सब कुछ खो जाता है। सहज मानवता इस भागमभाग जिंदगी की सबसे पहले बलि चढ़ती है। दिल्ली और अन्य शहरों में यह वीभत्स क्षण अक्सर देखने को मिल जाते है। प्रातःकाल चिकित्सालय जाते समय सड़क पर मिनीबस नुमा गाड़ी में सात मंजिले कठघरे में सैकड़ों चूजे अपने अपने प्रकोष्ठों में अपने स्वजातियों के मूत्र, विष्ठा और लार में नहाने को विवश भयभीत सिकुड़ कर बैठे हुए निर्द्वन्द भागती गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे। गाड़ी के ऊपर बने इस दरबेनुमा कठघरे में छोटी-छोटी कई कोठरियां थी जिनके अंदर छह से सात चूजे ठूंस ठूंस कर भर दिए गए थे।


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

सब अज्ञात अनंत पथ की पर बढ़ रहे थे। सबके अंदर भयानक खलबली थी। कठघरे से निकालते समय भी ये बुरी तरह से डरे हुए होंगें। आखिर बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी? थोड़ी देर में ये सब कसाइयों को सौप दिये जाने वाले हैं और फिर कसाई की छूरी एक एक के गर्दन पर उन्हें हलाल या निर्दयता पूर्वक कलम करके ही दम लेगी। क्रूर कसाई के हाथों में फड़फड़ाते वक्त भी उनके प्राण एक क्षण के लिए पुतलियों में जाकर अटक जायेंगे। पुतलियां विस्फरित होकर कसाई के अगले घातक वार के समय यमराज के यहां प्रस्थान की तैयारी करेंगी। उसके बाद दुकान पर चूजों के गोश्त के लोथड़े छितरे-बितरे पड़े होंगे। इन मांस-खून से लिपटे टुकड़ों में एडरलीन-नारएडरलीन जैसे विषैले रसायन भरपूर मात्रा में उपस्थित होंगे क्योंकि काटे जाने के पूर्व ये चूजे थर-थर कांप रहें होंगे। भयातुर होंगे। आखिर उन्हें कसाई के छूरे-गड़ासे का सामना करना था। उस दशा में उनकी अंतःस्रावी ग्रंथियों से एडरलीन-नारएडरलीन नामक रसायनों का निकलना स्वाभाविक सुरक्षात्मक प्रक्रिया का क्रम था। इन रसायनों के अतिरिक्त वातावरण की प्रदूषित वस्तुएं भी अदृश्य रूप से इन मांस पिंडों में प्रभूत रूप से मौजूद होंगी।

मैं सोच रहा था इन चूजों का मांस-मज्जा खाने वाले लोग मुर्ग-मुसल्लम या चिकेन व्यंजन का उपभोग करने वाले लोग कैसे खुश रहते होंगे? उनकी जिह्वा को तात्कालिक स्वाद भले मिलता हो पर इन मांसाहारियों को कम उम्र में ही बढ़े कोलेस्ट्रॉल, शुगर और उच्चरक्तचाप (अधिक बीपी) की समस्या से दो दो हाथ तो करना ही पड़ेगा। पशु-पक्षियों के प्रति निर्दयता और क्रूरता की पराकाष्ठा के विरुद्ध गला फाड़ फाड़ कर शोर मचाने वाले उन गैर सरकारी संघटनों को क्या कहा जाए जो गांधी जी के तीन बंदरों की भांति ऐसे दृश्यों को देख कर सुना-अनसुना कर देते हैं? सींखचों के पीछे जकड़े ये मूक-निस्सहाय चूजे अपने प्राणों की भीख तो मांग ही रहे हैं साथ साथ मानवता की दुहाई भी दे रहे हैं कि हे मानव तुम हमें बचा कर अपना भी अतिशय कल्याण करोगे। हमें अपना आहार मत बनाओ। हमारा खून क्यों बहाते हो? क्या उनकी पुकार कोई सुन रहा है?

# समय की जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना की समझ


डॉ. आनंद के. सिंह
प्रोफेसर, हिन्दू कालेज, मुरादाबाद

> राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

भारत की सीमाओं पर बढ़ती अस्थिरता, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, और आंतरिक सुरक्षा के बहुआयामी संकट हमें इस मूलभूत प्रश्न की ओर ले जाते हैं कि ...क्या भारत के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संस्कृति के प्रति पर्याप्त रूप से सजग हैं? उत्तर स्पष्ट है-अभी नहीं। जबकि सैन्य, कूटनीति और तकनीक के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है, आम नागरिकों की सामूहिक चेतना में अभी तक सुरक्षा और रणनीतिक सोच गहराई से नहीं उतर पाई है। दरअसल यह मात्र एक शैक्षणिक अथवा नीतिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और गौरव का प्रश्न बन चुका है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का आशय अब पारंपरिक युद्ध या सैन्य प्रतिरोध तक ही सीमित नहीं है। साइबर हमले, सूचना युद्ध, आंतरिक उग्रवाद, आर्थिक निर्भरता, जल संकट और महामारी जैसी नई चुनौतियां सुरक्षा को बहुआयामी बना चुके हैं। इनसे निपटने के लिए सेना या सरकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। परन्तु, क्या हमारे युवा, छात्र, सामान्य जन इन विषयों को समझते हैं? क्या वे अपने राष्ट्र के हितों को केवल मतदान या सोशल मीडिया पोस्ट से ही जोड़ते हैं?

रणनीतिक संस्कृति का अर्थ है राष्ट्र की सुरक्षा, विदेश नीति और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली सोच और दृष्टिकोण की परिपक्वता। चीन और अमेरिका जैसे देश दशकों से इसे अपने नागरिकों में शिक्षित कर रहे हैं। भारत में यह संस्कृति या तो विशिष्ट संस्थानों में सीमित है या फिर राजनीतिक विमर्श के कोलाहल में दब जाती है। यह एक चिंताजनक स्थिति है क्योंकि कोई भी नीति या सैन्य रणनीति तभी कारगर हो सकती है जब उसे जनसमर्थन और जनचेतना का आधार प्राप्त हो।

हमारे विश्वविद्यालयों में अधिकांश छात्र यह नहीं जानते कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति क्या है? उसके लक्ष्य क्या हैं? और भारत की सीमाएं किन चुनौतियों से जूझ रही हैं? रक्षा अध्ययन जैसे विषय कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित हैं और सामाजिक विज्ञान की मुख्यधारा से अभी भी दूर हैं। यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कारगिल, पठानकोट, पुलवामा जैसे हमलों का सामना किया हो, वहां के नागरिकों को सुरक्षा संस्कृति के विषय में जानकारी नहीं है।

मीडिया में भी सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की कवरेज अक्सर सतही या सनसनीखेज होती है। गहराई में जाकर विषयों की पड़ताल और नागरिकों को शिक्षित करने का जो उत्तरदायित्व मीडिया निभा सकता था, वह अभी बहुत सीमित है। इसी तरह, हमारी पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय सुरक्षा और स्त्रातजीय मामलों को या तो अनुपस्थित रखा गया है अथवा इसे अप्रासंगिक दृष्टिकोण से देखा गया है।

मैं मानता हूं कि-भारत को शीघ्र ही एक औपचारिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति नागरिको के लिए सार्वजनिक करनी चाहिए, जिसमें सैन्य, आंतरिक, साइबर, जैविक और आर्थिक सुरक्षा जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयवस्तु शामिल हों। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा, रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों से संबंधित पाठ्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाए। जिस प्रकार देश में स्वच्छता और मतदान के लिए अभियान चलाए गए, वैसे ही राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चेतना के लिए भी सघन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में "रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन (डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज)" विषय को और अधिक संस्थानों में शुरू किया जाए और इसे मुख्यधारा में लाया जाए। 'मीडिया हाउसों को भी चाहिए कि वे सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करें और नागरिकों को भावनात्मक नहीं बल्कि संवेदनशील तथा तर्कपूर्ण ढंग से शिक्षित करें।

राष्ट्र मात्र सीमाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सामूहिक चेतना से सुरक्षित रहता है। जब प्रत्येक नागरिक अपने देश के कर्तव्यों, चुनौतियों और रणनीतिक विकल्पों के प्रति सजग होता है, तभी वह राष्ट्र वास्तविक रूप से शक्तिशाली बन सकता है। भारत जैसे उभरते शक्ति केंद्र के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने नागरिकों में न केवल राष्ट्रप्रेम, बल्कि सुरक्षा और रणनीतिक चेतना को भी विकसित करे। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार** : वरिष्ठ रंगकर्मी, लेखक एवं निर्देशक राकेश श्रीवास्तव का शुक्रवार शाम गुरुग्राम स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने बचपन से ही कालीबाड़ी में होने वाले नाटकों में अभिनय करना शुरू किया। अपनी संस्था मयंक नाट्य संस्था से कई नाटकों का मंचन किया। जिसमें आचारों का आचार, घासीराम कोतवाल, नारायण–नारायण, महाब्राह्मण, जरूरत है श्रीमती की, आओ साथी सपना देखें, बेबी, खामोश अदालत जारी है आदि नाटक रचे। कई टेलीफिल्म, फिल्मों में भी निर्देशक और अभिनेता के रूप में कार्य किया। प्रदेश स्तर पर अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में भी भाग लिया। बरेली व शाहजहांपुर में रंगकर्म की नई पौध तैयार की। रंजीत बलिया, विक्रम सिंह, राजू चौहान, कुमार संजय, राजीव शर्मा, संजय मठ, पप्पू वर्मा, संजीव, परवेज, अमन आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### मानव की उपलब्धियां ईश्वर की कृपा, न करें अभिमान



**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति व अखिल भारतीय श्री राधा संकीर्तन मंडल की ओर से शनिवार को 7 दिवसीय श्री रामकथा की शुरुआत की गई। पहले दिन कथा में वाराणसी से पहुंचे कथावाचक पंडित आशीष मिश्र ने कहा कि मानव के जीवन में जब सफलता या सम्मान आता है तो वह उसे अपनी योग्यता और विशेषता का परिणाम मान लेता है, इसका उसे अभिमान हो जाता है और अभिमान के कारण उसका पतन होता है। इसलिए मानव का कर्तव्य है कि जब उसके जीवन में सफलता या सम्मान आए तो वह यह समझे कि भगवान की कृपा का परिणाम है। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा,अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महिला से मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाही, अमृत विचार** : महिला से मारपीट के आरोपियों पर पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। ग्राम लालपुर निवासी गायत्री देवी पत्नी रघुनंदन ने दी हुई तहरीर में बताया था कि वह 5 जून 2025 को शाम 5 :30 बजे खेत में पानी लगाने के लिए पाइप डाल रही थी, तभी गांव के यशपाल, ओमपाल,रोहतास वहां पहुंचे और पानी का पाइप डालने से रोकने लगे। विरोध पर गाली देते हुए लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर जब गांव के लोग इकट्ठे होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी शाही अमित कुमार ने बताया कि गायत्री देवी के प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, तीनों आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को परिजनों से मिलाया

**मीरगंज, अमृत विचार** : पुलिस ने घर से गुम हुए सात साल के बच्चे को उसके परिजनों तक पहुंचाया। शनिवार को तहसील रोड के पास एक सात साल का बच्चा घूमता मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम मयंक बताया, लेकिन वह अपने घर की जानकारी नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे का फोटो विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों, सोशल मीडिया पर पोस्ट करके वायरल किया। कुछ ही समय में बच्चे की पहचान थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला सालेनगर निवासी देवेंद्र के रूप में हुई। वह अपने नाना चन्द्रसेन ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज के मझरा अब्दुल्लागंज के यहां छुट्टियां मनाने आया था। पुलिस ने तत्काल उसके नाना चंद्रसेन और मामा ओमकार को थाने बुलाया। पहचान कराने के बाद सौंप दिया।

### गोसेवा आयोग के सदस्य ने गोशाला का किया निरीक्षण

**शेरगढ़, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव के साथ ब्लाक शेरगढ़ की शरीफ नगर गोशाला का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला में संरक्षित गोवंशीय पशुओं का रख–रखाव, साफ–सफाई, भूसा का भंडारण, हरा चारा का प्रबंधन और पानी की उपलब्धता चेक की। उन्होंने गायों का पूजन करके उन्हें गुड़ खिलाया। उन्हें गौशाला में 208 पशु संरक्षित मिले। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बीडीओ सुखपाल सिंह से अब तक गोशाला का रास्ता दुरुस्त न कराने का कारण पूछा। इस पर उन्होंने बताया रास्ता खेतों में होकर जा रही है जो राजस्व विभाग के नक्शे में नहीं है। जिस कारण रास्ता को पक्का नहीं किया जा सका है। बीडीओ ने बताया पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. समर राही और उनकी टीम समय– समय पर बीमार पशुओं का उपचार एवं सामान्य पशुओं की स्वास्थ्य जांच भी की जाती हैं।दरअसल गोशाला एनजीओ चलाती है, इस वजह से गांव वाले दबाव बनाकर अपने पशु वहां छोड़ जाते है। इस वजह से यहां पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अधिकारियों ने जिम्मेदारों को गोशाला में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, विद्युतीकरण कराने, गोशाला तक कच्चे रास्ते को पक्का कराने और अनाधिकृत लोगों के प्रवेश को वर्जित करने के निर्देश दिए।

# निवेशकों को धोखा देने वाले तीन पकड़े

## लोगों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हुई है अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : हजारों लोगों के साथ धोखाधड़ी करके भागने वाली अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के मालिक और एजेंटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कंपनी के मालिका और एजेंटो की तलाश में है। धीरे-धीरे गिरफ्तारी की जा रही है। अब तक पुलिस ने चार एजेंटों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। अब तीन और एजेंट को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

बरेली के कुछ लोगों ने फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी खोली थी। शहर में मीरा सराय मार्ग पर कार्यालय खोला गया है। कई साल से कंपनी लोगों के एफडी और आरडी खाते खोले थे। कुछ महीनों से कंपनी ने मैच्योरिटी के रुपये निवेशकों को नहीं दिए और कार्यालय बंद कर दिया। कंपनी के भागने के बाद निवेशकों ने दो बार हंगामा किया था। वहीं पता चला है कि कुछ एजेंट ने भी निवेशकों के साथ जालसाजी की। उन्होंने लोगों के

**आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देने का आह्वान**

कंपनी के शिकार मजदूर वर्ग के अलावा व्यापारी, सरकारी कर्मचारियों से लेकर अधिवक्ता भी हुए हैं। जिसके चलते कोई भी अधिवक्ता आरोपियों का केस लेने को तैयार नहीं है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोगों से आह्वान किया है कि जिसने भी कंपनी में रुपये जमा कराए हैं वह लोग तुरंत कंपनी और एजेंटों के खिलाफ सदर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दें। जिससे लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके।

- **कंपनी के मालिकों और एजेंटों के खिलाफ दर्ज की हैं चार रिपोर्ट**

फर्जी खाते खोले और जाली पासबुक तैयार करके लोगों से धोखाधड़ी की थी। कंपनी मालिक और एजेंटों के खिलाफ चार रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। पुलिस लगातार इन एजेंटों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस ने शनिवार को तीन एजेंट शहर के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी शोभित कुमार वर्मा, उझानी के मोहल्ला नझियाई निवासी नवीन शर्मा और आवास विकास कॉलोनी निवासी अमित साहू को सुंदरनगर मार्ग से गिरफ्तार किया। वहीं कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य और उनके भाई सूर्यकांत मौर्य अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# कोड़ा शाह बाबा के कुल की रस्म अदा की



कुल की रस्म के दौरान मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : आनंद विहार कॉलोनी स्थित दरगाह पर शनिवार को तीसरे दिन गौस अली शाह जलाली उर्फ कोड़ा शाह बाबा के कुल की रस्म अदा की गई। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण समिति के पूर्व सदस्य सैफ अली खान के साथ मोबिन चिश्ती, डॉ. उरूज अख्तर, अकील यार खां, नसीम खां, सलमान साबरी, शाहेगुल कुरैशी, सय्यद मुताहिर अली ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की।

दरगाह पर शाम को फनकार आरिफ निजामी ने रंग शरीफ का नजराना पेश किया। खानकाह ए निजामिया के सज्जादानशीन पाशा मियां निजामी ने कुल

- **सज्जादानशीन ने देश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की**

शरीफ की फातिहा पढ़ी। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने उर्स में सहयोग करने के लिए पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, हाजी उवैस खां, शोहेब खां, मोहम्मद सलीम रजा, वसी अहमद, परवेज यार खां, अरबाज खान, सलमान शम्शी, दानिश खान, शाजेब अली खां, रिजवान नियाजी, चमन मियां नियाजी, शादाब कुरैशी, इब्राहिम निजामी आदि मौजूद रहे।

# मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में प्रगतिशील किसान सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **उद्यान मंत्री ने करोड़ों रुपये के कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया**
- **उद्यान विभाग की स्वर्ण जयंती पर अटल सभागार में मंडलीय गोष्ठी आयोजित**



स्मारिका का विमोचन करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : उद्यान विभाग की स्वर्ण जयंती पर बरेली एवं मुरादाबाद मंडलों की संयुक्त मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन शनिवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में हुआ, जिसका शुभारंभ उद्यान, कृषि विपणन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने 3.30 करोड़ की लागत से निर्मित उद्यान विभाग के कार्यों, मंडी परिषद की ओर से कराए गए 24.88 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। गोष्ठी में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनी में कृषि, मत्स्य, रेशम, गन्ना विभाग सहित एफपीओ व स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। पूर्व कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने औद्यानिक फसलों की वैज्ञानिक खेती, निर्यात, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, कैनोपी प्रबंधन व नई तकनीकों पर व्याख्यान दिए। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए फलों, सब्जियों, फूलों, औषधीय पौधों एवं शहद उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से फल-सब्जियों के निर्यात में वृद्धि की संभावना जताई। प्रगतिशील किसानों अनिल साहनी (अमरूद), प्रवीण गुप्ता (ड्रैगन फ्रूट), वीरपाल (पाली हाउस टमाटर), राजेन्द्र गंगवार (खीरा), मनोज शर्मा (औषधीय खेती), नदीम सिद्दीकी (आम निर्यात), राहुल जवान (जैविक केला), कुलवीर सिंह (स्ट्रॉबेरी) सहित अन्य को सम्मानित किया गया। उप निदेशक उद्यान एसके गुप्ता ने आभार जताया। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, कुलपति प्रो. केके सिंह, निदेशक भानु प्रकाश राम सहित बरेली व मुरादाबाद मंडलों के उप निदेशक उद्यान और जिला उद्यान अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्रा के अपहरण के मामले में एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**देवरनियां, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को दिए शिकायती पत्र में बताया उसकी बेटी बरेली के ही एक कॉलेज से एएनएम की पढ़ाई कर रही है। 4 जून को वह कॉलेज की फीस जमा करने के लिए घर से निकली थी। रास्ते से रितिक शर्मा दोस्तों के सहयोग से उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया। जब उसे जानकारी हुई तो उसने रितिक शर्मा के परिजनों से शिकायत की तो उसके पिता जयनारायण, चाचा चंद्र सेन, सत्यदेव नारायण उससे झगड़े पर उतारू हो गए। उसे धमकी दी कहीं कोई शिकायत की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। पीड़ित पिता का आरोप है उसकी पुत्री अभी तक उन्हीं के कब्जे में है। यह लोग उसकी बेटी से कभी भी कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। उसने इसकी शिकायत 7 जून को कोतवाली देवरनियां पुलिस से की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। एसएसपी के आदेश के बाद कोतवाली देवरनियां पुलिस ने रितिक शर्मा, राजू उर्फ राजकुमार, धीरज, जय नारायण, चंद्र सेन, सत्यपाल देवनारायण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने आंवला में किया पौधरोपण

**आंवला, अमृत विचार** : ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की आंवला शाखा की ओर से कस्बे में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया और लोगों को जागरूक किया गया। आंवला केंद्र प्रभारी दीपा कुमारी ने बताया वृक्ष मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं, इसलिए हमें अधिकाधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। बहनों ने तहसील, थाना, भरतजी सरस्वती इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान एसडीएम आंवला एन राम, इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह, व्यापारी नेता सुनील गुप्ता, अमित शर्मा, राम बहादुर सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, श्याम वर्मा, राधा चरण सिंह, सरिता बहन, मंजू जोशी आदि मौजूद रहे।

## शेरगढ़ में इंस्पेक्टर ने सुनीं शिकायतें

**शेरगढ़, अमृत विचार:** थाना दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान गांव मोहिद्दीनपुर,बरीपुरा,पीपल साना, नगरिया कलां समेत क्षेत्र के गांवों से चकरोड एवं भूमि संबंधी पांच शिकायतें आईं। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया थाना दिवस में भूमि संबंधी पांच शिकायतें आईं, जिसमें कुछ शिकायतें न्यायालय संबंधित थीं। इस अवसर पर एसएसआई आदित्य, गौरव श्रीवास्तव,राजस्व निरीक्षक जोगेंद्र पाल सिंह यादव,लेखपाल दीपक गंगवार,आशीष शुक्ला,गिरंद सिंह आदि समेत अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# तपिश का प्रहार...रोडवेज बसों में सफर हुआ दुश्वार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सेटेलाइट बस अड्डे पर अव्यवस्थाओं के बीच सफर करने को मजबूर हैं यात्री**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में रोडवेज की तपती बसों में यात्रा करना दुश्वार हो गया है। सेटेलाइट बस अड्डे से धूप में तपती बसों में बैठकर यात्री सफर करने को मजबूर हैं। कई बसों में खिड़कियों के शीशे तक नहीं है तो कई में शीशे जाम हैं।

बस अड्डे पर भी यात्रियों के बैठने की जगह पर लगे पंखे गर्म हवा फेंक रहे थे। गर्मी में लू से बचाव के लिए प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने पिछले महीने ओआरएस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए थे। इसे भी कुछ समय बाद अफसरों ने हवा उड़ा दिया। बस स्टैंड पर चालकों ने बताया कि पिछले महीने उनको वर्कशाप से बस निकलने के दौरान ओरआरएस के पैकेट दिए जा रहे थे। कुछ दिन बाद स्थिति फिर वही हो गई। वहीं बरेली और रुहेलखंड डिपो की कुछ बसों में फर्स्ट एड बॉक्स तो लगे मिले लेकिन दवाएं नहीं थीं। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी का कहना है कि बरेली रीजन की खटारा बसें हटा दी गई हैं। साधारण बसों में गर्मी में दिक्कत होती है फिर भी अधिकांश यात्री इन्हीं बसों से सफर करना पसंद करते हैं।

## राहगीरों को शर्बत पिलाया

**नवाबगंज :** बाईपास बाजार के दुकानदारों परवेज रजा, फौजान रजा, नाजिम, रामसिंह, वसीम , मिंटू और अलीम ने प्याऊ लगाकर राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई ।

## नीट में अरमान और देव गुप्ता ने पाई सफलता

**नीट में अरमान और देव गुप्ता ने पाई सफलता** : नवाबगंज के कई युवाओं ने नीट में सफलता अर्जित करके परिवार का नाम रोशन किया। ग्राम बरखन निवासी मो. अरमान अंसारी और कस्बा निवासी देव गुप्ता ने सफलता प्राप्त की। देव गुप्ता ने ओबीसी वर्ग में 2338वीं और मो. अरमान ने 5359 वीं रैंक हासिल की है।

**स्वामी धर्मानन्द सरस्वती इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर**
(पूर्व नाम-श्री दैवी सम्पद इण्टर कालेज, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर)

**सूचना**

विद्यालय सोसाइटी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि स्वामी धर्मानन्द सरस्वती इण्टर कॉलेज, शाहजहाँपुर की प्रबन्ध समिति का चुनाव निम्न कार्यक्रम के अनुसार होगा–

1.मतदाता सूची दिनांक 15.06.2025 से संस्था कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। 2.मतदाता सूची पर दिनांक 25.06.2025 तक आपत्ति की जा सकती है। जिसका निराकरण अध्यक्ष द्वारा इस तिथि के 02, दो सप्ताह के अन्दर दिनांक 09.07.2025 तक किया जायेगा। 3.दिनांक 11.07.2025 को मतदाताओं की अन्तिम अधिकृत सूची जारी की जायेगी। 4.दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 तक प्रबन्ध समिति की सदस्यता हेतु नामांकन प्रस्तुत किया जायेगा। 5. दिनांक 25.07.2025 तक नामांकन पत्रों की जांच, आपत्ति एवं नाम वापसी की जायेगी। 6. दिनांक 27.07.2025 को उम्मीदवारों की अधिकृत सूची जारी की जायेगी। 7. दिनांक 14.08.2025 को प्रात: 10 बजे से प्रबन्ध समिति का चुनाव संस्था में होगा तथा उसी दिनांक को परिणाम घोषित किया जायेगा।

**अध्यक्ष–स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती**
**स्वामी धर्मानन्द सरस्वती इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सं.-**
**उप मु.इं.-निर्माण-एलजेएन-05-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

**क्र.सं. :** 1, **खुली निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-एलजेएन-05-2025 दिनांक 13.06.2025, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परियोजना के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खण्ड के मध्य ट्रैक का रखरखाव एवं अन्य विविध कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 2,06,73,596.46, **बयाना राशि :** रु. 2,53,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 (छ:) माह।

• **क्रम सं.-1:-** ई-टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 07.07.2025 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। • निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट http://ireps.gov.in अथवा वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-II**
**मुजाधि/डब्ल्यू-117 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ जं.**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 27/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत सोनाई, गंज डुंडवारा, सिकन्दरा राव, हाथरस सिटी एवं मथुरा कैंट यार्डों (कुल = 5 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 10,11,80,552.15, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,55,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 2.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में समइं/ लाइन/ इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत भोजीपुरा, पंतनगर, किच्छा, देवरनियाँ एवं बहेड़ी में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 6,34,34,147.64, बयाना राशि रूपयों में : रू. 4,67,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 3.** कार्य का विवरण : 1. इज्जतनगर डिवीजन में समइं/लाइन/इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत बदायूँ, उझानी, एवं मकरन्दपुर में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य। 2. भोजीपुरा-लालकुआँ (26 सेटस्) एवं भोजीपुरा-कासगंज (67 सेटस्) एस.ई.जे. बेहतर एस.ई.जे. का नवीनीकरण (26 सेटस्)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,89,08,628.49, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,44,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **क्र.सं.4.** कार्य का विवरण : समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तगंत बिल्हौर, कन्नौज, खुदागंज, कमालगंज, फतेहगढ़, कायमगंज, कम्पिल रोड एवं दरयाव गंज यार्डो (कुल 8 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 14,22,38,689.00, बयाना राशि रूपयों में : रू. 8,61,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 07.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),**
**मुजाधि/डब्लू - 115 इज्जतनगर**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स,**
**193–ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली**

पत्रांक:-470I/पंजी0 2024-25/बरेली दिनांक 12.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेमपाल द्वारा अध्यक्ष की हैसियत से संस्था डॉ0 भीमराव अम्बेडकर मानव कल्याण समिति – ग्राम खजुरिया श्रीराम थाना भुता तह0 नवाबगंज जिला बरेली – 262406 के पंजीकरण हेतु सोसा0 रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं –

| क्र0सं0 | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रेमपाल पुत्र श्री ब्रजपाल | अध्यक्ष |
| 2 | श्री राज कुमार पुत्र श्री नत्थू लाल | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री अनिकेत पुत्र श्री चन्द्र पाल | सचिव |
| 4 | श्री पारस पुत्र श्री सूरज पाल | कोषध्यक्ष |
| 5 | श्री जितेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री भगवानदास | सदस्य |
| 6 | श्री आदेश पुत्र श्री राधेश्याम | सदस्य |
| 7 | श्री राहुल पुत्र श्री झम्मन लाल | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटरी सोसा0रजि0 अधि0 1860 की धारा 3 (1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।**

पत्रांक. 246 / ग्रा0अभि0वि0 / निविदा पत्रा0–1 / 2025–26, दिनांक. 31.05.2025

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत जनपद लखीमपुर खीरी में निम्नलिखत कार्यों हेतु उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में ए,बी,सी, डी0 श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्य की ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 /लाट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत लाख में | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि लाख में | निविदा पत्रक का मूल्य (समस्तकरों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधायक निधि | | | | |
| 1 | लखीमपुर खीरी | ग्रा0पं0 महम्मदाबाद में महाजन के मकान से खंजन के मकान तक इन्टरलकिंग व नाली निर्माण कार्य, 161 मी0। वि0ख0 लखीमपुर | 12.544 | 0.260 | 856.00 | 2 माह |
| 2 | लखीमपुर खीरी | ग्रा0पं0 सैदीपुर (हरैया) में प्रा0वि0 से विनय कश्यप के मकान तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, 130 मी0। वि0ख0 नकहा | 10.814 | 0.220 | 856.00 | 2 माह |
| 3 | लखीमपुर खीरी | ग्रा0पं0 सैदीपुर (हरैया) में संतू के मकान से रामसनेही के मकान तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य, 130 मी0। वि0ख0 नकहा | 10.814 | 0.220 | 856.00 | 2 माह |
| 4 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत बघौड़ा के मजरा हरैया में श्री सज्जन सिंह के झाले से श्री काके एवं श्री कश्मीर सिंह के झाले होते हुए मोहरनियां पक्की रोड तक खडंजा निर्माण कार्य, 800 मी0। वि0ख0 बांकेगंज | 16.823 | 0.340 | 944.00 | 2 माह |
| 5 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा पटेलनगर में बाईपास रोड से नगर पलिका परिषद की सीमा, श्री डालचन्द्र कश्यप के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 240 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 24.714 | 0.500 | 944.00 | 2 माह |
| 6 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत मगदापुर में श्री मुनेश्वर शुक्ला के मकान से इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प होते हुए देव पूजन स्थल तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 210 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 12.201 | 0.250 | 856.00 | 2 माह |
| 7 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा भारत भूषण कालोनी में ग्रीन फील्ड स्कूल के आगे तीसरी गली में श्री जोशी के मकान से श्री राजकुमार वर्मा के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 80 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 12.317 | 0.250 | 856.00 | 2 माह |
| 8 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत सरैंया विलियम में अमीरनगर सरैंया विलियम मार्ग से पिण्टू पासी के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 230 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 18.186 | 0.370 | 944.00 | 2 माह |
| 9 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा मो0 काशीपुरम में सिकन्द्राबाद रोड से श्री श्यामजी राईस मिल मोहम्मदी रोड तक इण्टरलाक व नाली निर्माण कार्य, 235 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 20.535 | 0.420 | 944.00 | 2 माह |
| 10 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत अलीगंज में श्री छोटेलाल गिहार के मकान से श्री कल्लू के मकान होते हुए गौशाला तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 195 मी0। वि0ख0 बांकेगंज | 11.343 | 0.230 | 856.00 | 2 माह |
| 11 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा मो0 नरायन कालोनी में श्री दीपक गुप्ता के मकान से श्री करूणा शंकर के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 170 मी0। वि0ख0 कुंभी (गोला) | 22.380 | 0.450 | 944.00 | 2 माह |
| 12 | लखीमपुर खीरी | ग्राम पंचायत गोगवां के मजरा नौगवां में श्री जगमोहन के मकान से नहर पुलिया तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 240 मी0। वि0ख0 बिजुआ | 14.284 | 0.290 | 856.00 | 2 माह |
| 13 | लखीमपुर खीरी | ग्राम सभा रूरा सुल्तानपुर के मजरा कोरियाना में सी0सी0 रोड से श्री रामचन्द्र के मकान होते हुए श्री जीउत के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 300 मी0। वि0ख0 बिजुआ | 17.928 | 0.360 | 944.00 | 2 माह |
| 14 | लखीमपुर खीरी | ग्राम सभा अलियापुर के मजरा धौरहरा खुर्द में स्कूल के पास से श्री मनोहर के मकान से श्री हंसराम के मकान तक इण्टरलाक निर्माण कार्य, 290 मी0। वि0ख0 बिजुआ | 15.716 | 0.320 | 944.00 | 2 माह |

1. वेब साइट पर निविदा की उपलब्धता तिथि- 25.06.2025 से 01.07.2025 तक
2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवॅ समय–01.07.2025 समय –12.00 बजे दोपहर तक
3. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवॅ समय 01.07.2025 समय – 12.30 बजे दोपहर से
4. निविदा आमंत्रण कर्ता को संशोधन/शुद्धि पत्र जारी करने का आई0 टी0 बी0 क्लाज–9 के अनुसार अधिकार है, जो आन लाइन उपलब्ध रहेगा जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा। समस्त इच्छुक बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे ई–टेण्डर पोर्टल को नियमित रूप से अवलोकन करते रहें और अन्य आवश्यक जानकारी एवॅ निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने हेतु विवरण वेबसाइट http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(हेमंत सक्सेना)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।

UP – 234682 **दिनांक:** 05/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in
**पर उपलब्ध है।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–शाहजहाँपुर।**
**कार्यालय का पता– द्वितीय तल, विकास भवन, शाहजहॉपुर**

पत्रांक :– 414 / ग्र0अ0वि0 / निविदा / 2025–26 दिनांक 03.06.25

निविदा सूचना

01– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत विभागीय ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

02– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण –

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | मा0 सदस्य विधान परिषद, नोडल जनपद–शाहजहॉपुर। | | | | |
| 1 | शाहजहॉपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर वि0ख0 कांट में कल्लू पाण्डेय के मकान से अवनीश गुप्ता के मकान होते हुए बागेश के मकान तक 108.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.840 | 9700.00 | 678.00 | 02 माह |
| 2 | शाहजहॉपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर वि0ख0 कांट में मुख्य सडक से पं0 शिव बहोरे शुक्ला के मकान तक 66.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.260 | 6600.00 | 678.00 | 02 माह |
| 3 | शाहजहॉपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर वि0ख0 कांट में मुख्य सडक से सचान के मकान तक 113.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.910 | 9900.00 | 678.00 | 02 माह |
| | | स्वीकृति की प्रत्याशा में (स्वास्थ्य विभाग) | | | | |
| 4 | शाहजहॉपुर | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध पं0 राम प्रसाद बिस्मिल चिकित्सालय शाहजहॉपुर में प्राचार्य कार्यालय के जीर्णोद्धार कार्य | 9.690 | 19400.00 | 854.00 | 03 माह |
| 5 | शाहजहॉपुर | स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध पं0 राम प्रसाद बिस्मिल चिकित्सालय शाहजहॉपुर के एम0सी0यच0 बिल्डिंग की चोक सीवर लाइन की मरम्मत कार्य | 9.00 | 18000.00 | 854.00 | 03 माह |
| | | स्वीकृति की प्रत्याशा में विधायक निधि क्षेत्र–तिलहर | | | | |
| 6 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 सिंधौली के ग्राम उलिया में अशोक कुमार शर्मा के मकान से रामकुमार मौर्या के मकान तक 129.00 मी0 इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 8.560 | 17200.00 | 854.00 | 02 माह |
| 7 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम कुइंया किस्तापुर में जेतराम के मका से प्राथमिक विद्यालय तक 110.00 मी0 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 7.920 | 15900.00 | 854.00 | 02 माह |
| 8 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 सिंधौली के ग्राम बबौरी में ओमकार के मकान से बाजार तक 150.00 मी0 इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 9.060 | 18200.00 | 854.00 | 02 माह |
| 9 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम पिपरिया प्रहलाद में सन्तराम के मकान से गिरजानन्द वर्मा के मकान तक 150.00 मी0 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 8.985 | 18000.00 | 854.00 | 02 माह |
| 10 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम बसारी में इरशाद के मकान से रामकृष्ण की दुकान तक 150.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 8.700 | 17400.00 | 854.00 | 02 माह |
| 11 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम कजरी नरूनपुर में जूली के मकान से सन्तोष श्रीवास्तव के मकान तक 105.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 6.355 | 12800.00 | 767.00 | 02 माह |
| 12 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम सण्डाखास में बांकेलाल के मकान से बीरेन्द्र के मकान तक 40.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 1.400 | 2800.00 | 589.00 | 02 माह |
| 13 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम पतराजपुर में हरपाल के मकान से इन्द्रपाल के मकान तक 150.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 9.655 | 19400.00 | 854.00 | 02 माह |
| 14 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम चक सफौरा में बेचेलाल कोटेदार के मकान से बाबूराम के मकान तक 150.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 8.680 | 17400.00 | 854.00 | 02 माह |
| 15 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम चन्यूरा में अशोक के मकान से उत्तर चौराहा तक 111.00 मी0 के इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 7.530 | 15100.00 | 854.00 | 02 माह |
| 16 | शाहजहॉपुर | वि0ख0 निगोही के ग्राम हरपला में जे0डी0आर0एस0 स्कूल से सी0सी0 रोड तक 78.00 इण्टर लाकिंग/नाली निर्माण कार्य | 6.245 | 12500.00 | 767.00 | 02 माह |

03– निविदा विक्री की अवधि : दिनांक 02.07.2025 से 04.07.2025 तक (पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 04:00 बजे तक)।
04– निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 05.07..2025 ( अपरान्ह 12:00 बजे तक)।
05– निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–शाहजहाँपुर।
06– निविदा खुलने का दिनांक एवं समय: दिनांक 05.07.2025 अपरान्ह 12:30 बजे तक।
अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय द्वितीय तल, विकास भवन शाहजहाँपुर से सम्पर्क कर सकते है।

(इं0 सतीश चन्द्र राघवेन्द्रम)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–शाहजहाँपुर।

UP – 234667 **दिनांक:** 05/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in
**पर उपलब्ध है।**

## सैलानियों के लिए आज से बंद हो जाएगा पीटीआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के इस पर्यटन सत्र में सैलानियों को बाघों के दीदार करने के लिए मायूस नहीं रहना पड़ा। इस सत्र में सैलानियों को बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के खूब दीदार हुए। वहीं पिछले सभी पर्यटन सत्र के मुकाबले इस पर्यटन सत्र में देशी-विदेशी सैलानियों की आमद ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। बीते शुकवार को सैलानियों की संख्या का आंकड़ा 53 हजार के आसपास पहुंच गया। इधर पर्यटन सत्र बंद होने से एक दिन पूर्व शनिवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों से गुलजार रहा। पर्यटन सत्र 15 जून का समाप्त हो जाएगा। इसके बाद टाइगर रिजर्व सैलानियों के लिए 15 नवंबर को खुल सकेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर छाया हुआ है। इधर गत वर्ष से पर्यटन सत्र के दौरान हो रही टाइगर साइटिंग से सैलानियों के लिए यह टाइगर रिजर्व खासा आर्कषण का केंद्रबिंदु बन चुका है। टूरिज्म स्पॉट चूका बीच और सप्त सरोवर प्राकृतिक सुंदरता की अद्भुत मिसाल बन चुका है।

# बच्चे के सिर पर मारा डंडा एक आंख की रोशनी गई

## महोबा का मामला: शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनौरा गांव में साथ खेलने से मना करने पर एक बच्चे ने दूसरे बच्चे के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे उसकी एक आंख की रोशनी चली गई। पिता ने बच्चे का इलाज कराया, लेकिन रोशनी नहीं आने पर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने बच्चे का मेडिकल कराया है, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

महोबकंठ थाना क्षेत्र के कनौरा निवासी मनोज अहिरवार ने बताया कि 29 मई को उसका सात वर्षीय पुत्र नरसिंह घर के बाहर गांव के बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी गांव का वीरू (10) वहां पहुंचा और साथ खेलने की जिद करने लगा। नरसिंह ने उसे साथ खिलाने से मना कर दिया तो वीरू ने गुस्से में पास में पड़े डंडे से



जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए पहुंचा बच्चा। ● अमृत विचार

नरसिंह के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी एक आंख में गंभीर चोट लग गई। परिवार वालों ने घायल बच्चे को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां उपचार के बाद भी कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डाक्टर ने उसे बाहर ले जाने की सलाह दी।

इसके बाद घायल बच्चे के परिजन पहले चित्रकूट के नेत्र चिकित्सालय ले गए, लेकिन कोई फायदा न मिलने पर दिल्ली के एम्स अस्पताल पहुंचे। इलाज में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद नरसिंह की आंख की रोशनी वापस नहीं आ सकी। विवश होकर परिजन बच्चे को लेकर वापस लौट आए। परिजनों का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय थाने की पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

## सिद्धार्थनगर में बिजली गिरने से चार लोगों की मौत

**सिद्धार्थनगर, एजेंसी :** बांसी थाना क्षेत्र में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गयी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वहीं, हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बिजली की चपेट में आने से एक महिला ने दम तोड़ दिया। बिजली गिरने से बांसी क्षेत्र के गोहर गांव की सड़क पर फेरी के लिए जा रहे एक व्यक्ति की जान चली गई। अभी उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उड़वलिया निवासी इरशाद अहमद (23) अपनी शादी के लिए खरीदारी करने जा रहा था, तभी बाजारडीह के पास बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। उसके साथ मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति घायल हो गया।

समोगरा गांव के पश्चिम सिवान में बिजली गिरने से रिजवान उर्फ कल्लू (40) और सतीश यादव उर्फ लाला (35) की मौत हो गयी। सभी घटनाए बांसी कोतवाली क्षेत्र में घटित हुई है। बांसी के तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव और बांसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने मौक़े पर पहुंचकर जानकारी हासिल की।

# कानपुर में जिलाधिकारी ने सीएमओ को बैठक से उठाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी की कार्यशैली को लेकर वायरल एक ऑडियो जिले में चर्चा का विषय बना है। शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की बैठक ले रहे थे। उन्होंने वहां मौजूद सीएमओ हरिदत्त नेमी से वायरल ऑडियो के बारे में सवाल किया।

जवाब में सीएमओ ने कहा कि ऑडियो एआई से निर्मित है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अगर फेक ऑडियो है तो जाएं पहले रिपोर्ट दर्ज कराएं, फिर बैठक में आएं। इस पर सीएमओ बैठक से चले गए। वहीं सीएमओ का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ऑडियो की जांच कराने की बात कहते दिख रहे हैं।

दो-तीन दिन से एक ऑडियो वायरल हो रहा है जो सीएमओ का बताया जा रहा है। इसमें जिलाधिकारी को अपशब्द कहे गए हैं। हालांकि सीएमओ ने ऑडियो को फेक बताया है। ऑडियो में कोई जिलाधिकारी के लिए कह रहा है कि ये पहले मीडिया



बैठक में भाग लेते अधिकारी।

में रहा है। मीडिया वालों की आदत होती है कि इतनी सी बात को इतना करके बताना। बिना वजह के बीच-बीच में कहानी सुनाना। बहुत बोलता है। 20 मिनट की मीटिंग दो घंटे में खत्म होती है। उसी बीच दुनिया भर की कहानी, किस्से, जाने क्या-क्या सुना डालेगा।

महिलाएं चिड़चिड़ाने लगी हैं। बहुत ड्रामा करता है। इसके बाद जुगाड़ की बात करने लग जाते हैं। सामने वाले से कहते हैं कि कुछ ऐसा मेरा हिसाब बनाओ, जिससे मेरा मंथली हो जाए। बातचीत के दौरान दूसरा व्यक्ति बोलता है कि सर जुगाड़ नर्सिंगहोम है। चलिए देखिए। इस पर बोलते हैं कि अभी तक इधर-उधर लगे रहे, अब उधर भी दौड़ाऊंगा। यह वायरल

- डीएम को अपशब्द कहने वाले वायरल ऑडियो के बारे में पूछा
- कहा-अगर फेक ऑडियो है तो पहले जाएं एफआईआर दर्ज कराएं
- सीएमओ का बताया जा रहा ऑडियो, सीएमओ ने किया इन्कार

ऑडियो की कुछ बातचीत है। जिस पर शनिवार को नवीन सभागार में भी चर्चा हुई। सुबह करीब 11 बजे से जिलाधिकारी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक ले रहे थे, जिसमें सभी अधिकारी पहुंचे। सीएमओ हरिदत्त नेमी व एसीएमओ भी पहुंचे। बैठक शुरू हुई और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा का नंबर आया, तभी जिलाधिकारी ने सीएमओ को देखकर कहा कि सीएमओ साहब एआई क्या है। इस पर सीएमओ ने कहा कि सर फेक ऑडियो है। किसी ने एआई से बनाकर वायरल किया है। यह सुनकर जिलाधिकारी ने कहा कि आप जाएं और जांच कराएं। फेक ऑडियो है तो एफआईआर दर्ज कराएं। आप अच्छे अधिकारी हैं, शहर में नाम खराब हो रहा है। इसके बाद सीएमओ बैठक से चले गए।

# प्रयागराज से वाया कानपुर बरेली लालकुआं तक ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने प्रयागराज से कानपुर सेंट्रल, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बरेली होते हुए लालकुआं तक साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन में सामान्य कोच 4, स्लीपर कोच 5, थर्ड एसी 2, सेकेंड एसी 2, फर्स्ट एसी 1, तृतीय श्रेणी इकॉनामी 2 कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 04117 प्रयागराज से 19 जून से 31 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को रात 11.30 बजे रवाना होगी। फतेहपुर शुक्रवार रात 1 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 3.30 बजे, कन्नौज 4.48 बजे, फर्रुखाबाद 5.55 बजे, कासगंज सुबह 7.30 बजे, बदायूं 8.50 बजे, बरेली जंक्शन 9.50 बजे, इज्जतनगर 10.30 बजे, बहेड़ी 11.23 बजे, किच्छा 11.40 बजे,



लाल कुआं जंक्शन दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 04118 लाल कुआं से 20 जून से 1 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 2.50 बजे चलेगी। किच्छा दोपहर 3.15 बजे, बहेड़ी 3.35 बजे, इज्जतनगर सायं 4.25 बजे, बरेली सिटी 4.55 बजे, बरेली जंक्शन सायं 5.15 बजे, बदायूं 6.05 बजे, कासगंज 7.10 बजे, फर्रुखाबाद रात 9.05 बजे, कन्नौज रात 10.10 बजे, कानपुर सेंट्रल रात 11.35 बजे, फतेहपुर रात 00.58 बजे और प्रयागराज जंक्शन भोर 4.30 बजे पहुंचेगी।

## अस्पताल को बम से उड़ाने की दी धमकी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** पीएचसी में गर्भवती महिलाओं के रोने की आवाज से परेशान युवक ने एएनएम के साथ गाली गलौज की। पहले भी कई बार युवक स्टाफ से अभद्रता कर चुका है। प्रसव बंद न होने पर उसने अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम सानू कुमारी ने बताया कि 12 जून को वह अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की जांच कर रहीं थीं। इस दौरान गांव का पंकज दीक्षित पुत्र राम बहादुर आया। उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पंकज ने कहा कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के प्रसव के दौरान रोने की आवाज से उसे नींद नहीं आती। उसने प्रसव कार्य बंद करने की बात कही और प्रसव बंद न होने पर उसने अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी।

# सांप से खेलना पड़ा भारी ग्रामीण की जीभ पर डसा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** दीवार से निकले सांप को पकड़कर एक ग्रामीण गले में डालकर खेलने लगा। जीभ निकाली तो सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया।

हैबतपुर गौसाईं में शुक्रवार की शाम एक ग्रामीण के घर की दीवार में सांप निकल गया। इसी बीच पहुंचे जीतू ने सांप को पकड़ लिया और उसके साथ खेलने लगा। काफी देर तक वह सांप के साथ खेलता रहा। इसके बाद जीतू अपनी जीभ निकालकर सांप पास ले गया। सांप ने उसकी जीभ पर डस लिया।

सांप झाड़ियों की तरफ भाग गया। जीतू की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सीएचसी ले गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर



सांप को जीभ पर लगाता ग्रामीण।

- गजरौला के गांव में जीतू के घर की दीवार में निकला था सांप
- काफी देर तक सांप के साथ खेलता रहा ग्रामीण

कर दिया। ग्राम प्रधान हैप्पी चौधरी उर्फ जय कीरत सिंह ने बताया कि ग्रामीण की हालत खतरे में है। उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## छात्रा को नशीला पदार्थ खिलाकर बनाया वीडियो

**हमीरपुर, अमृत विचार :** स्नातक में पढ़ने वाली एक विवाहिता छात्रा ने एक युवक पर नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

महोबा जनपद के चंद्रपुरा की रहने वाली स्नातक की छात्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शादीशुदा है और उसका मायका चिकासी थाना क्षेत्र के एक गांव में है। छात्रा का आरोप है कि कस्बे के बुधौलियाना प्रीतम चौराहा के पास एक युवक से उसकी मुलाकात हुई। कुछ दिन पहले युवक उसे नशीला पदार्थ खिलाकर अपने घर ले गया। वहां उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। अब युवक उसे फोन पर धमकी दे रहा है।

# गर्रा नदी में मछली पकड़ने गए ग्रामीण को मगरमच्छ ने निगला

संवाददाता, निगोही (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** गर्रा नदी में शनिवार दोपहर मछली पकड़ने गए ग्रामीण को मगरमच्छ ने निगल लिया। घटना की जानकारी साथ में मछली पकड़ रहे रिश्ते के भतीजे ने परिवार वालों को दी। परिजन रोते-बिलखते नदी किनारे पहुंच गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर तीन थानों की पुलिस फोर्स और वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। मगरमच्छ को पकड़ने के प्रयास वन विभाग की टीम कर रही है।

क्षेत्र के गांव कपेड़ कटका निवासी महिपाल (50) गांव के ही रहनेवाले रिश्ते के भतीजे गुड्डू (30) पुत्र रामसरन के साथ शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे घर से चार किलोमीटर दूर गर्रा नदी में मछली पकड़ने निकले थे। नदी में जाल डालकर दोनों मछली पकड़ रहे थे, तभी नदी में तैर रहा मगरमच्छ आ गया। उसने गुड्डू पर हमला किया। महिपाल ने मगरमच्छ

- भतीजे को बचाने के चक्कर में चली गई महिपाल की जान
- मौके पर पहुंची 3 थानों की पुलिस फोर्स और वन विभाग की टीम



पानी में तैरता मगरमच्छ।

से गुड्डू को बचाने के लिए एक तरफ धक्का दे दिया। इतने में मगरमच्छ और नजदीक आ गया। जब तक दोनों लोग नदी से बाहर निकलते, मगरमच्छ ने महिपाल को निगल लिया। सूचना मिलने पर निगोही, तिलहर, सदर थाने की पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मगरमच्छ नदी के बीच में कुंडा में बैठा हुआ था। कभी वह पानी में ऊपर आ जाता तो कभी नीचे बैठ जाता था। मगरमच्छ को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे थे।

## हाथरस में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म किशोर पर रिपोर्ट

**हाथरस, एजेंसी :** जिले में 8 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में किशोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार शाम मुरसान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है जब पीड़िता अपने खेत के पास ट्यूबवेल पर बैठी हुई थी तभी पड़ोस के गांव का 14 वर्षीय किशोर वहां पहुंचा।

पुलिस ने बताया कि किशोर बच्ची को पास के खेत में ले गया और उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। बच्ची को ढूंढते हुए परिजन मौके पर पहुंचे तो पीड़िता ने उन्हें आपबीती बताई। परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे और पूरी बात बताई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बच्ची की चिकित्सीय जांच कराई। पुलिस क्षेत्राधिकारी हिमांशु माथुर ने बताया कि प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को पकड़ने के लिए दो टीम गठित की गई हैं।

# रुद्रपुर में नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी मौसेरा मामा गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप में रिश्तों को तार-तार करते हुए 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी मौसेरे मामा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को वारदात का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शक्तिफार्म इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 8 जून को वह अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आया था। अपनी 13 वर्षीय बड़ी बेटी और छोटी बेटी को अपनी मौसी के घर छोड़ दिया था और पत्नी का उपचार कराने में व्यस्त हो गया था। बताया कि जब 9 जून को मौसी के घर लौटा तो उसकी बड़ी बेटी ने बताया कि मामा जबरन कमरे में आया और मुंह पर कपड़ा बांधकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। साथ ही धमकाया कि किसी को बताने पर

- 8 जून को दिया था घिनौनी हरकत को अंजाम, पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया पेश

जान से मार देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए 13 जून की शाम को थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार, 8 जून की रात्रि जिस वक्त आरोपी मामा-भांजी के पवित्र रिश्तों को भूलकर हैवान बन गया था, उस वक्त पीड़िता के बगल में उसकी छोटी बहन भी सो रही थी। यही कारण था कि आरोपी ने पहले हाथ से नाबालिग का मुंह दबा दिया और फिर कपड़े से कसकर मुंह बांध दिया था। ताकि किसी को आवाज नहीं आए। यही नहीं आरोपी ने नाबालिग को इतना भयभीत कर दिया था कि उसने 9 जून की शाम तक अपने पिता को घिनौनी हृदय विदारक घटना को बयां नहीं किया, लेकिन मानसिक अवसाद से गुजर रही पीड़िता ने आखिरकार घटना के बारे में बता दिया।

## दिल्ली घूमने पिथौरागढ़ से भागे छह बच्चे

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** दिल्ली देखने की तमन्ना संजोए छह नाबालिग बच्चों को यह नहीं पता था कि बिना अभिभावकों को बताए घर से फरार होना पुलिस व अभिभावकों में हड़कंप मचा देगा। ऐसा ही एक मामला पिथौरागढ़ इलाके में देखने को मिला। जहां दिल्ली देखने के लिए छह नाबालिग बच्चे घर से लापता हो गए और कड़ी मशक्कत के बाद पिथौरागढ़ और खटीमा पुलिस ने दिल्ली रोडवेज बस से नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया। जिसके बाद अभिभावकों की आंखें नम हो गईं और पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

शनिवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पिथौरागढ़ निवासी छह नाबालिग बच्चे बिना बताए लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तो पिथौरागढ़ पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता होने की फोटो सहित खबर चंपावत, टनकपुर और ऊधमसिंह नगर पुलिस को भी दी।

# आजमगढ़ के जिलाधिकारी पर एक्सईएन की पिटाई का आरोप

संवाददाता, आजमगढ़

अमृत विचार : जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग (बाढ़ खंड) के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अरुण सचदेव ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार पर मारने पीटने का गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिशासी अभियंता का कहना है कि जिलाधिकारी ने उन्हें कैंप ऑफिस में बुलाकर डंडे से पिटाई की है।

जानकारी के मुताबिक बीते 13 जून की शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग हुई थी, जिसमें बाढ़ प्रभावित गांवों की सूची और विस्थापित लोगों की जानकारी मांगी गई थी। बैठक के बाद अरुण सचदेव को कैंप ऑफिस बुलाया गया। वहां स्टेनो द्वारा निर्देश दिया गया कि मोबाइल जमा करके जिलाधिकारी के कमरे में प्रवेश करें। अभियंता

- कहा-कैंप ऑफिस में बुलाकर डंडे से की पिटाई, पत्र भेज की शिकायत
- डीएम बोले-कुछ लोग काम न करके सिर्फ राजनीति करते हैं

का आरोप है कि जिलाधिकारी ने उनसे अभद्रता करते हुए कहा, तुम खुद को हीरो समझते हो? तुमसे बड़ा हीरो मैं हूं। इसके बाद, उन्होंने कथित रूप से डंडे से दो-तीन बार मारा और कहा, कुछ नहीं कर पाओगे, जो कहना है कह दो। इसके बाद उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया गया।

इस पूरे मामले की शिकायत अधिशासी अभियंता अरुण सचदेव ने विभाग के चीफ इंजीनियर और लखनऊ स्थित विभागाध्यक्ष को भेजी है। उन्होंने मांग की है कि इस तरह के अपमानजनक व्यवहार को गंभीरता से लिया जाए और उनका स्थानांतरण किसी अन्य जिले में किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अपमान से उन्हें मानसिक पीड़ा पहुंची है। अरुण सचदेव ने कहा कि जिलाधिकारी के इस बर्ताव से मेरा आत्मसम्मान आहत हुआ है। एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में यह मेरे अधिकारों का हनन है। ऐसी घटनाएं कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ती हैं। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल जांच की मांग की है।

इस मामले में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार का कहना है कि कुछ लोग काम में रुचि लेते हैं और विकास पर ध्यान देते हैं, जबकि कुछ लोग राजनीति करते हैं। उन्होंने जिले में आईजीआरएस रैंकिंग और ग्रेडिंग में सुधार हुआ है, हमारा प्रयास है कि जो भी सरकार की योजनाएं हैं उसे सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया जाए और जनता को उसका सीधा लाभ मिल सके।

## वक्फ कानून के खिलाफ अब यूपी में इंट्री, बैठक आज

**कानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अगुवाई में संगठनों ने विरोध जताया और कई किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाई। कई प्रांतों में वक्फ कानून के खिलाफ साइलेंट आंदोलन चला रहे बोर्ड ने अब उत्तर प्रदेश में अपना अभियान शुरू करने का फैसला लिया है।

वक्फ कानून के आंदोलन को उत्तर प्रदेश में कैसे धार दी जाए, इसको लेकर रविवार 15 जून को लखनऊ में एक अहम मीटिंग होने जा रही है। जिसमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी, जमीअत अहले हदीस के अतिरिक्त कई गैर मुस्लिम संगठन भाग लेंगे। ये मीटिंग कहां होगी, इसको गुप्त रखा गया है। इस संबंध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान का कहना है कि रविवार को लखनऊ में मीटिंग होगी।

# देश की रक्षा में वीरभूमि उत्तराखंड के योगदान पर गर्व : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को फ्लैग ऑफ

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) वर्ष 1962 से लगातार देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आपदाओं के समय भी राहत व बचाव कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीएम कैम्प कार्यालय से आईटीबीपी के



आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को फ्लैग ऑफ करते सीएम धामी।

हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को फ्लैग ऑफ करते हुए कहा कि, यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक

### अभियान एक नजर में

- 1032 किमी की दूरी तय करेगा आईटीबीपी का दल
- 27 घाटियों और 27 दर्रों को पार करेगा
- 84 वाइब्रेंट विलेज आएंगे इस ट्रैकिंग रूट में
- 3 .5 लाख फलदार पौधे भी वितरित करेगा दल लोगों को

लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### हमारी प्रतिबद्धता अटल है

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने एक बार फिर साबित किया कि देश की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है। राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया गया है, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है और बलिदानियों के आश्रितों को सरकारी नौकरी में समायोजन की अवधि को दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को सरकारी बसों में नि :शुल्क यात्रा, संपत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बेटियों के विवाह हेतु विशेष अनुदान जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं।

## निर्देश: भूस्खलन पर 15 मिनट में पहुंचे जेसीबी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून के दौरान भूस्खलन जैसी आपात स्थिति में घटनास्थल पर 15 मिनट में अनिवार्य रूप से जेसीबी पहुंचाने के सख्त निर्देश लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं।

शनिवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन एवं आपदा प्रबन्धन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य का भूस्खलन नक्शा तत्परता से तैयार कराने, बरसात से पहले राज्य के सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट कराते हुए सम्बन्धित सचिव को विशेष रूप से हल्द्वानी से कैंचीधाम, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ रूट के पैचवर्क एवं राज्य के सभी पुलों की समीक्षा हेतु तत्काल निरीक्षण दौरा करने के निर्देश दिए। मानसून सीजन एवं मेडिकल आपातकाल के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने पुरानी एम्बुलेंस को तत्परता से बदलने को कहा। पिथौरागढ़ में एक अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के साथ ही हेलीपैड एवं एयरपोर्ट निर्माण सम्बन्धित कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

## एक नजर

### शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन में आ रही समस्या

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के 4517 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों, प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों को ऑनलाइन आवेदन में कई तरह की तकनीकी समस्या आ रही है। सैकड़ों शिक्षकों का मानव संपदा पोर्टल कोड या मोबाइल नंबर अमान्य बता रहा है। इन शिक्षकों ने बकायदा ई-मेल करके अपर शिक्षा माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी को समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून को बढ़ाने का अनुरोध किया है। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी का कहना है कि ऑनलाइन स्थानांतरण के नाम पर शिक्षकों के साथ मजाक किया जा रहा है। आवेदन के लिए अतिरिक्त समय देते हुए वेबसाइट की तकनीकी समस्याएं तत्काल दूर की जाएं।

# यूपीसीडा लगाएगा 12 नए सौर संयंत्र

## औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेगी हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी, ग्रीन इंडस्ट्रियल हब का सपना हो रहा साकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्योग, ऊर्जा और पर्यावरण तीनों मोर्चों पर मजबूत हो रही सरकार की नीति




**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की पहल की है। इसके लिए 12 नए स्थलों की पहचान की है, जहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा की लागत घटाना, पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना है।

12 स्थानों में सूरजपुर साइट-5, ईपीआईपी (गौतमबुद्ध नगर), टीडीएस सिटी (गाजियाबाद), एसईजेड (मुरादाबाद), बागपत, आगरा, मथुरा, झांसी, प्रयागराज, शाहजहांपुर जैसे रणनीतिक औद्योगिक केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र न केवल उत्पादन में अग्रणी हों, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण-अनुकूल भी बनें। इसी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु यूपीसीडा ने 'सौर औद्योगिक क्षेत्र' की अवधारणा को अपनाया है। कानपुर स्थित यूपीसीडा मुख्यालय में पहले ही 150 किलोवाट का सौर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है, जो 82.98 लाख की लागत से लगाया गया। यह संयंत्र वित्तीय रूप से लाभदायक होने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यह पहल न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संचालन लागत को भी कम करती है। यूपीसीडा अपने परिसरों के साथ-साथ उद्योगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसका उद्देश्य ऊर्जा लागत में कटौती, कार्बन उत्सर्जन में कमी और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

### सौर पथ और हरित पट्टियां बनाएंगी उद्योग क्षेत्र को सुंदर

यूपीसीडा औद्योगिक क्षेत्रों को न केवल ऊर्जा के लिहाज से सशक्त बना रहा है, बल्कि "सौर पथ" और हरित पट्टियों की योजनाओं के माध्यम से सुरक्षा और सौंदर्य का भी समन्वय कर रहा है। इन पथों पर ऑफ-ग्रिड सौर लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे रात में भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था बनी रहेगी। हरित पट्टियां न केवल प्रदूषण नियंत्रण में सहायक होंगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों की दृश्यता और निवेश के प्रति आकर्षण को भी बढ़ाएंगी।



राजभवन में मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट की। इस दौरान उन्हें महाराजा सुहेलदेव को लेकर अमीस की लिखी एक पुस्तक भेंट की।

### बिजली संकट से स्थिति भयावह : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र. में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट-खसोट है।

सपा प्रमुख शनिवार को फर्रूखाबाद में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से स्थिति भयावह है। गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार ने नौ साल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया गया। बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा है। किसान संकट में है। फसलों की खरीद में भी भ्रष्टाचार हो रहा है।

# पिछड़े वर्ग में जनाधार मजबूत करेगी प्रदेश कांग्रेस

## 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने आयोजित किया भागीदारी न्याय सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ अनिल जयहिंद, राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

**अमृत विचार :** 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत के लिए प्रदेश कांग्रेस पिछड़े वर्ग में जनाधार को और मजबूत करेगी। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से आयोजित भागीदारी न्याय सम्मेलन में इस पर जोर दिया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि देश भर के 90 प्रतिशत पिछड़े, अनुसूचित वर्ग व अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा निर्धारित होना है, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित है, जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा, इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि आपस में मिलकर संविधान को मजबूत करें। कार्यक्रम को पार्टी के पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उप्र प्रदीप नरवाल, सुशील पासी, निवर्तमान प्रदेश महासचिव (संगठन) अनिल यादव ने आदि ने संबोधित किया। सम्मेलन में निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, विश्वविजय सिंह, पूर्व मंत्री राजबहादुर, पूर्व मंत्री डॉ मसूद अहमद आदि मौजूद रहे। भागीदारी न्याय महासम्मेलन का संचालन जितेन्द्र पटेल ने किया।

### 2582 नए एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगी तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टरों को बतौर नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट, डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद तैनात किया जाएगा। डॉक्टरों को यह नियुक्ति मात्र दो साल के मिलेगी, इसके लिए उन्हें निर्धारित वेतन भी मिलेगा। डॉक्टरों को कॉलेज आवंटन के लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सेवा बांड के तहत दो साल सरकारी मेडिकल कॉलेज में अनिवार्य रूप से सेवाएं देनी होती हैं।

# इंटर्न डॉक्टरों को नहीं दिया जा रहा मानदेय

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- एनएमसी की शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रही निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली

**अमृत विचार :** राज्य के कई निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटर्नशिप करने वाले डाक्टरों को प्रतिमाह मिलने वाला मानदेय न मिलने की बात सामने आ रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की वेबसाइट पर ऐसी शिकायतों का अंबार भी है। बावजूद कोई ठोस सुनवाई नहीं हो पा रही है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। ऐसे में उक्त मेडिकल कालेजों के प्रबंध तंत्र की कार्यशैली कठघरे में खड़ी दिख रही है।

एनएमसी के नियमानुसार, एमबीबीएस छात्रों को डिग्री प्राप्त करने को अंतिम वर्ष की परीक्षा उपरांत इंटर्नशिप करना अनिवार्य होता है। उक्त क्रम में राजधानी समेत प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेज ऐसे हैं, जहां फाइनल बैच के छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान निर्धारित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कुछ छात्रों ने बताया कि कई कॉलेजों में मानदेय कटौती असमय ही कर दी जाती है। कहीं-कहीं तो बिल्कुल भी नहीं दी जाती है। भुक्तभोगी एनएमसी में अपना नाम व पहचान छिपाकर शिकायत भी करते हैं। बावजूद एनएमसी द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है।

इस संबंध में सीतापुर व बाराबंकी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधक डॉ.एके सचान का कहना है कि सूचना आधारविहीन है। मेरे कॉलेजों में हर पात्र छात्रों को मानदेय दिया जाता है। यदि किसी को शिकायत है तो संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को लिखित आवेदन दें।

राजधानी स्थित मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधकों का कहना है कि मानदेय दिया जाता है। मगर एनएमसी में मानदेय का ब्यौरा भेजने का कोई अनिवार्य नियम नहीं है। यदि लिखित शिकायत मिलेगी तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

मांग करने पर कॉलेज प्रशासन द्वारा डिग्री न देने की चेतावनी दी जाती है, लिहाजा प्रदेश में नवागत डॉक्टर अपनी शिकायत किसी भी प्लेटफार्म पर नहीं कर सकते हैं। जबकि एनएमसी का स्पष्ट निर्देश है कि इंटर्नस को प्रतिमाह निर्धारत मानदेय उपलब्ध कराकर, बैंक स्टेटमेंट एनएमसी द्वारा मांगे जाने पर अपलोड किया जाए।

> सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय राशि अलग अलग है। निजी मेडिकल कॉलेजों में मानदेय चार हजार से लेकर अधिकतम 7 .5 हजार रुपये प्रतिमाह है। जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में यह राशि 12 हजार रुपये है। यह मानदेय मेडिकल छात्रों को हर माह समान रूप से नहीं मिलता है। कहीं-कहीं तो उनकी उपस्थिति कम दिखाकर, डिग्री प्रदान करने के लिए योग्य करार देने का दबाव भी बनाया जाता है।
>
> **-डॉ.अतुल अग्रवाल**
> **बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली**

# बच्चों-शिक्षकों के साथ सरकार चलाएगी भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूरे प्रदेश में निकाली जाएंगी 300 भूजल रैलियां, होंगी लघु गोष्ठियां

**अमृत विचार :** जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार व्यापक जन अभियान की शुरुआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन के तहत पहली बार पूरे प्रदेश में बच्चों, शिक्षकों, आम नागरिकों, एनजीओ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस अभियान के लिए चार महीने का विस्तृत लक्ष्य तय किया है।

इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जल संसाधनों के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित कर भूजल स्तर में सुधार लाना है। जल संचय को समाज में प्रोत्साहित कर भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक ठोस कदम माना जा रहा है। पहली बार प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 भूजल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों की विशेष भागीदारी होगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेशवासियों को जागरूक करने के लिए 19 बड़े जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल संरक्षण को लेकर लघु गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा, जिनमें विशेषज्ञों के बताए जल प्रबंधन और संरक्षण के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# नवीनीकरण और पंजीकरण हुआ आसान

## ऑटो मोड में व्यापार पंजीयन की व्यवस्था से उद्यमियों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में व्यापार करना ज्यादा आसान हो गया है। योगी सरकार द्वारा लागू की गई ऑटो मोड प्रणाली के तहत अब व्यापारी बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक ही दिन में अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण करा सकते हैं। न नवीनीकरण का झंझट है, न कर्मचारियों के बिना पंजीयन का झोल है। इस क्रांतिकारी व्यवस्था ने जहां लंबी प्रक्रियाओं और कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाई, वहीं नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर व्यापारियों को साल-दर-साल लगने वाली औपचारिकताओं से भी राहत दी है।

ऐसे प्रतिष्ठान, जिनमें कोई कर्मचारी कार्यरत नहीं है, उन्हें अब पंजीकरण की बाध्यता से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। इससे छोटे कारोबारियों और स्वरोजगार करने वालों को सीधी राहत मिली है। योगी सरकार ने प्रदेश में आईटी सेक्टर को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 घंटे कार्य की अनुमति दे दी है, बशर्ते सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इससे स्टार्टअप्स, बीपीओ, और सॉफ्टवेयर कंपनियों को रात-दिन संचालित रहने का अवसर मिल रहा है, जो राज्य को डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### हर वर्ष पंजीकृत इकाइयों की संख्या में नया रिकॉर्ड

वित्तीय वर्ष 2022-23 (अगस्त 2022 से मार्च 2023) में जहां 27,014 इकाइयों का पंजीकरण हुआ और 1856 .42 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं 2023-24 में पंजीकृत इकाइयों की संख्या बढ़कर 44,091 हो गई और राजस्व 3496 .94 लाख तक पहुंच गया। वर्ष 2024-25 में अब तक 45,551 इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, जिससे 3770 .50 लाख का राजस्व अर्जित हुआ है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि किस तरह ये सुधार न केवल व्यापारिक गतिविधियों को गति दे रहे हैं, बल्कि राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि कर रहे हैं।

# आखिर क्यों खरीदी जा रही निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पूछे पांच नये सवाल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री और प्रबंधन से पांच नये सवाल पूछे। समिति ने कहा कि आखिर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के जरिये निजी बिजलीघरों से महंगी बिजली की खरीद क्यों की जा रही है। इस बीच, समिति ने कहा कि 22 जून की बिजली महापंचायत में बिजली कर्मियों के परिवार भी शामिल होंगे।

समिति ने कहा कि घाटे के नाम पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किया जा रहा है। क्या यह सच है कि वर्ष 2024-25 में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने कई निजी घरानों के उत्पादन घरों से एक भी यूनिट बिजली नहीं खरीदी और इन निजी घरानों को फिक्स कॉस्ट के एवज में 6761 करोड़ रुपए का भुगतान किया है? अगर यह सच है तो इतने बड़े घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है?

सरकारी क्षेत्र में बिजली उत्पादन निगम से 4 रुपए 26 पैसे प्रति यूनिट की दर पर बिजली मिलती है और जल विद्युत की बिजली मात्र एक रुपए प्रति यूनिट की दर पर मिलती है। सरकार ने बिजली उत्पादन के लिए उत्पादन निगम और जल विद्युत निगम में नए बिजली घरों की स्थापना नहीं की। इस कारण बिजली की मांग को पूरा करने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर निजी घरानों से काफी महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

### घाटे की जिम्मेदारी क्यों थोपी जा रही कर्मचारियों पर

समिति ने कहा कि क्या यह सच है कि केएसके महानंदी से 11 रुपए 58 पैसे प्रति यूनिट, बजाज के छोटे बिजली घरों से 10 रुपए प्रति यूनिट, ललितपुर से 6 .50 रुपए प्रति यूनिट, रोजा से 6 .05 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है ? अगर यह सच है तो इससे होने वाले हजारों करोड़ रुपए के घाटे की जिम्मेदारी कर्मचारियों पर थोप कर निजीकरण क्यों किया जा रहा है? दिल्ली में रिलायंस बीएसईएस की दो कंपनियां बीएसईएस यमुना पावर और बीएसईएस राजधानी पावर पिछले 23 वर्ष से काम कर रही है। 23 वर्ष काम करने के बाद रिलायंस की इन दोनों कंपनियों का बेहतर प्रबंधन कौशल यह है कि इन कंपनियों पर दिल्ली जैसे छोटे राज्य में 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का दिल्ली की पावर यूटिलिटीज का बकाया हो गया है।

## वर्ग पहेली- 2

**बाएं से दाएं**

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ।

9. रवेवाला, दानेदार।

**ऊपर से नीचे-**

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | ■ | 8 |
| | ■ | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -1 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बा | का | ■ | 2 इ | ■ | 3 जी | ■ |
| ल | ■ | 4 अ | म | ल | ता | सी |
| ■ | 5 उ | ■ | र | ■ | जा | ■ |
| ■ | प | ■ | जें | ■ | ग | ■ |
| 6 अ | धि | शा | सी | ■ | ता | ■ |
| गि | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| 7 या | र | बा | श | ■ | 8 ब | च |

## सुडोकू -9

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | 8 | | | | | 1 |
| 9 | 2 | | 1 | | 6 | | | 4 |
| | | 2 | 3 | | | 9 | | |
| | 8 | 7 | | | | 3 | 4 | |
| | | 1 | | | 2 | 6 | | |
| 8 | | | 9 | | 5 | | 2 | 3 |
| 1 | | | | | 8 | | | 7 |
| | 3 | 6 | | | 4 | | | |

### सुडोकू - 8 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 5 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-15 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 16 जून 13 .00 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।



**मेष** — आज आपकी दिनचर्या काफी संतुलित रहने वाली है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा। जॉब में पदोन्नति मिल सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे।



**वृष** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। काफी समय से जिस कार्य के लिए आप योजना बना रहे थे उसे प्रारम्भ कर सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। निर्माण कार्यों में प्रगति होने की संभावना बन रही है।



**मिथुन** — आज दांपत्य संबंधों में परेशानी हो सकती है। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपको अत्यधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। जॉब में सहकर्मियों के व्यवहार से परेशान हो सकते हैं। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी।



**कर्क** — आज वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहने वाला है। लोगों के प्रति आपके सहयोगात्मक व मैत्रीपूर्ण व्यवहार की सराहना होगी। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से लाभ होगा। विदेशी भूमि में सफलता मिल सकती है।



**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय देना पड़ेगा। फिर भी अपनी क्षमता से अधिक काम न करें। घर के मामलों को बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। अत्यधिक दयालुता में काम बिगड़ सकते हैं।



**कन्या** — आज प्रेम संबंधों के मामलों में परेशानी हो सकती है। संतान की उन्नति से आप हर्षित रहेंगे। विवाह योग्य संतान को विवाह प्रस्ताव मिलेंगे। नौकरी बदलने का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिलेगी। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है।



**तुला** — आज साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। किसी पर भी आंख-मूंदकर विश्वास न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। विवादों से दूर रहना उचित होगा। आज आप परिजनों के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।



**वृश्चिक** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शानदार है। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।



**धनु** — आज किसी प्रियजन को लेकर नकारात्मक खबर मिल सकती है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय व्यर्थ हो सकता है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। आज किसी को भी वादा न करें। स्वास्थ्य थोड़ा नरम हो सकता है।



**मकर** — महिलाओं के लिए आज का दिन काफी प्रगतिशील रहेगा। सभी कार्यों को सोच-समझकर करने से सफलता मिलेगी। विदेश यात्रा से लाभ होगा। व्यवसाय को लेकर कोई महत्वपूर्ण डील हो सकती है। वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।



**कुंभ** — आज अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों को लेकर सम्वेदनशील रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। मन में अनजाना भय व्याप्त हो सकता है। कानूनी मामलों में नुकसान होने की आशंका है।



**मीन** — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोरी महसूस कर सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर तैयारी कर सकते हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूर इलाके में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने बताया कि थानामंडी के इस्लामपुर इलाके में राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों द्वारा चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि ठिकाने की तलाशी में 400 ग्राम विस्फोटक सामग्री, मशीन गन की 48 गोलियां, पिस्तौल की पांच गोलियां, एके-47 की एक गोली और एक आंसू गैस का गोला बरामद हुआ।

### दिल्ली स्थित सीसीएस इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनपथ रोड स्थित सीसीएस इमारत में शनिवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर जनपथ रोड पर स्थित सीसीएस बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा और दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक आग पर काबू पा लिया।

### ड्रग्स में यूएई से निर्वासित आरोपी हिरासत में

**मुंबई।** महाराष्ट्र की विशेष एनडीपीएस अदालत ने शनिवार को राज्य में 252 करोड़ का मादक पदार्थ बनाने में कथित संलिप्तता के लिए संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित आरोपी ताहिर सलीम डोला को पुलिस हिरासत में भेज दिया। सांगली में अवैध मेफेड्रोन विनिर्माण इकाई चलाने के आरोप में मुंबई पुलिस द्वारा वांछित डोला को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पित किया गया। इससे पहले शहर की पुलिस ने सोलापुर के एक कारखाने से 256 करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया था।

### छत्तीसगढ़ से बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद दिलावर (49) और उसकी पत्नी परवीन बेगम (44) को गिरफ्तार कर लिया है। मोहम्मद दिलावर और उसकी पत्नी बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले के निवासी हैं तथा पिछले 15 वर्ष से अवैध रूप से रायपुर में रह रहे थे।

# राहुल को विदेश नीति की समझ नहीं : रविशंकर

## पाकिस्तान में राहुल के बयानों की सराहना हो रही है, वहां के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं

पटना, एजेंसी



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के फैसले पर टिप्पणी के लिए आलोचना की और कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है।

पाकिस्तान संरक्षित आतंकवाद और इसपर भारत के रुख के बारे में लोगों को अवगत कराने गये संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रविशंकर ने यूरोपीय देशों से लौटने के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम और अन्य देशों का दौरा किया और वहां के नेताओं को इस मुद्दे पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरी दुनिया को बताया गया कि आतंकवाद और हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे उत्पात पर भारत का रुख क्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया।

रविशंकर से पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे और इस पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी को लेकर श्री राहुल गांधी के निशाना साधने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विदेश नीति की कोई समझ नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब किसी भी भाजपा नेता ने कभी भी भारत सरकार को ऐसे मुद्दे पर शर्मिंदा नहीं किया, जब देश पाकिस्तान या किसी अन्य देश के साथ सैन्य अभियान में लगा हुआ था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में, मैंने मुंबई में ताज होटल पर 26/11 के आतंकी हमले के बाद डॉ. मनमोहन सिंह सरकार को शर्मिंदा करने वाला एक भी शब्द नहीं कहा था। उन्होंने कहा कि राहुल के बयानों की पाकिस्तान में सराहना हो रही है। पाकिस्तान के लोग इनकी टिप्पणियों पर ताली बजा रहे हैं। रविशंकर ने कहा कि यूरोपीय देशों ने आतंकवाद पर भारत के रुख का पूरी तरह से समर्थन किया और स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी रूप में आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ

**पटना।** सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद कैंसर है, जो दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने हाउस ऑफ कॉमन्स के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं।

# आग से प्रभावित सिंगापुर के जहाज को समुद्र तट से दूर ले जाया गया

कोच्चि, एजेंसी

सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाने के लिए जारी अभियान के बीच शनिवार को जहाज को समुद्र तट से और दूर ले जाया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस सप्ताह की शुरुआत में कोलंबो से मुंबई की ओर जाते समय केरल के तट के निकट जहाज में आग लग गई थी। सूत्रों ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से 40 समुद्री मील दूर ले जाया गया है। इससे पहले यह जहाज तट से 27 समुद्री मील दूर था।


रक्षा वक्तव्य के अनुसार, 'टोइंग ऑपरेशन' (जहाज को खींचने का अभियान) की शुरुआत दक्षिणी नौसेना कमान के एक सीकिंग हेलीकॉप्टर से की गई। बयान में कहा गया है कि 'टोइंग ऑपरेशन' आवश्यक था, क्योंकि आईसीजी जहाजों की बोलार्ड पुल क्षमता (जहाज की खींचने की क्षमता) सीमित होती है। बयान में कहा गया है कि हालांकि जहाज एमवी वान हाई 503 को तट से दूर ले जाने में सफल रहे, लेकिन तेज हवाओं के कारण यह तेजी से किनारे की ओर जाने लगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद, प्रतिकूल मौसम के बावजूद, बचाव दल को जहाज पर चढ़ाया गया और एक रस्सी को जहाज से जोड़ा गया। रक्षा वक्तव्य में कहा गया है, खींचने (टोइंग) का अभियान शुरू हो गया है।



केरल तट पर जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश करती भारतीय नौसेना।

# जम्मू कश्मीर में 17 से दोबारा खुलेंगे पर्यटन स्थल

श्रीनगर, एजेंसी



- पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से बंद थे

जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 17 जून से राज्य के कई पर्यटन स्थलों और उद्यानों को जनता के लिए पुनः खोलने का आदेश दिया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि अन्य पर्यटन स्थलों को भी चरणबद्ध तरीके से दोबारा खोला जाएगा।

मनोज सिन्हा ने कहा कि मैंने जम्मू एवं कश्मीर डिविजनों के उन कुछ पर्यटनस्थलों को दोबारा खोलने का आदेश दिया है जिन्हें सुरक्षा कारणो से एहतियाती तौर पर अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया था। पहलगाम बाजार में बेताब घाटी एवं पार्क, वेरीनाग पार्क, कोकरनाग पार्क और अचहाबल पार्क 17 जून से पर्यटकों के लिये दोबारा खोल दिये जांएगे। उपराज्यपाल ने कहा दोबारा खुलने वाले अन्य पर्यटनस्थलों में श्रीनगर स्थित बादमवारी पार्क, डक पार्क, तकदीर पार्क, कठुआ में सार्थल धागर, रईसी में देवी पिंडी, सियाद बाबा एवं सूला पार्क, डोडा में गुलदंदा एवं जय घाटी और ऊधमपुर में पंछेरी शामिल है। उन्होंने कहा कि ये सभी पर्यटन स्थल क्रमबद्ध तरीके से पुनः खोले जांएगे। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 30 अप्रैल को करीब 50 पर्यटन स्थलों और ट्रैकिंग स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## विमान दुर्घटना में सरकार को मुआवजा देना चाहिए : खरगे

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जवाबदेही तय करनी चाहिए। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र को मृतकों के परिजन और घायलों को मुआवजा देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया। भारतीय तथा विदेशी नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए खरगे ने कहा कि शहर के लोग इस भयावह दुर्घटना को कभी नहीं भूलेंगे। खरगे ने कहा, किसी को भी ऐसी घटनाओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए और यह नहीं कहना चाहिए कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं या यह तो आम बात है। मैं कहना चाहूंगा कि किसी को घायलों से मिलकर और फोटो खिंचवाकर श्रेय लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

## संविधान विकासशील दस्तावेज है जो बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- एडिनबर्ग लॉ स्कूल में संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर सीजेआई ने रखे अपने विचार

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय संविधान को एक जीवंत और विकासशील दस्तावेज बताया, जो विभिन्न परिस्थितियों में अपेक्षित परिवर्तनों के अनुरूप ढल जाता है। एडिनबर्ग लॉ स्कूल में शुक्रवार को संविधान एक विकासशील दस्तावेज विषय पर अपने संबोधन में सीजेआई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में बदलते दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान में कई संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान की व्याख्या के कारण कुछ मुद्दे उठे, संसद ने संविधान में संशोधन करके उनका समाधान किया, ताकि नयी पीढ़ी के बदलावों तथा परिस्थितियों में आए परिवर्तन की मांग के अनुरूप बदलाव किए जा सकें। प्रधान न्यायाधीश ने पूर्व में संविधान को एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में वर्णित किया था, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से शोषित तबके का सक्रियता से उत्थान करता है।

## पांच विदेशी विश्वविद्यालय मुंबई में करेंगे परिसर स्थापित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विवि, ब्रिटेन का यॉर्क विवि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विवि और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा, मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी। प्रधान ने कहा, मुंबई एडुसिटी वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा व विश्वास को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक कदम है।

# अस्वीकार करना पाकिस्तान की आदत

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व राजनयिक ने कहा- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को मिला मुंह तोड़ जवाब

पूर्व राजनयिक दिनकर श्रीवास्तव ने कहा है कि पाकिस्तान की युद्ध रणनीति में अपनी संलिप्तता से मना करना शामिल है और इसका उदाहरण 1947 में कश्मीर पर कबायली हमला, 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर, 1999 में कारगिल युद्ध, 2009 में मुंबई हमला और पहलगाम हमला है।

विदेश मंत्रालय में सेवा दे चुके और पाकिस्तान, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में पदस्थ रहे श्रीवास्तव ने कहा कि इन कृत्यों में पाकिस्तान की संलिप्तता बाद में स्थापित हुई। ईरान में भारत के राजदूत रह चुके श्रीवास्तव ने बताया कि पाकिस्तान ने शुरू में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस बात से इनकार किया था कि उसकी सेनाएं (1947 के कबायली हमलों में) शामिल थीं। मई 1948 में पाकिस्तान के विदेश मंत्री सर ज़फ़रुल्ला खान ने भारत और पाकिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के समक्ष स्वीकार किया था कि पाकिस्तानी सेना की दो ब्रिगेड कश्मीर में लड़ रही थीं, जिसका भारत में विलय कर लिया गया था। श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक, पाकिस्तानः विचारधाराएं, रणनीतियां और हित, में विभाजन, द्वि-राष्ट्र सिद्धांत, इसके राजनीतिक नेताओं एवं सेना के बीच खींचतान, इसके कई आंतरिक संघर्षों और देश के अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का उल्लेख किया है।

उन्होंने कहा कि अस्वीकार करना पाकिस्तान की युद्ध रणनीति का हिस्सा है। अगर उन्हें लगता है कि यह सिद्धांत काम कर रहा है तो वे आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकियों और पाकिस्तानी सेना तथा आईएसआई में उनके आकाओं को संदेश दिया है कि इस तरह की हरकत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

## अस्पताल ने किया मृत घोषित अंतिम संस्कार के समय जगा

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के अस्पताल के चिकित्सक द्वारा मृत घोषित व्यक्ति उस समय जाग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु जाग गए। अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

## कारोबार/कृषि

# पीड़ितों को एअर इंडिया देगा 25-25 लाख रुपये

## टाटा संस के घोषित एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे से अलग होगी यह धनराशि

मुंबई, एजेंसी

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी टाटा संस द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने वीडियो संदेश में कहा, तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एयर इंडिया प्रत्येक मृतक के परिवार और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये या लगभग 21,000 ब्रिटिश पाउंड का अंतरिम भुगतान करेगी।

उन्होंने बताया कि यह राशि 'टाटा संस' द्वारा पहले ही घोषित एक-एक करोड़ रुपये या लगभग 85,000 ब्रिटिश पाउंड की मदद के अतिरिक्त दी जाएगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उनका समूह अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को एक-एक करोड़ रुपये की राशि देगा। कैम्पबेल ने कहा कि 200 से अधिक प्रशिक्षित देखभालकर्ता मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार को परामर्श और अन्य सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ समर्पित सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजन को उनके प्रियजन के शव एवं निजी सामान सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एअर इंडिया प्रमुख ने कहा, इस प्रक्रिया में मदद के लिए हमारी टीम परिवारों और अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'एअर इंडिया' प्रमुख ने कहा कि कंपनी डीजीसीए के निर्देशानुसार, बोइंग 787 विमानों की एहतियाती सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, ''हम विनियामक द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी जांच पूरी कर लेंगे। प्राधिकारियों ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि विमान का डेटा रिकॉर्डर बरामद कर लिया गया है, जो आधिकारिक जांच का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि एअर इंडिया इन जांचों में पूरी तरह से सहयोग कर रही है।



### दुर्घटना पीड़ितों के लिए बीमा कंपनियों ने आसान की दावा प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों - एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

बेंगलुरु, एजेंसी



- आठ महीने की गिरावट के बाद मई में नौकरियों की पोस्टिंग में 8.9 प्रतिशत वृद्धि

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गयी है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज़्यादा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ़्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गयी है।

हालांकि हाल ही में सॉफ़्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है।

### किस सेक्टर में कितनी बढ़ी नौकरियां

सबसे ज़्यादा नौकरियाँ चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है।

## 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की सुरक्षा जांच पूरी, उड़ान में देर संभव

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही कंपनी

एयर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने विमानन नियामक डीजीसीए के निर्देशानुसार अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर्स की एक बार सुरक्षा जांच पूरी कर ली है। एयरलाइंस ने साथ ही कहा कि वह ऐसे बाकी 24 विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में घातक दुर्घटना के मद्देनजर, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को विमान बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया था। एयर इंडिया के पास 33 बोइंग 787-8/9 विमान हैं। एयरलाइन ने एक्स पर पोस्ट किया, कुछ जांचों के कारण कुछ लंबी दूरी के मार्गों पर उड़ानों में अधिक समय लग सकता है और देरी हो सकती है। खासकर उन हवाई अड्डों पर, जहां परिचालन पर रोक है। ग्राहकों को किसी भी देरी के बारे में विधिवत बताया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि वह डीजीसीए द्वारा निर्देशित एक बार की सुरक्षा जांच पूरी करने की प्रक्रिया में है। बोइंग 787 बेड़े की जांच की जा रही है, क्योंकि वे परिचालन के लिए मंजूरी उेने से पहले भारत लौट रहे हैं।

## रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा : एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा। रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा। एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है, रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की स्थिति को बनाये रख सकता है।

# सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आमजन केन्द्र में : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा
- मोदी के नेतृत्व में किए सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में आम आदमी को केंद्र में रखते हुये आर्थिक विकास के साथ-साथ जनकल्याण योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सीतारमण ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में आर्थिक क्षेत्रों को लेकर एक्स पर शेयर किए लेख में लिखा है कि नई तकनीकों की वजह से वित्तीय स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। इन हालातों में भारत एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

11 साल में भारत की विकास यात्राः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण से मजबूत अर्थव्यवस्था तक शीर्षक से लिखे गये इस लेख में वित्त मंत्री ने लिखा है कि दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं इस समय गंभीर अनिश्चितता के दौर से गुजर रही हैं। भू-आर्थिक विभाजन बढ़ रहा है, वैश्विक कर्ज ऊंचाई पर है। यह स्थिति वर्ष 2013 से बिलकुल अलग है क्योंकि तब भारत को 'फ्रैजाइल फाइव' देशों की सूची में शामिल किया गया था। उस समय देश को कम आर्थिक विकास, ऊंची महंगाई, भारी चालू खाता घाटा और कमजोर सरकारी वित्तीय स्थिति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उन्होंने लिखा है कि बीते 11 वर्षों में भारत ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाया है।

### 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बना भारत

अब भारत दोहरे घाटे (ट्विन डेफिसिट) वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि 'फाइव बैलेंस शीट एडवांटेज' वाला देश बन गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए नीतिगत सुधारों और दूरदर्शी फैसलों का नतीजा है। वित्त मंत्री ने लिखा है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता आर्थिक विकास को फिर से गति देना था। इसके लिए कई संरचनात्मक सुधार लागू किए गए, जिनमें जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता), रेरा (रियल एस्टेट विनियमन कानून) जैसे कदम शामिल हैं। कोविड महामारी के दौरान उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और आपातकालीन ऋण गारंटी योजना के ज़रिए छोटे उद्योगों को संकट से उबरने में मदद दी गई।

# दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का इंतजार खत्म किया

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती, एडन मारक्रम बने प्लेयर ऑफ द मैच

लंदन, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लार्डस में 27 साल का लंबा इंतजार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया। आखिरी बार द.अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने लगाया पूरा जोर :** ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम पिछली कई बार की तरह एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टालते हुए 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड दिया। दक्षिण अफ्रीका की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने दो घंटे से अधिक के सत्र में सिर्फ तीन चौके लगाये और सुबह माकूल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाजों को सिर्फ तीन विकेट झटकने के मौके दिए। ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिए।

**मारक्रम ने पूरा किया काम :** जोश हेजलवुड की गेंद पर 'प्लेयर ऑफ द मैच' मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। उन्होंने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेने (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।

**मारक्रम और कप्तान बावुमा ने जीत की नीव रखी :** मारक्रम और कप्तान बावुमा ने इससे पहले शुक्रवार को मैच के तीसरे दिन 143 रनों की अटूट साझेदारी कर जीत की नींव रखी थी। यह जोड़ी हालांकि शनिवार को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रह सकी। बावुमा बीते दिन के स्कोर में एक रन जोड़कर दूसरी पारी में कमिंस का पहला शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी ख्याति के उलट अति रक्षात्मक रवैया अपनाया और 43 गेंद में आठ रन बनाकर मिशेल स्टार्क (66 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हुए। इस समय टीम को 41 रनों की जरूरत थी। मारक्रम ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और दूसरे छोर से डेविड बेडिंघम (नाबाद 21) ने स्कोरबोर्ड को चलायमान रखा। टीम को जब जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी तब हेजलवुड की गेंद पर मिडविकेट पर ट्रेविस हेड ने मारक्रम का कैच लपका। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने उनके विकेट का जश्न नहीं मनाया। उन्होंने मारक्रम की पीठ थपथपाई और उन्हें मैच जीतने वाली पारी के लिए बधाई दी।



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा टीम के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | 138 रन |
| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | 207 रन |

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**282/5** (83.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का हेड बो हेजलवुड | 136 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा का कैरी बो कमिंस | 66 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो स्टार्क | 08 |
| डेविड बेडिंघम नाबाद | 21 |
| काइल वेरेने नाबाद | 04 |

गेंदबाजी : स्टार्क 14 .4-1-66-3, हेजलवुड 19-2-58-1, कमिंस 17-0-59-1, लियोन 26-4-66-0, वेबस्टर 5-0-13-0, हेड 2-0-8-0



प्लेयर ऑफ द मैच एडन मारक्रम। ● एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और काइल वेरेन विजयी रन बनाने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: पैट कमिंस

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें शनिवार को लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया। इस परिणाम ने दक्षिण अफ्रीका को उसका पहला डब्ल्यूटीसी खिताब और 27 वर्षों में उसकी पहली आईसीसी पुरुष ट्रॉफी दिलायी।

### कई बार मंजिल पर फिसला है दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले आईसीसी टूर्नामेंटों में कई अहम मौकों पर खिताब के करीब पहुंच कर चूक गया है। टीम को बर्मिंघम 1999, ढाका 2011, ऑकलैंड 2015, कोलकाता 2023 और ब्रिजटाउन 2024 में मिली हार लंबे समय तक निराश करती रही, लेकिन लंदन 2025 दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट में सबसे यादगार दिनों में से एक के रूप में जाना जाएगा। टीम ने जीत की प्रबल दावेदार और आईसीसी के अहम मैचों में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी।

### टेस्ट मैचों में मारक्रम की सर्वश्रेष्ठ पारी: पीटरसन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने एडेन मारक्रम के शतक को टेस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई 'सर्वश्रेष्ठ पारी' करार दिया। पीटरसन ने कहा संभवत: टेस्ट मैच क्रिकेट में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी। अगर आप दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट इतिहास को देखें तो यह शायद सबसे आक्रामक या मनोरंजक पारी नहीं कही जाएगी। लेकिन पहली पारी में विफल होने के बाद के दबाव को ध्यान में रखते हैं, तो यह असाधारण था।

## एक नजर



अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के छठे दिन सेमीफाइनल मैच के दौरान चीन की किनवेन झेंग को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

### मन्नत एमेच्योर गोल्फ में इतिहास रचने के बाद मामूली अंतर से बाहर

**नायरन (स्कॉटलैंड) :** मन्नत बरार ने 122वीं महिला एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इसके बावजूद प्री-क्वार्टर फाइनल में मामूली अंतर से हार गईं। यह इस प्रतियोगिता में किसी भारतीय द्वारा किया गया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मन्नत स्ट्रोक-प्ले प्रतियोगिता में 16वें स्थान पर रहीं और फिर दो मैच जीतकर अंतिम 16 में पहुंच गईं। उन्होंने अंतिम 64 में जर्मनी को उमा बेर्गनेर जबकि अगले मुकाबले में आयरलैंड की रेबेका गर्डनर को शिकस्त दी।

### चोपड़ा की निगाह पेरिस डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने पर

**पेरिस :** लगातार दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहने के बाद स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जब 20 जून को पिछले आठ साल में पहली बार पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे तो उनका लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। इस 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने फ्रांस की राजधानी में आयोजित किए गए ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84 .67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है, लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि चोपड़ा और एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं।



### तलवार ने चेक गणराज्य में कट में प्रवेश किया

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के दूसरे दिन एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुरुआती दौर में 72 का कार्ड खेलने वाले तलवार ने इवन पार 142 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 60वें स्थान पर रहते हुए कट में प्रवेश किया। तलवार ने दूसरे दौर दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाई। तालिका में शीर्ष पर काबिज चार खिलाड़ियों का स्कोर 10 अंडर है। इसमें स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया (65-67), इंग्लैंड के जोशुआ बेरी (68-64), वेल्श के स्टुअर्ट मैनले (66-66) और अमेरिका के पामर जैक्सन (65-67) के नाम शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों का पर्याय बने तेम्बा

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान बनने से पहले की उनकी बल्लेबाजी औसत के लिए उनका मजाक उड़ाया। उन्हें शारीरिक बनावट को लेकर शर्मिंदा किया गया। बावुमा नाम से मिलती-जुलती गाली का सहारा लिया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के नये विश्व टेस्ट चैंपियन कप्तान तेम्बा बावुमा के लिए यह सफलता उनके नाम में छुपा था। उन्हें 'तेम्बा' नाम उनकी दादी ने दिया, जिसका दक्षिण अफ्रीका के जुलु भाषा में अर्थ 'उम्मीद' होता है।

अपने नाम की तरह ही तेम्बा ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी और अपने सबसे चहेते लॉर्ड्स मैदान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिला दिया। मैच के चौथे दिन शनिवार को काइल वेरेने ने जैसे ही विजयी रन बनाए, बावुमा ने अपने चेहरे को अपनी हथेलियों से ढक लिया, जबकि उसके आस-पास के अन्य लोग खुशी से झूम रहे थे। वह शायद अपनी नम आंखों को छिपाना चाहते थे, टीम के साथी केशव महाराज की तरह गला रुंधना नहीं चाहते थे, लेकिन 27 वर्षों में दक्षिण अफ्रीका को उसकी पहली आईसीसी ट्रॉफी दिलाने के बाद उनके चेहरे पर सबसे ज्यादा चमक थी।

वह इस देश को क्रिकेट का वैश्विक खिताब दिलाने वाले पहले अश्वेत कप्तान है। महज 63 इंच कद के इस खिलाड़ी के सामने 10 आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम मैच के अहम तीसरे दिन बेबस दिखी। यह सिर्फ एक क्रिकेट टीम की जीत नहीं है, बल्कि उन सभी अश्वेत दक्षिण अफ्रीकी लोगों की जीत है, जिन्होंने वर्षों तक रंगभेद के दौर को झेला है।

### गदा उठाने के बाद दहाड़े बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने जीत के बाद उन आलोचकों को एक मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा एक टीम के रूप में हमने खुद को फाइनल में पहुंचाया, हमने जो रास्ता अपनाया, उस पर संदेह करने वाले थे, माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है। प्रोटियाज को उनकी काबिलियत पर सवालों का सामना करना पड़ा था।


# बीसीसीआई ने रणजी प्रारूप में किया बदलाव

नयी दिल्ली, एजेंसी

● एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।

बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, ''सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'' इस दस्तावेज की प्रति पीटीआई के पास भी है। लाल गेंद क्रिकेट में प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूर्नामेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।




# प्रणति नायक ने एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने दक्षिण कोरिया के जेचेन में 12वीं सीनियर महिला एशियाई कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस साल मार्च में तुर्की के अंताल्या में एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली इस 30 साल की खिलाड़ी ने शनिवार को 13.466 स्कोर करके पोडियम पर तीसरा स्थान पक्का किया। चीन की यिहान झांग ने 13.650 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की थी क्विन न्हू गुयेन ने 13.583 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।
युवा भारतीय जिमनास्ट प्रोतिस्ता सामंता ने भी इस स्पर्धा में प्रभावित करते हुए 13.016 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। प्रणति ने इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक हासिल करते हुए अनुभवी जिमनास्ट दीपा करमाकर के दो पदकों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इससे पहले 2019 में उलानबटोर में वॉल्ट में और फिर 2022 में दोहा में कांस्य पदक जीता था।

# महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

लंदन, एजेंसी

● तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए किया पूरा प्रयास

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई।

ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शोनेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

**जीत का संघर्ष**



एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी की फेलिसिया विडेरमैन (बाएं) बेल्जियम की पेरिन डी क्लर्क के साथ गेंद के लिए लड़ती हुई। ● एजेंसी

# आखिरी क्षणों में गोल गंवाना फिर भारी पड़ा भारत को

**एफआईएच प्रो लीग**

एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारा, लगातार पांचवीं असफलता मिली टीम को

भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एफआईएच प्रो लीग में मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को यहां अभिषेक के दो गोल की मदद से दो गोल की बढ़त के बावजूद टीम को आखिरी क्षणों में गोल गंवाने के कारण ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गया। भारतीय टीम पहले ही टूर्नामेंट में नीदरलैंड और अर्जेंटीना से दो-दो बार हार चुकी है। इस तरह से यूरोपीय चरण में यह उसकी लगातार पांचवीं हार है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और अभिषेक (आठवें और 35वें मिनट) के दो गोल की मदद से 35वें मिनट तक 2-0 की बढ़त बना ली।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि मध्यांतर के बाद अधिक आक्रामक रवैया अपनाया तथा नाथन एफ्राम्स (42वें मिनट), जोएल रिंटाला (56वें मिनट) और टॉम क्रेग (60वें मिनट) के गोल से जीत सुनिश्चित की। प्रो लीग के यूरोपीय चरण के अपने पहले चार मैचों में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ काफी प्रेरित दिखी और उसने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम कप्तान और शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के बिना उतरी, क्योंकि अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में लगी चोट के कारण उन्हें विश्राम दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू में ही अपने इरादे जतला दिए थे और आठवें मिनट में अभिषेक के गोल से बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने मनप्रीत सिंह से पास पर सर्कल के ऊपर से गोल किया। आस्ट्रेलिया को 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने अच्छा बचाव करते हुए विपक्षी टीम को गोल करने से रोक दिया। अभिषेक जल्द ही अपना दूसरा गोल करने के करीब थे लेकिन उनका बैकहैंड फ्लिक गोल से कुछ इंच दूर रह गया। इसके बाद 19वें मिनट में करकेरा ने जोएल रिंटाला के नजदीकी प्रयास को शानदार तरीके से नाकाम कर दिया। भारत को 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में एक और मौका मिला लेकिन जुगराज सिंह इसका फायदा नहीं उठा पाए। मध्यांतर के बाद भारत ने बढ़त दोगुनी कर दी जब सुखजीत सिंह ने सर्कल के सामने अभिषेक को गेंद थमाई जिन्होंने रिवर्स हिट से विपक्षी गोलकीपर को छकाते हुए दिन का अपना दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन करकेरा ने उसे बेहतरीन तरीके से बचा लिया लेकिन एफ्राम्स ने रिबाउंड से गोल कर दिया। भारत ने 48वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाए। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 10 मिनट में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।



भारत के सुमित (बाएं) ऑस्ट्रेलिया के डेविस एटकिन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। ● एजेंसी

# टीम की जरूरत के अनुसार खेलना सीख लिया : प्रसिद्ध

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी



● भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा इंग्लैंड में जारी रखना चाहते हैं आईपीएल वाली फार्म

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि उन्होंने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी शानदार फॉर्म को इंग्लैंड दौरे पर भी जारी रखना चाहते हैं।

चोट से उबरकर वापसी करने वाले प्रसिद्ध ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की। वह अब इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। भारतीय टीम अभी यहां आपस में ही अभ्यास मैच खेल रही है। प्रसिद्ध ने बीसीसीआई टीवी से कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें। लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों। इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें।

उन्होंने कहा जब आप जानते हैं कि आप स्थिति को भांप सकते हैं, तो आप यह सुनिश्चित करते हैं कि आप विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है।

## तिरंगे से रोशन आसमान



हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को आयोजित 215वें कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड के दौरान भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एयरोबेटिक्स टीम 'सूर्य किरण' ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाए। उनके लाल-सफेद विमानों ने अनुशासन, साहस और गर्व का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन में भारतीय वायु सेना के भावी अधिकारी देश सेवा की शपथ लेते नजर आए। वहीं वायुसेना के सूर्य किरण ने आसमान में ऐसे तीन रंगों को बिखेरा मानो जैसे पूरा आसमान ही तिरंगा मय हो गया हो। एजेंसी

## सच सामने लाने की आधुनिक तकनीक

# नार्को टेस्ट

न्यायिक जांच और अपराध की गुत्थियों को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जाता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है नार्को टेस्ट। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है जिसमें व्यक्ति को अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाकर उससे जानकारी प्राप्त की जाती है। इस टेस्ट में उपयोग की जाने वाली दवा व्यक्ति की सोचने-समझने और झूठ बोलने की क्षमता को सीमित कर देती है, जिससे वह अनजाने में सही तथ्यों को उजागर कर देता है। हालांकि यह प्रक्रिया विवादास्पद भी रही है, क्योंकि इसमें व्यक्ति की निजता और मानवाधिकारों से जुड़े पहलू भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके स्वैच्छिक उपयोग पर जोर दिया है।



### क्या है नार्को टेस्ट

- नार्को एनालिसिस, जिसे नार्को टेस्ट कहा जाता है, एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल जैसी दवा देकर अर्ध-बेहोशी की अवस्था में लाया जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति का मस्तिष्क पूर्णत: सचेत नहीं होता, जिससे वह अपनी इच्छा से झूठ बोलने या जानकारी छिपाने में सक्षम नहीं रहता। इस अवस्था को हाइपोथेटिक ट्रांस भी कहा जाता है, जिसमें व्यक्ति के मन की बातों को आसानी से बाहर लाया जा सकता है।

### कैसे होती है जांच

- इस टेस्ट को प्रशिक्षित चिकित्सकों की निगरानी में किया जाता है।
- सबसे पहले व्यक्ति की जांच होती है कि वह दवा के प्रभाव को सह सके।
- फिर उसे सोडियम पेंटोथल या थायोपेन्टोन सोडियम इंजेक्शन देते है।
- व्यक्ति अर्ध-चेतन अवस्था में जाता है, और जांच एजेंसियां सवाल करती हैं।
- इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग होती है, अदालत में प्रमाण के रूप में रखते है।

### कैसे मिलती है मदद

- अपराध की जांच में नई जानकारी मिलती है।
- आरोपी की सच्चाई और झूठ की पहचान की जा सकती है।
- गुमशुदा लोगों के मामले, आतंकवाद, हत्या और बलात्कार जैसे जटिल मामलों में सहायक होता है।
- अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों (पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग) के साथ मिलकर इसे उपयोग में लाया जाता है।

### कानूनी पहलू और विवाद

- भारत में नार्को टेस्ट को कानूनी रूप से तभी अनुमति है जब संबंधित व्यक्ति की सहमति हो। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य (2010) मामले में यह स्पष्ट किया कि नार्को टेस्ट को जबरन कराना असंवैधानिक है। संविधान का अनुच्छेद 20 (3) व्यक्ति को आत्म-अभियोग से बचाने का अधिकार देता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि व्यक्ति को खुद के खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण

- नार्को टेस्ट जांच एजेंसियों के लिए एक सहायक उपकरण हो सकता है, लेकिन इसकी वैधानिकता, नैतिकता और मानवीय अधिकारों का ध्यान रखते हुए ही इसका उपयोग होना चाहिए। यह वैज्ञानिक उपकरण अपराध की सच्चाई तक पहुंचने में मदद करता है, लेकिन इसे सबूत के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि यह अन्य साक्ष्यों से समर्थित न हो।

# भारत कर सकता है मध्य एशिया का तनाव कम

## इजराइली राजदूत बोले- भारत में इजराइल-ईरान के तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने आशा व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता करने की क्षमता है।

अजार ने कहा, भारत के पास दोनों पक्षों के साथ बातचीत के रास्ते हैं। यह वास्तव में भूमिका (मध्यस्थता में) निभा सकता है। हम भारत के साथ इस ईमानदार बातचीत से खुश हैं जो हमारा बहुत अच्छा मित्र है... हम आपकी चिंताओं को ध्यान से सुनते हैं। मुझे लगता है कि वे (चिंताएं) जायज हैं। इजराइल और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ हमले किए जाने से पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच यह टिप्पणी आई है। नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन करके इजराइल की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।



तेल अवीव पर हुए हमलों को रोकता इजराइली आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली।

राजदूत ने इस कार्रवाई को ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के उद्देश्य से और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरे का जवाब देने के लिए रक्षात्मक उपाय बताया। इस बात पर बल देते हुए कि इजराइल के पास निर्णायक कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं था, अजार ने कहा, दुनिया का कोई भी देश इस तरह के हालत पैदा करना नहीं चाहता है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी अधिकारियों का एक गुप्त समूह इजराइल को तबाह करने के इरादे से परमाणु हथियार तैयार करने का प्रयास कर रहा था और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई बार-बार यह बात कहते रहते हैं। आने वाले वर्षों में बैलिस्टिक मिसाइलों का विशाल शस्त्रागार बनाने की ईरान की योजनाओं की तरफ गौर कराते हुए अजार ने कहा, हमें एक आसन्न खतरे को दूर करना था और उनके परमाणु प्रतिष्ठानों एवं बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी थी।

### इजराइल, ईरान और फलस्तीन में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए भारत ने शनिवार को इजराइल, ईरान और फलस्तीन में रह रहे अपने लोगों को सतर्क रहने और स्थानीय निर्देशानुसार सुरक्षा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन करने की सलाह दी। ईरान पर इजराइल के किए सैन्य हमलों और तेहरान के जवाबी हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। इजराइल में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, परामर्श : मौजूदा स्थिति को देखते हुए इजराइल में रह रहे भारतीय सतर्क रहें और इजराइली प्राधिकारियों एवं होम फ्रंट कमांड के सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। वहीं, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भी एक्स अकाउंट ऐसा ही परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स' पर लिखा, ईरान में भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति, जिन्हें मदद की जरूरत है, वे ईरान में दूतावास के नंबर पर संपर्क करें। वहीं, फलस्तीन के रामल्लाह में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय (आरओआई) ने भी शनिवार को एक परामर्श जारी किया।

### ईरान इजराइल के लिए खतरा

राजदूत ने कहा, ईरान तीन वर्षों में 10,000 और छह वर्षों में 20,000 बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उनके पास विशाल शस्त्रागार है जो इजराइल के लिए खतरा है। वे दक्षिणी मोर्चे से हम पर हमला कर सकते हैं, इसलिए हमारे पास इस परमाणु खतरे पर कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और हम इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए दृढ़ हैं। अजार ने कहा कि इजराइल के जारी अभियानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान यूरेनियम को संवर्धित न कर सके, जो एक ऐसा लक्ष्य है जिसे कूटनीतिक या सैन्य दोनों तरीके से हासिल करने के लिए इजराइल दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 60-दिवसीय वार्ता अवधि का संदर्भ देते हुए कहा कि ईरान द्वारा इसे न मानने पर 61वें दिन इजराइल ने कार्रवाई की। अजार ने आरोप लगाया, ईरान दूसरे देशों को धोखा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे के बेअसर होने तक इजराइल अपना अभियान जारी रखेगा।

### इजराइली हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद

दुबई। ईरान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमलों के मद्देनजर इजराइल का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अगले आदेश तक बंद रहेगा। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने शनिवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने शुक्रवार सुबह ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर हमले किए थे। जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमले किये जाने के बाद, तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया। लेबनान और जॉर्डन समेत क्षेत्र के विभिन्न देशों ने कहा कि वे शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को फिर से खोल रहे हैं।

# ईरान के पास परमाणु समझौता करने का दूसरा अवसर : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी जारी रखने का संकल्प जताए जाने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से आग्रह किया कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के लिए शीघ्र समझौता करे। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में इस नाजुक क्षण को ईरान के नेतृत्व के लिए एक संभावित दूसरे अवसर के रूप में प्रस्तुत किया ताकि और अधिक तबाही से बचा जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के विनाशकारी हमलों के बाद आगे की कठिन राह पर चर्चा करने के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प जताया है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने तक हमले जारी रहेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि इन हमलों में उसकी कोई संलिप्तता नहीं है। ट्रंप ने रेखांकित



किया कि इजराइल ने अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए विशाल हथियार भंडार का उपयोग ईरान के नातांज स्थित मुख्य परमाणु केन्द्र, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाने के लिए किया। ट्रंप ने सोशल मंच 'ट्रुथ' पर कहा कि उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि यह उससे भी कहीं अधिक बुरा होगा, जो वे सोचते हैं, अनुमान लगाते हैं, या उन्हें बताया गया है। अमेरिका सबसे घातक सैन्य उपकरण बनाता है, और इनमें से कुछ इजराइल के पास है और वे जानते हैं कि इसका उपयोग कैसे करना है।

### पुतिन-ट्रंप ने की पश्चिम एशिया और यूक्रेन पर चर्चा

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और यूक्रेन शांति वार्ता पर चर्चा के लिए शनिवार को 50 मिनट तक फोन पर बातचीत की। पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने शनिवार को बताया कि पुतिन ने ट्रंप को ईरान और इजराइल के साथ अपनी बातचीत की जानकारी दी और ईरानी परमाणु मुद्दे पर परस्पर स्वीकार्य समाधान तलाशने के रूस के प्रस्ताव को दोहराया। पुतिन और ट्रंप के बीच बातचीत के बाद उशाकोव ने कहा, स्वाभाविक रूप से, विचारों के आदान-प्रदान के केंद्र में पश्चिम एशिया में तनाव का खतरनाक रूप से बढ़ना रहा।

LEADING SOLAR ROOF TOP COMPANY OF UTTAR PRADESH
सोलर लगवायें
Smart SolarTech Pvt. Ltd.
Breathe In A Carbon Free World
बिजली के बिल में 90 प्रतिशत तक की बचत करें सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठायें
Grid Connected Roof Top Solar Systems MNRE Channel Partner
Finance available for everyone for minimum rate of interest for All
UPNEDA Registered
90% ENERGY SAVINGS
7500+ SITES HANDOVER
ABOVE 10 YRS. EXPERIENCE
TATA POWER SOLAR
V-GUARD The name you can trust
AMAZE
adani SOLAR
ISO MNRE UPNEDA UPPCL MSME
DISCOVER OUR SOLAR EXPERT SOLUTIONS:
Solar Roof Top Installation | Commercial Solar Roof Top
Solar Water Heater | Solar Water Pump | Solar Stereet Light.
बहुत ही मिनिमम रेट ऑफ इंटरस्ट पर सभी सरकारी व गैर सरकारी नेशनलाइजड बैंक से लोन सुविधा उपलब्ध है।
Our Moto is to serve you with the best price and best service....
सोलर पैनल से घर, अस्पताल, स्कूल और ऑफिस में बिजली की बचत करें।
अब समय है स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा अपनाने का।
अपने बिजली के बिल को करे कम और सेविंग को करे ज़्यादा!
25 साल की वारंटी
उच्च गुणवत्ता वाले सोलर पैनल
फ्री कंसल्टेशन
तेज इंस्टालेशन और भरोसेमंद सर्विस
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर आवेदन फॉर्म भरें या नीचे दिए गए नंबर पर कॉल करें।
https://smartsolartech.in/ sss.it.lucknow@gmail.com
7905715056, 9555237122, 8850062105, 9151382224, 9151382225, 9336634349, 9125959605
Smart SolarTech Pvt. Ltd.
548-V/432, VIKRAM NAGAR, MANAK NAGAR, NEAR GALAXY LAWN, LUCKNOW
HEAD OFF. : LUCKNOW, BRANCH OFF : NOIDA, BAREILLY, KANPUR, AYODHYA

# भारत का गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए इजराइली सेना ने मांगी माफी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से के रूप में दर्शाने वाला गलत नक्शा पोस्ट करने के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संबंधित मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा। इजराइली सेना की ओर से मानचित्र पोस्ट किए जाने के बाद भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई थी।

यह नक्शा इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट किया था, जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज दिखाई गई थी। इस पोस्ट की भारत में सोशल



मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की थी। इस संबंध में उपयोगकर्ता ने एक्स पर टिप्पणी की, अब आपको समझ में आ गया होगा कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं होता। आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र सीमाओं को चित्रित करने में विफल रहा है। आईडीएफ ने कहा, यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। इस छवि के कारण पहुंची किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इसने पोस्ट में ईरान के खिलाफ ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू करने को उचित ठहराया था और साथ ही गलत मानचित्र पेश किया था। आईडीएफ ने लिखा, ईरान वैश्विक खतरा है। इजराइल अंतिम लक्ष्य नहीं है, यह तो शुरुआत है। हमारे पास कार्रवाई के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। इजराइली वायुसेना ने भी छोटा वीडियो पोस्ट किया जिसमें ईरानी मिसाइलों की रेंज को दर्शाते हुए ऐसा ही नक्शा दिखाया गया।

## मणिपुर : 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद बरामद

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के 5 जिलों से 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात खुफिया सूचना पर समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और सेना की संयुक्त टीमों ने हथियार बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि जब्त वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, 5 कार्बाइन, 2 एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की 6 राइफल, 2 अमोघ राइफल, 1 मोर्टार, 6 पिस्तौल, 1 एआर-15 और 2 फ्लेयर बंदूक शामिल हैं।

**पराक्रम की गाथा** वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने किया संबोधित

# ऑपरेशन सिंदूर ने वायुसेना की क्षमता को किया प्रदर्शित

## बोले- पहलगाम हमले के बाद वायुसेना ने अद्वितीय पराक्रम का उदाहरण किया पेश

हैदराबाद, एजेंसी

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का शानदार उदाहरण है। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस अभियान ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया।

यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित किया है। उन्होंने युवा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे सेवा में आगे बढ़ने



के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाएं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है जिसमें हमने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। आप वायुसेना का भविष्य हैं तथा आपको यह समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहला कदम उठाने वाली रही है और रहेगी।

उन्होंने कहा, भारत के प्रत्येक नागरिक द्वारा भारतीय वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि युद्धक्षेत्र दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है तथा युवा अधिकारियों को भविष्य के संघर्षों में सफल होने के लिए लगातार प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना तेजी से एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है।

### स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रदान किया प्रेसिडेंट्स कमीशन

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित, नवोन्मेषी और जुनूनी होना होगा। सिंह ने इन अधिकारियों को स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक चुस्ती-फुर्ती तथा व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में फ्लाइट कैडेट्स के सेवा में शामिल होने से पहले के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान वायुसेना प्रमुख ने स्नातक प्रशिक्षुओं को प्रेसिडेंट्स कमीशन प्रदान किया। समारोह में वायुसेना के फ्लाइट कैडेटों, भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों और वियतनाम के एक अधिकारी को प्रशिक्षण के सफल समापन पर विंग्स प्रदान किए गए।